You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-45 ❒ रविवार, 15 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



साल 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर राज्य को दो साल के भीतर नशा मुक्त कर दिया जाएगा। सरकार के पहले दो महीनों में ही धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाया जाएगा। अमित शाह

विकसित भारत के निर्माण में छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राधाकृष्णन 11

लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देता है फूलदेई : धामी 12

## संक्षेप

### यूपी के नौ शिक्षाधिकारियों को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली इनोवेशन व बेस्ट प्रैक्टिसेज लागू करने वाले शिक्षाधिकारियों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करेगा। यूपी के चार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) व पांच खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। पुरस्कार के लिए सोनभद्र के बीएसए मुकुल आनंद पांडेय, सीतापुर के बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, कौशांबी के बीएसए डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा, कन्नौज के बीएसए संदीप कुमार, गौतमबुद्ध नगर के बीईओ मोहम्मद राशिद, रामपुर की बीईओ बबिता सिंह, हरदोई के बीईओ डा. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, प्रयागराज के बीईओ क्षमा शंकर पांडेय और वाराणसी के बीईओ संजय कुमार यादव शामिल हैं। चयनित किए गए इन शिक्षाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों व ब्लॉक स्तर पर नव प्रयोग व सर्वश्रेष्ठ कार्यों के साथ सुशासन को लागू करने में प्राथमिकता दी, जो दूसरों के लिए भी नजीर बनकर सामने आया है। ऐसे में इन शिक्षाधिकारियों को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एनओसी व विजर्लेंस मंजूरी दे दी गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव वेद प्रकाश राय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### 25 मार्च को प्रदेश भर के विद्यालयों में मनाया जाएगा नव आरंभ उत्सव

**लखनऊ।** सरकारी प्राथमिक विद्यालयों व को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर 25 मार्च को नव आरंभ उत्सव मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य तीन वर्ष से लेकर छह वर्ष तक की आयु के बच्चों का बाल वाटिका में प्रवेश कराना है। अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है। अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा कि वह अपने बचों को प्री-प्राइमरी कक्षा में प्रवेश दिलाएं, जिससे उनकी नींव मजबूत हो सके। आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक स्कूलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

### रिश्वत लेते वरिष्ठ सहायक का वीडियो वायरल, निलंबित

**लखनऊ।** बस्ती जिले के विक्रमजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वरिष्ठ सहायक प्रदीप श्रीवास्तव का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। रिटायर महिला कर्मचारी से एरियर भुगतान के बदले 45 हजार रुपये घूस लेने का आरोप सामने आया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले का संज्ञान लिया और तत्काल जांच के आदेश दिए। डिप्टी सीएम के आदेश पर आरोपी बाबू को निदेशक प्रशासन अलका वर्मा ने निलंबित कर दिया है। विक्रमजोत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तहत एएनएम सुनीता कार्यरत थीं। रिटायरमेंट के बाद उनके देय के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है।

# अभिषेक प्रकाश किए गए बहाल

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। वर्ष 2006 बैच के निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। उन्हें रविवार से सेवा में माना जाएगा, लेकिन उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जांच चलती रहेगी। भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित करते हुए राजस्व परिषद से संबद्ध किया गया था। अभिषेक सचिव स्तर के अधिकारी हैं। अभिषेक प्रकाश बहाली के बाद अब नियुक्ति विभाग में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। इसके बाद उन्हें तैनाती मिलेगी। विशेष सचिव नियुक्ति विजय कुमार की ओर से शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। इसके मुताबिक विश्वजीत दत्ता फिरोजपुर पंजाब के शिकायती पत्र के आधार पर कार्रवाई



❒ आज से उन्हें सेवा में माना जाएगा, अभिषेक सचिव स्तर के हैं अफसर

करते हुए 20 मार्च 2025 को अभिषेक को निलंबित करते हुए राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया था।

उस समय वह सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी इंवेस्ट यूपी थे। अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 के आधार पर अभिषेक प्रकाश को निलंबित किया गया था। निलंबन अवधि अधिकतम 360 दिन की हो सकती है। इसीलिए नियुक्ति विभाग को 20 मार्च से पहले अभिषेक प्रकाश के मामले में फैसला लेना था। निकांत जैन के खिलाफ मामला रद्द होने की वजह से अभिषेक प्रकाश को भी निलंबन वापस लेने का फैसला किया गया है। विश्वजीत दत्त ने अपनी शिकायत में कहा था कि उनका ग्रुप यूपी में सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र लगाना चाहता था और उनसे इसके एवज में बिचौलिये निकांत जैन से मिलने को कहा गया ● शेष पेज 11 पर

# पहले दिन 33 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी दरोगा भर्ती परीक्षा

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उप निरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए हुई लिखित परीक्षा में पहले दिन शनिवार को 33 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच सभी जिलों में दोनों पालियों परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। पहले दिन की परीक्षा के लिए लगभग 1.36 लाख अभ्यर्थियों ने अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड नहीं किए। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने विभिन्न चैनलों के जरिए भ्रामक सूचनाएं प्रसारित कर धन उगाही व ठगी का प्रयास करने वालों के विरुद्ध लखनऊ की हुसैनगंज कोतवाली में अब तक सात मुकदमे दर्ज





कराए हैं। दरोगा भर्ती परीक्षा सभी जिलों में कुल 1090 परीक्षा केंद्रों में हुई।

शनिवार सुबह 10 से 12 बजे के मध्य पहली पाली की परीक्षा में कुल 2,63,838 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर तीन से पांच बजे के मध्य हुई दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 2,67,927 अभ्यर्थी शामिल हुए। पहले दिन कुल 5,31765 अभ्यथियों ने परीक्षा दी। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार पहले दिन कुल 787880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इनमें एक लाख 26 हजार अभ्यर्थी अनुस्थित रहे और लगभग एक लाख 30 हजार से अपने प्रवेशपत्र ही डाउनलोड नहीं किए थे। कुल 67 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। लखनऊ की हुसैनगंज कोतवाली में भर्ती बोर्ड की ओर से अब तक सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स, टेलीग्राम, व्हाट्सएप व यू-ट्यूब पर भ्रामक सूचना फैलाकर धन उगाही व ठगी करने वालों तथा माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सात मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। इनमें टेलीग्राम पर यूपी एसआई यूपी पुलिस, ● शेष पेज 11 पर

# 92 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं दो भारतीय टैंकर

## सरकार की अपील- घबराहट में सिलेंडर बुकिंग न करें, वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति शुरू

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। बार-बार की अपीलों के बावजूद रसोई गैस सिलेंडर की निरंतर बढती बुकिंग के बीच सरकार ने शनिवार को एक बार फिर उपभोक्ताओं से घबराहट में बुकिंग नहीं करने की अपील की और कहा कि देश में एलपीजी की कमी नहीं है तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के दो एलपीजी टैंकरों के करीब 93 हजार टन गैस के साथ सुबह देश के लिए रवाना होने से एलपीजी की आपूर्ति में और सुधार आयेगा।

इसके अलावा 29 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यक उपभोक्ताओं को भी एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। साथ ही उन्हें उनके इलाकों में उपलब्ध पाइप वाली प्राकृति गैस कनेक्शन अपनाने का सुझाव भी दिया जा रहा है। एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए भी निरंतर छापेमारी कर रही है और देश भर में 20 प्राथमिकी दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में



लिया गया है। देश में एलपीजी का उत्पादन 28 से बढकर 31 प्रतिशत हो गया है।

यह भी कहा गया है कि देश में खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय के स्वदेश लौटने का सिलसिला जारी है और विभिन्न उड़ानों के माध्यम से अब तक एक लाख 72 हजार भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज अभी भी हैं और इन पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इनमें से 253 नाविकों को सफलतापूर्वक स्वदेश लाया गया है। पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ यहां नियमित ब्रीफिंग में बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति है और पेट्रोल तथा डीजल की कहीं भी कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी आपूर्ति अभी भी चिंता का विषय है लेकिन अभी तक कहीं से भी एलपीजी की कमी या उसके खत्म होने की रिपोर्ट नहीं है। गैस सिलेंडर की निरंतर बढ रही पैनिक बुकिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभी भी बहुत ज्यादा हो रही है। उन्होंने कहा ,'' कल जो नंबर हमने आपको लगभग 75 या 76 लाख बुकिंग बताया था वह 88 लाख पहुंच गया है। देशवासियों से अपील है कि पैनिकिक बुकिंग से बचें। जितनी जब आवश्यकता हो तब बुकिंग करें। '' उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही सिलेंडर की बुकिंग करें और सीधे वितरकों के ● शेष पेज 11 पर

### उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरुरत नहीं : सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि देश के पास खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि उर्वरकों के स्टॉक के मामले में पिछले साल से बेहतर स्थिति है। यूरिया और एनपीके का भंडारण पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक है। विशेष रूप से डीएपी का स्टॉक पिछले साल के मुकाबले दोगुना है। उन्होंने कहा कि यूरिया का वर्तमान घरेलू उत्पादन सामान्य खपत से ज्यादा रहने वाला है, क्योंकि रबी का सीजन खत्म हो रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने स्थिति को भांपते हुए वैश्विक निविदा बहुत पहले ही जारी कर दी थी, जिसका अच्छा रिस्पांस मिला है। मार्च के अंत तक बड़ी मात्रा में खेप भारत पहुँच जाएगी। इसके अलावा भी सभी अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भारत को बिना किसी बाधा के आपूर्ति जारी रखने का भरोसा दिया है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया है कि अगले कई महीनों के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा पूरी तरह सुरक्षित है। श्री जायसवाल ने लोगों को सलाह देते हुए कहा कि अफवाहों से बचें और तथ्यों को देखें और बिना किसी ठोस जानकारी के घबराहट न फैलाएं।

### आईआरएएसएस-1एफ नेविगेशन उपग्रह ने पूरा किया 10 वर्षों का मिशन : इसरो

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष सगठन (इसरो) ने कहा है कि मार्च 2016 में लॉन्च किए गए आईआरएएसएस-1एफ उपग्रह ने अपनी 10 साल की तय मिशन अवधि पूरी कर ली है। इसरो ने शनिवार को बताया कि इस अंतरिक्ष यान ने 10 मार्च 2026 को अपनी दस साल की मिशन अवधि पूरी कर ली। इसरो के मुताबिक शुक्रवार (13 मार्च 2026) को, इसमें लगी ऑन-बोर्ड एटॉमिक घड़ी ने काम करना बंद कर दिया। हालांकि, यह सैटेलाइट कक्षा में रहते हुए समाज के लिए उपयोगी विभिन्न कार्यों, जैसे एकतरफा ब्रॉडकास्ट मैसेजिंग सेवाएं देने का काम जारी रखेगा। गौरतलब है कि इसरो के भरोसेमंद और मुख्य लॉन्च व्हीकल पीएलएसवी-सी 32 ने 11 मार्च 2016 को अपनी 34वीं उड़ान में आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) के छठे उपग्रह का प्रक्षेपण किया था, जिसका वजह 1,425 किलोग्राम था। यह पीएसएलवी का लगातार 33वां सफल मिशन था और इसकी 'एक्सएल' विन्यास में बारहवां मिशन था।

# 'निर्मम सरकार का काउंटडाउन शुरू'

## कोलकाता में टीएमसी पर जमकर बरसे मोदी

**एजेंसी**

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन तय है। उन्होंने ममता बनर्जी की सरकार को निर्मम सरकार करार देते हुए दावा किया कि पूरे राज्य में बदलाव की चाहत साफ दिखाई दे रही है और राजनीतिक बदलाव बस कुछ ही समय की बात है।

श्री मोदी ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित लोगों का मिजाज इस बात को दर्शाता है कि वे अब



भाजपा को सत्ता में देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''बदलाव का संदेश पश्चिम बंगाल के लोगों की दीवारों पर और उनके दिलों में पहले ● शेष पेज 11 पर

### हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है: मोदी

सिलचर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के अपने दौरे के दूसरे दिन भी कांग्रेस पर तीखे आक्रमण करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस समय जहां देश की जनता को दुनिया में हो रहे भयावह युद्धों के दुष्प्रभावों से बचाने में लगी है लेकिन मुख्य विपक्षी दल ने चुनावी हार की हताशा में देश के खिलाफ ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने दक्षिणी असम की बराक घाटी के प्रवेश द्वारा कहे जाने वाले सिलचर में भाजपा की एक जन सभा को ● शेष पेज 11 पर

### सोनम वांगचुक की रासुका हिरासत रद्द

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि यह निर्णय लद्दाख में शांति, स्थिरता और रचनात्मक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लिया गया है। गृह मंत्रालय के बयान के अनुसार, सरकार लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं और चिंताओं को दूर करने के लिए विभिन्न हितधारकों और सामुदायिक नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को 'उच्च अधिकार प्राप्त समिति' और अन्य उचित मंचों ● शेष पेज 11 पर

# बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला

❒ युद्धपोत डेना पर अमेरिकी हमले का जवाब जरूर देंगे : ईरान सेना प्रमुख

**एजेंसी**

तेहरान/बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद में स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर के पास ड्रोन हमले की घटना सामने आई है। मीडिया में प्रसारित एक वीडियो में दूतावास परिसर के आसपास स्थित एक इमारत से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दे रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हमला सीधे अमेरिकी दूतावास परिसर पर हुआ है या आसपास के किसी अन्य इमारत पर हुआ। इस मामले में प्रतिक्रिया के लिए अमेरिकी विदेश विभाग से संपर्क किया गया है। स्थानीय ईरान समर्थक सूत्रों ने दावा किया है कि इस हमले में एक आत्मघाती ड्रोन का उपयोग किया गया और वायु रक्षा रडार प्रणाली को नुकसान पहुंचाया गया है। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी विदेश विभाग ने सुरक्षा चिंताओं के कारण इराक सहित कुछ देशों से गैर-आवश्यक कर्मियों और उनके परिवारों को स्वदेश वापस बुलाने का निर्देश दिया था। विदेश विभाग ने कल ओमान से भी गैर-आवश्यक अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वदेश लौटने का आदेश दिया था। ईरानी और स्थानीय मीडिया में प्रसारित वीडियो में बगदाद के ग्रीन जोन में स्थित राजनयिक परिसर के आसपास धुआं उठता दिखाई दे रहा है, जिसके बाद अमेरिकी दूतावास को ड्रोन हमले का संभावित निशाना बनाए जाने की आशंका जताई जा रही है। ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ़ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महासागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा, ''डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। श्री हातामी ने कहा, ''डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मज़बूत करेगी।'

### अमेरिकी सेना ने खार्ग द्वीप पर ईरान के सैन्य ठिकानों पर की बमबारी : ट्रम्प



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों पर बमबारी की है। यह द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में जाना जाता है और देश के अधिकांश कच्चे तेल के निर्यात का संचालन यहीं से होता है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि उन्होंने खार्ग द्वीप के तेल रिफाइनरियों को निशाना न बनाने का निर्णय लिया है, हालांकि यदि ईरान या कोई अन्य पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित और मुक्त आवागमन में बाधा डालने की कोशिश करता है तो वह अपना फैसला बदल सकते हैं। विशेषज्ञों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि खार्ग द्वीप पर कब्जा करने की किसी भी कोशिश के लिए बड़ी संख्या में जमीनी सैनिकों की आवश्यकता होगी।

## सीएम ने कहा, जिन लोगों ने जनता का विश्वास खो दिया, वे भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर जता रहे अविश्वास

# अफवाहों के जरिए अराजकता फैला रहे कुछ लोग : मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

कैथल/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी है, जिन्होंने जनता का विश्वास खो दिया, वे मुकाबला नहीं कर पाने की स्थिति में अफवाह-अराजकता के जरिए अव्यवस्था फैला रहे हैं। ऐसे में हमें मिलकर कार्य करना है और अव्यवस्था व अराजकता को नहीं फैलने देना है। हमें 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से कार्य करना है, क्योंकि देश सुरक्षित तो सनातन सुरक्षित और सुनातन सुरक्षित तो देश सुरक्षित होगा। दोनों को अलग करके नहीं रखा जा सकता। मुख्यमंत्री ने दुनिया के वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध चल रहा है। इससे दुनिया में आर्थिक अराजकता होगी, लेकिन भारत किसानों के





पुरुषार्थ और देश के यशस्वी नेतृत्व के मार्गदर्शन में सीना तानकर विकास की यात्रा को बढ़ा रहा है। 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं और कह रहे हैं कि देश के नेतृत्व का जो भी आदेश होगा, हम सब उसका पालन करेंगे। दुनिया जब अराजकता-अव्यवस्था से त्रस्त है, तब भारत मजबूती के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को बाबा मुकुट नाथ मठ, सौंगल गांव में ब्रह्मलीन श्री महंत पीर गणेश नाथ जी का आठमान भंडारा, देशमेल व शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पूजन-अर्चन किया और ब्रह्मलीन संतों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने सफल आयोजन के लिए सौंगल के पीर शेरनाथ जी महाराज को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शेरनाथ जी को पीर की पदवी दी गई। सीएम योगी ने कहा कि हमारा दायित्व है कि जो लोग देशहित में कार्य कर रहे हैं, उन्हें समर्थन-सहयोग करें और जो लोग देशविरोधी-धर्मविरोधी आचरण कर रहे हैं, उन्हें नकारना, दुत्कारना और बाहर का रास्ता दिखाना है। भारत का हर सनातन धर्मावलंबी चाहता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, क्योंकि राम सनातन के प्रतीक और भारत के आधार स्तंभ हैं। 500 वर्ष पहले विदेशी आक्रांता ने रामजन्मभूमि पर मंदिर को अपवित्र करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया था। दिन-वर्ष बीतते गए, हिंदू संघर्ष करता गया, लेकिन कोई बात सुनने वाला नहीं था। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने की पहल को नई ऊंचाइयां प्राप्त हुई। आज अयोध्या में दुनिया का सबसे भव्यतम मंदिर बनकर तैयार हो गया। आजादी के बाद अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी ने आस्था के बारे में नहीं सोचा, क्योंकि उन्हें वोटबैंक और तुष्टिकरण से फुर्सत नहीं थीं। केंद्र व प्रदेश में एक जैसी सरकार बनी तो राम मंदिर का निर्माण ● शेष पेज 11 पर

### योगी बोले

❒ ब्रह्मलीन श्री महंत पीर गणेश नाथ जी का आठमान भंडारा, देशमेल व शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❒ पहले की सरकारों को वोटबैंक व तुष्टिकरण से नहीं थी फुर्सतः मुख्यमंत्री

❒ सीएम ने कहा, संतों के सानिध्य में हमेशा ऊंची रहेगी सनातन की ध्वज पताका

# एके शर्मा ने दो करोड़ रूपये के विभिन्न विकास योजनाओं का किया लोकार्पण

❒ इन परियोजनाओं से शहर की आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने मिर्ज़ापुर के अष्टभुजा गेस्ट हाउस परिसर में लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया।

इन योजनाओं में पटेल चौराहा का सौंदर्यीकरण, विंध्याचल बरतर में जोनल ऑफिस का निर्माण, ओझला पुल का सुंदरीकरण तथा अहिल्याबाई होल्कर पार्क के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहर की आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ल्लविरासत के साथ विकासङ्क और आस्था के साथ व्यवस्था की सोच को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा और स्वच्छता, संस्कृति और समृद्धि को साथ लेकर ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। इसी दृष्टि से धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का आधुनिक सुविधाओं के साथ विकास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था और सुविधाएं मिल सकें। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उन्होंने वेटिकन सिटी और रोम जैसे विश्व प्रसिद्ध धार्मिक शहरों को भी देखा है। अपने अनुभव के आधार पर वे कह सकते हैं कि विंध्याचल धाम का विकास जिस प्रकार से हो रहा है, वह इन स्थानों से भी बेहतर और भव्य रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वाराणसी अयोध्या और विंध्याचल में कॉरिडोर और आधारभूत ढांचे का जो विकास हुआ है, वह अद्‌भुत है और अपना विंध्याचल धाम किसी से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि चौबे घाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है और घंटाघर क्षेत्र में पक्के घाटों का निर्माण भी कराया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मड़िहान तहसील में 765 केवीए का विद्युत उपकेंद्र स्वीकृत हो गया है, जो उत्तर प्रदेश का चौथा 765 केवीए उपकेंद्र होगा। इसके अलावा विंध्याचल विद्युत उपकेंद्र में एक अतिरिक्त 5 एमवीए ट्रांसफार्मर लगाकर क्षमता वृद्धि की गई है तथा 30 वितरण ट्रांसफार्मरों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक रत्नाकर मिश्र, विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन माली, जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, नगर पालिका परिषद मिर्ज़ापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

❒ निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जनपद में बनाए गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज एवं जेपी मेहता इंटर कॉलेज परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु प्रत्येक परीक्षार्थी की सघन जांच के उपरांत ही प्रवेश सुनिश्चित करने, मुख्य प्रवेश द्वारों पर चेकिंग व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश दिए गए। साथ ही केन्द्र व्यवस्थापकों से वार्ता कर पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या व्यवधान की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन प्रमोद कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट नितिन तनेजा, थाना प्रभारी कैण्ट सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

## एसआई भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम ने किया औचक निरीक्षण, कंट्रोल रूम व केंद्रों की जांच

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक, नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य के साथ पुलिस लाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने ईश्वर शरण इंटर कॉलेज सलोरी, जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को भर्ती बोर्ड के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री को निर्धारित रूट से पुलिस अभिरक्षा में डबल लॉक में सुरक्षित जमा कराया जाए। यह परीक्षा 14 और 15 मार्च को दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। जनपद के 43 परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में कुल 53,760 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और निगरानी की कड़ी व्यवस्था की गई है।

## दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक 16 मार्च को प्रयागराज में

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की महत्वपूर्ण बैठक 16 मार्च को प्रयागराज में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल करेंगे। यह बैठक दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस में आयोजित होगी, जिसमें प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही संबंधित विभागों से विस्तृत रिपोर्ट लेकर भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा होगी। समिति द्वारा विभिन्न जिलों में बाढ़, आंधी, बारिश और अन्य आपदाओं से निपटने की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निस्तारण, 2.28 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय प्रयागराज और समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जज एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न न्यायिक अधिकारियों और विभागीय प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में कुल 2,28,442 मामलों का समाधान किया गया। इसमें 12,149 फौजदारी, 1,08,707 राजस्व, हजारों चालानी व बैंक प्री-लिटिगेशन मामलों सहित अन्य वाद शामिल रहे। परिवार न्यायालय में 79 मामलों का आपसी सुलह-समझौते से निस्तारण किया गया। वहीं आठ दंपत्तियों को समझौते के बाद एक साथ रहने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न अदालतों और विभागों के समन्वय से लोक अदालत का सफल आयोजन हुआ।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया राष्ट्रीय सरस मेले का उद्घाटन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परेड मैदान में आयोजित 10 दिवसीय राष्ट्रीय सरस मेले का उद्घाटन शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सांसद रवि किशन, सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वी.के. सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मेले में नौ राज्यों और उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से आए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने उत्पादों के 160 स्टॉल लगाए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि सरकार महिलाओं को उद्योग स्थापित करने और सोलर पैनल लगाने के लिए बड़ी मात्रा में अनुदान उपलब्ध करा रही है। मेले में सुगम संगीत, भजन और काव्य प्रस्तुति जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। दस दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न राज्यों की कला, हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों की झलक देखने को मिलेगी।

## डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर सुनी लोगों की शिकायतें

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कोतवाली सदर पहुँचकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। थाना दिवस के दौरान विभिन्न प्रकरणों में भूमि विवाद, पारिवारिक, राजस्व संबंधी शिकायते व सड़क एवं सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है, इसलिए अधिकारी मौके पर उपस्थित होकर शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। थाना दिवस में पुलिस/राजस्व विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने 14 एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित की जा रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्तीऽ2025 लिखित परीक्षा को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु आचार्य द्विवेदी इण्टर कॉलेज, वैदिक इण्टर कॉलेज, फिरोजगांधी डिग्री कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप निरीक्षक ना0पु0 एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा जनपद के 12 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 14 तथा 15 मार्च, 2026 (पूर्वान्ह 10 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं अपरान्ह 3 से सायं 5 बजे तक) को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में सम्पन्न होनी है। परीक्षा में प्रत्येक पाली में 3600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। जनपद के प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो रही है। परीक्षार्थियों के आवागमन के दृष्टिगत सभी व्यापक प्रबन्ध किए गये है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है तथा अधिकारी भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी कर रहे हैं। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्राथमिक विद्यालय नैडी लापर में अवस्थाओं का बोलबाला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नैडी लापर में बहुत सी समस्याएं हैं । शनिवार को सिर्फ 10 छात्र उपस्थित थे, जबकि नामांकन संख्या ज्यादा है। स्कूल में दो रसोइया, एक इंचार्ज, और दो शिक्षा मित्र हैं, लेकिन व्यवस्था खराब है। शौचालय में ताला जड़ा है, पानी टंकी नहीं लगा है बाउंड्रीवाल का निर्माण चल रहा है, और हैंडपंप चलाने में छात्रों को परेशानी होती है। मिड डे मिल का खाना भी ठीक से नहीं दिया जाता।शिक्षा मित्र साधु राम ने बताया कि उनकी ड्यूटी द्दक्ष्ट में लगी है, जबकि सुमित्रा सिंह शिक्षामित्र घर गई हैं। इंचार्ज अनुराधा यादव छुट्टी पर हैं। वहीं, पास के प्राथमिक विद्यालय टिकर में हैंडपंप खराब है और मल्टीपल हैंड वाशिंग में पानी नहीं आता।खंड शिक्षाधिकारी रिजवान अहमद ने कहा कि उन्हें इस मामले में नोटिस जारी कर जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है।

# पहले दिन सख्त पहरे में हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, परीक्षा केंद्रों पर कड़े इंतजाम

❒ डीएम-एसपी ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा, प्रथम सत्र में 3002, द्वितीय सत्र में 3152 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा खीरी जिले के 16 केंद्रों पर संचालित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 परीक्षा शनिवार को अभ्यर्थियों ने कड़ी सुरक्षा निगरानी में दोनों पाली की परीक्षा दी।

इस दौरान दोनों पालियों में बुलाए गए 9600 में से 6154 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए जबकि 3446 ने गैर हाजिर रहकर परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को सकुशल बनाने के लिए डीएम, एसपी समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट सतत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। वही स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (जीजीआईसी, आर्यकन्या महाविद्यालय, आर्यकन्या इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।बताते चले कि जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली के लिए पंजीकृत परीक्षार्थी 4800 के सापेक्ष पहली पाली में 3002 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1798 अनुपस्थित रहे। इसी तरह से दूसरी पाली में 3152 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तो 1648 ने परीक्षा से किनारा कर लिया। 15 मार्च को भी 16 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी।

# माधव बक्स सिंह स्मारक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी से की शिष्टाचार की भेंट

❒ समिति की ओर से मुख्यमंत्री को उनकी सफल जापान एवं सिंगापुर यात्रा के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं ज्ञापित की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति, रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने आज दिनांक 13 मार्च को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास 5 कालीदास मार्ग पर शिष्टाचार भेंट की। समिति की ओर से मुख्यमंत्री जी को उनकी सफल जापान एवं सिंगापुर यात्रा के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं ज्ञापित की गईं।भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनपद रायबरेली के विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं और प्रस्तावों से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। इसमें विशेष रूप से जनपद में भव्य प्रवेश द्वार के निर्माण तथा हैदरगढ़ स्थित शुगर मिल के बंद होने से किसानों को हो रही गन्ना उठान की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया।राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका ल्लअवध केसरीङ्क का मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा विधिवत विमोचन भी कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में जनपद रायबरेली के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने पत्रिका अवध केसरी के दसवें अंक के प्रकाशन की शुभकामनाएं दी और प्रसन्नता जताई कि समिति बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। पत्रिका के दसवें अंक में अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह द्वारा हम सबको अंग्रेज आक्रांताओं से मुक्ति दिलाने के लिए किए गए संघर्ष के बारे में लेखकों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई है। इसके साथ ही 1857 में साहित्यकारों ने भी देश की आजादी में अपनी कलम के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसका भी विवरण इस अंक में विस्तार से दिया गया है। समिति का उद्देश्य है कि अवध केसरी पत्रिका के माध्यम से जन-जन तक 1857 क्रांति में अमर शहीद हुए योद्धाओं के बारे में जानकारी पहुंचाना, उस समय किन परिस्थितियों में देश की रक्षा के लिए संघर्ष किया गया था, उसके बारे में लोगों को बताना और युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करना है। समिति का प्रयास निरंतर अमर शहीद के परिजनों का सहयोग करना और उनके द्वारा किए गए कार्यों से हर किसी को अवगत कराना है। जिससे देश का भविष्य राष्ट्रहित का चिंतन करें, आध्यात्मिक धार्मिक के साथ ही देश के विकास में अपनी भूमिका निभाए। माननीय मुख्यमंत्री जी ने समिति के सदस्यों को जनहित में और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, कौशलेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष राकेश भदौरिया, रविन्द्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, जितेंद्र सिंह, एसपी सिंह, आरबी सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के साथ संवाद के दौरान समिति ने गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर बताया कि अभी सैकड़ों किसानों का गन्ना खेत में खड़ा है और हैदर गढ़ की चीनी मिल बंद कर दी गई।

## सुजाता ने डिजिटल प्लेटफॉर्म से बदली अपनी तकदीर, देशभर में पहुंचाया कारोबार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जनपद अलीगढ़ के हरदुआगंज क्षेत्र स्थित बड़ा गांव उखलाना की रहने वाली सुजाता राघव ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियां भी नए अवसरों की राह खोल सकतीं हैं। कोरोना काल में जब उनके पति की नौकरी छूटने के बाद परिवार के सामने आय का संकट खड़ा हो गया, तब सुजाता ने हार मानने के बजाय आत्मनिर्भर बनने का रास्ता चुना। इसी दौरान उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के बारे में जानकारी मिली। इस योजना से प्रेरित होकर उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर स्वयं सहायता समूह बनाया। उनका कहना है कि योगी सरकार की नीतियों से उनको आत्मनिर्भर बनने में काफी मदद मिली। एनआरएलएम से जुड़ने के बाद सुजाता राघव को अपने व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए आवश्यक आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ।

# मंडल रेल प्रबंधक ने हंडिय खास स्टेशन को किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में आज दिनांक 14 मार्च 2026 को हंडिया खास-भीटी रेल खण्ड का पुश ट्रॉली निरीक्षण किया । इसके पूर्व सड़क मार्ग से हंडिया खास स्टेशन पर पहुंचने के पश्चात मंडल रेल प्रबंधक जैन ने हंडिया खास रेलवे स्टेशन पर परिचालनिक व्यवस्था,संरक्षा उपकरण, यात्री सुविधाओं, दिव्यांग यात्री सुविधाओं, स्टेशन के रख-रखाव तथा साफ-सफाई का व्यापक निरीक्षण किया ।

इस दौरान उन्होंने स्टेशन भवन के खाली कमरों को उपयोग में लाने,स्टेशन से परित्यक्त सामग्री हटाने तथा रेल परिसंपत्तियों के कुशल प्रबंधन का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने डाउन साइड भीटी इंड पर पॉइन्ट सं 209इ एवं 209उ का पॉइंट्स एण्ड क्रॉसिंग निरीक्षण किया। स्विच रेल की स्टॉक रेल से प्रॉपर हाउसिंग,गेज परीक्षण तथा फ़ेल सेफ प्रणाली की कार्य क्षमता परखी। उन्होंने किमी सं 290/26 पर स्थित स्विच एक्सटेंशन जॉइंट का भी संरक्षा निरीक्षण किया और संबंधित को निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने हंडिया यार्ड के निकट रेलवे क्रासिंग सं 49 उ ए का भी संरक्षा निरीक्षण किया और गेटमैन विवेकानंद का संरक्षा ज्ञान परखा। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने हंडिया खास से भीटी तक स्टील की 'सेफ्टी फेंसिंग' डब्ल्यू-बीम मेटल लगाने के कार्यों का पुश ट्रॉली से निरीक्षण किया। उन्होंने बनारस-प्रयागराज रामबाग रेल खंड पर हंडिया खास से भीटी स्टेशन तक रेलवे लाइनों के दोनों तरफ 110 ट्रैक रुट किमी 'सेफ्टी फेंसिंग' डब्ल्यू-बीम मेटल टाइप फेंसिंग लगाने के कार्य का वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय श्री आयुष कुमार सिंह एवं कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों के साथ लाइनों के दोनों तरफ 'सेफ्टी फेंसिंग' के चल रहे निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया और बचे हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने करने का सम्बंधित को दिशा निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर अक्सर पशुओं के आ जाने एवं तीव्रगामी ट्रेनों की चपेट में आ जाने के कारण उनके कटने से ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है। रेल लाइनों के किनारे सेफ्टी फेंसिंग लग जाने से पशुओं की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लग सकेगी तथा रेल भूमि पर अनावश्यक अतिक्रमण पर भी लगाम लगेगी। फलस्वरूप ट्रेनें अनुमन्य गति से निर्बाध रूप से संचालित हो सकेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर तृतीय आयुष कुमार सिंह ,वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय सहायक मंडल इंजीनियर लाइन मुक्ता सिंह सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त ने ईश्वरगंगी मोहल्ले का निरीक्षण कर क्षेत्रीय विकास कार्यों लिया जायजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शनिवार को सुबह ईश्वरगंगी मोहल्ले का औचक निरीक्षण कर क्षेत्रीय विकास कार्यों और जनसुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईश्वरगंगी तालाब की स्थिति देखी और वहां तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ ही दो बड़े डस्टबिन रखने के निर्देश दिया, ताकि क्षेत्रीय नागरिक गंदगी न फैलाएं।

नगर आयुक्त ने क्षेत्र में निर्माणाधीन नई सड़क की गुणवत्ता की भी बारीकी से जांच की और कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्हें शिकायत मिली कि वार्ड में 'डोर-टू-डोर' कूड़ा उठान का कार्य सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अधिकारियों एवं कूड़ा उठाने वाली संस्था को निर्देशित किया कि वार्ड के हर घर से नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित किया जाए और सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। ?निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी मृत्युंजय नारायण मिश्रा, जलकल के अधिशासी अभियंता, सामान्य अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता तथा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- ❐ जनपद के 54 परीक्षा केंद्रों पर सम्पन्न कराई जा रही पुलिस भर्ती की परीक्षा
- ❐ सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही स्मार्ट मॉनिटरिंग
- ❐ जनपद में प्रति पाली कुल 22080 परीक्षार्थी परीक्षा में हो रहे सम्मिलित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । जनपद लखनऊ में आयोजित हुई उ0प्र0 पुलिस में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाख जी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन परीक्षा केंद्र से की गई। परीक्षा केंद्र पहुंच कर परीक्षा के सुचारू संचालन के संबंध में एग्जामिनेशन रूम, परीक्षा पर्यवेक्षकों की व्यवस्था को देखा गया। उक्त के बाद जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा क्रिश्चियन पीजी कॉलेज का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उक्त के बाद जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज शाहमीना रोड का निरीक्षण करते हुए सभी केंद्र व्यवस्थापको को नकल विहीन पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी व संयुक्त पुलिस आयुक्त ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर सभी व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया । उन्होंने बताया गया कि शांतिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट की भी ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही समस्त केंद्रों पर मोबाईल जैमर की भी व्यवस्था को सुनिश्चित कराया गया है, ताकि नकल विहीन परीक्षा को सम्पन्न कराया जा सके।

# सफाई कार्य में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले महिला सफाई कर्मचारियों के लिये नारी सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता।




लखनऊ । नगर निगम लखनऊ जोन 7 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 -14 मार्च महिला दिवस सप्ताह मनाने के क्रम में नगर निगम लखनऊ, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत , उर्विश समाज सेवा संस्थान एवं लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम के साथ सफाई कार्य में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले महिला सफाई कर्मचारियों हेतु नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त के अतिरिक्त , महिला सफाई कर्मचारी को स्वास्थ्य गरिमा किट प्रोत्साहन रूप दिया गया। इसके अलावा 30 महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित आर आर आर सेंटर को सक्रिय करते हुए, जन मानस से अपनी अनुपयोगी वस्तु जैसे इस्तमाल किए हुए कपड़े /जूते /पुराने बैग/खिलौने/ किताब ,को जरूरतमंद मानस को दान करने की प्रेरणा दे, जो उसको पुनः उपयोग कर सके। आर से रियूडयूस से कम से कम अनुपयोगी वस्तु का उपयोग करे, आर से रीयूज उपयोगी वस्तुओं का पुनर्चक्रण करे, एवं हर वस्तु का पूर्णतः उपयोग करे जिससे कि वातावरण को दूषित न करे। कार्यक्रम का नेतृत्व अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद, जोनल सेनिटरी अधिकारी अजीत राय की उपस्थिति के साथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्रीमती संचिता मिश्रा द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में एनजीओ उर्विश समाज सेवा संस्थान से शशि मिश्रा, जूट फॉर लाइफ से अंजली सिंह, समाज सेविका तृप्ति भार्गव, फ़हमीना आरिफ, पिंकी सिंह, सोनाली पांडे, चिंतन फाउंडेशन से भव्या सिंह तथा LSA IEC टीम उपस्थित रही।

# विधायक ने गोमती नगर में रोड के मरम्मत कार्य किया शुभारम्भ

- ❐ पीएनबी मोड़ से रेलवे स्टेशन होते हुए शहीद पथ मार्ग तक डबल डिवाइडर रोड के विशेष मरम्मत काय से लोगों को मिलेगी राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वह धरातल पर दिखाई देने वाली सच्चाई बन चुका है। प्रदेश में सड़कों, रोशनी और जनसुविधाओं के विस्तार के माध्यम से विकास की नई परिभाषा स्थापित की जा रही है।

इसी विकास की अवधारणा को साकार करते हुए आज लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (घ्डक) द्वारा 198.38 लाख रुपये की लागत से 1.640 किलोमीटर लंबी डबल डिवाइडर सड़क के विशेष मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य पंजाब नेशनल बैंक मोड़ से गोमती नगर रेलवे स्टेशन होते हुए शहीद पथ तक स्वीकृत मार्ग पर कराया जा रहा है, जिसका शुभारंभ लखनऊ पूर्वी विधानसभा के माननीय विधायक श्री ओ.पी. श्रीवास्तव जी द्वारा आज विधिवत नारियल फोड़कर किया गया।यह मार्ग गोमतीनगर क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। विशेष रूप से गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में यात्री इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। सड़क के विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों एवं यात्रियों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलने के साथ ही आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा।इस अवसर पर विधायक श्री ओ.पी. श्रीवास्तव जी ने कहा कि विकास तब सार्थक होता है जब उसकी सुविधाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, प्रकाश व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर और सुगम सुविधाएं मिल सकें।कार्यक्रम में राजीव गांधी प्रथम एवं द्वितीय वार्ड के पार्षदों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष श्री अभिषेक राय, श्री नरेंद्र देवड़ी, पार्षद श्री अरुण तिवारी, श्री संजय सिंह राठौड़, श्री प्रमोद राजन, श्री राजेश सिंह ल्लगब्बरङ्क, श्री शैलेंद्र राय ल्लडब्बूङ्क सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय नागरिकों ने विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय विधायक श्री ओ.पी. श्रीवास्तव जी का आभार प्रकट किया।

# यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन मंच है शी-बॉक्स पोर्टल: निदेशक वंदना वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददात

लखनऊ। भारत सरकार द्वारा संचालित एक ऑन लाइन पोर्टल है, जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतें दजे करने के लिये एक सुरक्षित और गोपनीय मंच प्रदान करता है। यह 2013 के POSH दजे अधिनियम के तहत काम करता है, जो निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में सभी कार्यरत महिलाओं के लिये उपलब्ध है।

SHe-Box पोर्टल की मुख्य विशेषतायें -ऑन लाइन शिकायतः महिलाएँ घर बैठे ही SHe Box वेबसाइट पर अपनीशिकायत दर्ज कर सकती हैं। गोपनीयताः आपकी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखा जाता है। बहुभाषी सहायताः पोर्टल हिन्दी और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में उपलब्ध है।तेजी से कार्यवाहीः शिकायत सीधे संबंधित प्राधिकारी (कार्यालय में गठित ऋए आन्तरिक समिति अथवा जनपद स्तर पर गठित ख्रए स्थानीय समिति ) शिकायत कैसे दर्ज करें Step by Step वेबसाइट पर जाएः शी-बाक्स के अधिकारिक वेबसाइट पर जाए, जिसका लिंक निम्नवत है, https:// shebox. wcd.gov. in पंजीकरण -रजिस्टर योर कंप्लेट (Register Your Complaint) पर क्लिक करें। विवरण भरेंः अपनी और अपने कार्यस्थल से संबंधित सभी जानकारी सही-सही भरें। सबमिट करेंः शिकायत सबमिट करें, और टैझ्रकिंग नम्बर संभाल कर रखें। यह पोर्टल कामकाजी महिलाओं को सशक्त बनाने और कार्यस्थलों को सुरक्षित और सामावेशी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। निदेशक महिला कल्याण वंदना वर्मा ने बताया कि शी-बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न के मामलों की शिकायत दर्ज करने का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से महिलाएँ बिना किसी भय के अपनी शिकायत दर्ज कर सकती हैं, जिससे संबंधित प्राधिकारियों द्वारा समयबद्ध और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने सभी कामकाजी महिलाओं से इस पोर्टल की जानकारी प्राप्त करने तथा आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग करने की अपील की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप सवार हेल्पर की मौत, चालक गंभीर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में शनिवार की सुबह करीब 4 बजे शारदा नहर के पास लक्ष्मणपुर गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप सवार हेल्पर की मौत हो गई, जबकि चालक व हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी गोसाईंगंज अस्पताल भिजवाया। जहां से उन्हें ट्रामा 2 रिफर किया गया। ट्रामा में डॉक्टरों ने हेल्पर को मृत घोषित कर दिया। चालक का इलाज जारी है।पुलिस के अनुसार वाहन संख्या ठध्36 इड्ड 6995 पिकअप की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे के समय पिकअप में चालक अतुल निवासी जगदीशपुर जनपद अमेठी तथा हेल्पर राजीव सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी जगदीशपुर थाना कमरौली जनपद अमेठी सवार थे। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज ले जाया गया, दोनो की हालत गंभीर होंने के कारण डॉक्टरों ने ट्रामा 2 रिफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने हेल्पर राजीव सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार चालक अपने हेल्पर के साथ मध्यप्रदेश से लौट रहे थे। तभी हादसा हुआ।

## गोसाईंगंज स्थित भारत गैस की एजेंसी का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में शनिवार को शिवलर व सलेमपुर स्थित भारत की गैस एजेंसी पर उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज ने औचक निरीक्षण किया। जहां सुबह से ही लोग सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े दिखे। उन्होंने तत्काल सिलेंडर बांटने के आदेश दिए।उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज पवन पटेल ने बताया कि शनिवार की सुबह गोसाईंगंज के सलेमपुर स्थित भारत गैस की वितरण एजेंसी राधेश्याम गैस सर्विस व शिवलर स्थित सुनील जंग गैस सर्विस पर शनिवार की सुबह छापेमारी की। सलेमपुर स्थित एजेंसी में गैस की गाड़ी खाली हो रही थी जहां करीब 45 से 50 लोग गैस के लिए लाइन में थे। वही शिवलर एजेंसी पर लगभग ढाई सौ लोग गैस लेने ले लिए लाइन में थे। जिन्हें तत्काल गैस वितरित कर भीड़ कम करने को कहा।उपजिलाधिकारी पवन पटेल ने बताया कि लोग एडवांस में 2 या तीन सिलेंडर भरवा कर घरों में न रखे। इससे जरूरत मंद लोगो को गैस मिलने में दिक्कतें न हो। जरूरत के अनुसार गैस ले। उन्होंने एजेंसी संचालको को सख्त निर्देश दिए कि एजेंसी पर आने वाले को सिलेंडर तत्काल मुहैया कराया जाए।



## होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह 2026 का हुआ आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा सेक्टर 25 इंदिरा नगर रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन के सहयोग से शनिवार को इंदिरा नगर स्थित पार्क में होली मिलन समारोह एवं महिला सम्मान 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत सर्वप्रथम भारत की भावना को समर्पित रहा। कार्यक्रम में अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, पत्रकारिता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओ को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा रहे। वहीं इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान भी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम गणेश वंदना, भगवान नृसिंह होलिका दहन का मंचन, देश भक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति तथा एमिटी विश्विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। वहीं कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ अलका निवेदन एवं मनीषा पांडे ने किया। इस मौके पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानकों को ताक पर रखकर किया जा रहा है मिट्टी का खनन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के रसूलपुर गांव में सभी मानकों को ताक पर रखकर खनन कार्य किया जा रहा है। यहां 10 फुट से अधिक गहराई तक मिट्टी खनन होने की बात कही गई। खनन कर्ता अजीत की ओर से विभागीय अनुमति होने की बात कही गई लेकिन इससे संबंधित कागज का एक टुकड़ा भी नहीं दिखाया दिखाया गया। यहीं से मामला संदेह के दायरे में आ जाता है।

इस मामले में सभी मानकों को ताक पर रख दिया गया है। मिट्टी बेचने वाले किसान हंसराज वर्मा की ओर से 5 फुट गहराई तक मिट्टी बेचे जाने की बात कही गई है। मौके पर मानक से अधिक मिट्टी खोदी गई।इस प्रकार खनन कर्ताओ द्वारा किसानों के साथ ही सरकार को भी चुना लगाने का काम किया जा रहा है। इस कार्य में खनन विभाग और तहसील कर्मचारियों को भी धन लाभ होना माना जा रहा है।मिट्टी खनन के मामले में जानकारी हासिल करने हेतु खनन अधिकारी और उप जिला अधिकारी मोहनलालगंज से उनका सीयूजी नंबर पर डायल किया गया। फोन की घंटी बजाती रही । किसी भी अधिकारी ने रिसीव नहीं किया।

# दबंग प्रधान ने रुकवाया मकान निर्माण मजदूरों को खदेड़ने का आरोप

- ❐ एसडीएम के आदेश पर पैमाइश में जमीन वैध मिली, फिर भी नहीं शुरू हो सका निर्माण, पुलिस से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिंगवा थाना क्षेत्र के ऊनई ग्राम पंचायत के मजरा भगता खेड़ा में एक ग्रामीण ने ग्राम प्रधान पर दबंगई दिखाकर मकान निर्माण कार्य रुकवाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत प्रशासन और पुलिस से की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है।

गांव निवासी राम आसरे ने बताया कि वह अपनी निजी भूमि पर मकान का निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मकान की नींव पहले से ही भरी जा चुकी है और निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के प्रधान जियालाल अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और मजदूरों को गालियां देते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इतना ही नहीं, मजदूरों की साइकिल उठाकर फेंक दी और सभी को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी।राम आसरे के अनुसार उन्होंने कई बार उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी। एसडीएम के निर्देश पर कानूनगो और लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश की, जिसमें निर्माण कार्य को वैध पाया गया और काम शुरू कराने की बात कही गई।इसके बावजूद शनिवार को जब उन्होंने फिर से निर्माण कार्य शुरू कराने का प्रयास किया तो आरोप है कि ग्राम प्रधान कई लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए और मजदूरों को खदेड़ दिया, जिससे निर्माण कार्य दोबारा रुक गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा लोगों के निजी निर्माण कार्यों में इस प्रकार की दखलंदाजी पहले भी की जाती रही है।

## दबंगों ने घर में घुस कर की महिला और उसके पति की पिटाई

लखनऊ। माल क्षेत्र के जगदीशपुर बुजुर्ग गांव की एक महिला ने थाने पर शिकायत की थी। पुलिस ने एनसीआर दर्ज की थी। जिससे नाराज दबंगों ने अपने आधा दर्जन परिवारीजनों के साथ महिला के घर में घुसकर महिला और उसके पति को लाठी डंडों से मार कर गंभीररूप से घायल कर दिया। साथ ही। यह भी कहा कि यदि दोबारा शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार डालेंगे।पीड़ित महिला अपने घायल पति कृष्ण कुमार को लेकर सीधे ट्रामा सेंटर पहुँची जहां उसका इलाज चल रहा है। उधर सूचना पाकर पुलिस पीड़िता।और उसके पति से ट्रामा सेंटर में मिलकर तहरीर ली और उदयभान यादव, रामयादव, राजकुमार यादव, अभयराज यादव, राजवीर उर्फ छोटन और सुखबीर यादव पर धारा19(2)333/115 (2) / 352/351(2)बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

# रोजा इफ्तार में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

- ❐ काकोरी में रोजा इफ्तार में दिखी हिन्दू मुस्लिम एकता की झलक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी, लखनऊ। रमजान के पाक महीने में 23 वें रमजान पर हिन्दू मुस्लिम एकता को लेकर मंगलवार को ऐतिहासिक क्षेत्र काकोरी के बहरू गांव में समाजवादी पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष इशहाक अहमद गाजी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया।

जिसमें लोगों ने भारी तादाद में शिरकत कर अमनो-अमान की दुआ मांगी।वहीं असिर की नमाज के बाद से ही रोजा इफ्तार में लोगों का आना शुरू हो गया।इफ्तार का वक्त होते-होते परिसर लोगों से खचाखच भर गया।सभी लोग कतारों में बैठ गए।इफ्तार का समय होने से पहले लोगों ने वतन व कौम की तरक्की और कामयाबी के अलावा आपसी भाईचारे की दुआ के साथ 2027 में सपा की अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए दुआ मांगी।मगरिब की अजान के साथ ही सभी ने विभिन्न प्रकार के फलों और व्यंजनों से इफ्तार किया।इसके बाद पकौड़ी,पापड़,आइसक्रीम के साथ शर्बत से गला तर किया।बगल में स्थित मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा की गई।रोजा अफ्तार में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव,पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत,उपाध्यक्ष विजयश्री गौतम,जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार यादव गुड्डू,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ लिमिटेड सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव,प्रदेश सचिव अभय मुलायम सिंह यादव,ग्राम प्रधान गुरुदयाल गौतम,स्वंयम्बर सिंह यादव पल्लन,जितेन्द्र सिंह यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## मिड डे मील के लिए एलपीजी की उपलब्धता पर निगरानी तेज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्कूली बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील कार्यक्रम को निर्बाध बनाए रखने के लिए राज्य सरकार ने निगरानी व्यवस्था और सख्त कर दी है। मिड-डे मील (एमडीएम) अथॉरिटी ने सभी जिलों से हर महीने कुकिंग गैस एलपीजी की जरूरत और उससे जुड़ी अन्य जानकारियों का डेटा जुटाना शुरू कर दिया है।अधिकारियों के मुताबिक यह कदम उन रिपोर्टों के बाद उठाया गया है, जिनमें कुछ स्कूलों में एलपीजी सिलेंडरों की कथित अनियमित आपूर्ति के कारण मिड-डे मील बनाने में दिक्कत आने की बात सामने आई थी। यह डेटा केंद्र सरकार को भी भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जिला समन्वयकों से हर महीने एलपीजी सिलेंडरों की खपत, मिड-डे मील परोसने वाले स्कूलों की संख्या और छात्रों के नामांकन का विवरण मांगा गया है।महानिदेशक (स्कूल शिक्षा) और मिड-डे मील की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहीं मोनिका रानी ने बताया कि सभी 75 जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारियों के संपर्क में हैं और अब तक कहीं भी सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा नहीं आई है।

# राजन वर्मा डब्बू मेमोरियल टी20 की रोमांचक शुरुआत

- ❐ विशाल के शतक से फिटनेस क्लब विजयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । यूपी की राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर इलाके में कानपुर रोड की पार्थ रिपब्लिक टाउनशिप में शनिवार को स्व. राजन वर्मा डब्बू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। पार्थ क्रिकेट मैदान पर खेले गए उद्घाटन मुकाबले में फिटनेस क्रिकेट क्लब और स्ट्रीट वॉरियर्स के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली।

इसमें फिटनेस क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।टूर्नामेंट के आयोजक रितेश द्विवेदी अन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन उप प्रभागीय वनाधिकारी एके वर्मा व अन्य विशिष्ट लोगों ने किया। उद्घाटन मैच में फिटनेस क्रिकेट क्लब के कप्तान अजीत वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। फिटनेस क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 196 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।टीम की ओर से विशाल मिश्रा ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 105 रन की बेहतरीन पारी खेली। उनके अलावा सचिन तिवारी ने 30 रन का योगदान दिया। स्ट्रीट वॉरियर्स के गेंदबाज इस दौरान खास प्रभाव नहीं छोड़ सके।197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्रीट वॉरियर्स की टीम ने शुरुआत में तेजी से रन बनाने की कोशिश की लेकिन फिटनेस क्लब के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा। टीम की ओर से केवल फैजान ही क्रीज पर टिक पाए और उन्होंने नाबाद 62 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि अन्य बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं सके और पूरी टीम 20 ओवर में 177 रन ही बना सकी।फिटनेस क्लब की ओर से मुरारी झा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि अनुराग सिंह ने दो विकेट अपने नाम किए। मैच में शानदार शतक लगाने वाले विशाल मिश्रा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुरारी झा को बेस्ट गेंदबाज और स्ट्रीट वॉरियर्स के फैजान को बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर बैंक प्रबंधक आशुतोष वर्मा, प्रिया वर्मा, मिथिलेश सिंह, राकेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# डीएम ने पुलिस भर्ती को लेकर परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

❐ प्रथम दिन प्रथम पाली में 4560 के सापेक्ष 3330, दूसरी पाली में 4560 के सापेक्ष 3377 परीक्षार्थी उपस्थित रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक पुलिस नागरिक समकक्ष पदो भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा जनपद में 13 केंद्रों पर चल रही उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने प्रथम पाली में जीएफ कॉलेज एवं द्वितीय पाली में राजकीय पॉलीटेक्निक परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश उप-निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा आज प्रथम दिन दो पालियों में पूर्वान्ह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक जनपद के 13 केन्द्रों पर आयोजित हुई। दो दिवसीय परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में 4560 के सापेक्ष 3330 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1230 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में 4560 के सापेक्ष 3377 परीक्षार्थी उपस्थित और 1183 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न हुई।

## चोरी के सोलर पैनल के साथ एक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस टीम ने चोरी किए गए सोलर पैनल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना रोजा क्षेत्र के गांव अकर्रा रसूलपुर स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम निवासी ओमप्रकाश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ सोलर पैनल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी क्रम में रोजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुनीश पुत्र रामाधीन निवासी ग्राम बिलिन्दापुर गोटिया थाना रोजा को उसके घर से गिरफ्तार किया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से चोरी किया गया एक सोलर पैनल बरामद किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त मुनीश ने बताया कि बीती 21 जनवरी 2026 को उसने ग्राम बिलिन्दापुर के बाहर रवीन्द्र के खेत से 02 सोलर पैनल चोरी किए थे। जिनमें से एक सोलर पैनल उसने बरेली-सीतापुर हाईवे पर एक अज्ञात चलते-फिरते व्यक्ति को तीन हजार रूपए में बेच दिया और उन रूपयों को अपनी जरुरत में खर्च कर दिए। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मुनीश को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक शम्भूदयाल भार्गव, ओमपाल सिंह और महिला उपनिरीक्षक पूनम दहिया आदि मौजूद रहे।

# बढ़ती मंहगाई को लेकर आम आदमी पार्टी का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

❐ आप के जिला अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। बढ़ती मंहगाई को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ती महंगाई से लोग परेशान हैं।

यह महंगाई केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम है, जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। कहा गया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर में की गई वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी को बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। देश के कई होटल और रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। मांग की गई कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई बढ़ोत्तरी को तत्काल वापस लिया जाए। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू की जाए। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए। महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करे। इस दौरान अब्दुल्ला सकलैनी, अनुराग रस्तोगी, जोगेन्द्र प्रजापति, वीरेन्द्र प्रताप, आशीष द्विवेदी, गजेन्द्र शर्मा, प्रवीण चन्द्र, राहुल कुमार, महेन्द्र पाल कनौजिया, प्रशांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

❐ कमलापुर थाने में सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम व एसपी ने की जनसुनवाई जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना कमलापुर में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये।

राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिसवां में लगातार दूसरी वारदात चोरों ने बंद घर को बनाया निशाना

बिसवां, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतिकपुर में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को असलहे के दम पर अनुप यादव के घर में लूटपात की थी दूसरे दिन चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए हजारों का सामान पार कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है।गांव के बाहर स्थित लालजी यादव के फार्म हाउस में चोरों ने घर के गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखा इनवर्टर, बैटरी सहित अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित लालजी यादव ने बताया कि वह रात में अपने नतीन का तिलक ले कर गए हुए थे। सुबह जब वह वापस अपने फार्म हाउस पहुंचे तो घर का ताला टूटा देखकर उनके होश उड़ गए और चोरी की घटना का पता चला।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना से नाराज गांव के करीब 15-20 ग्रामीण कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मिले। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज मोहम्मद अकरम को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। रमजान उल मुबारक के मुकद्दस महीने में शहर की तुन वाली मस्जिद में तरावीह की नमाज के दौरान हाफिज मोहम्मद अकरम ने पूरे कुरआन शरीफ को मुकम्मल किया और मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर मौलाना मोहम्मद अनीस अतहर ने विशेष दुआ की। जिसमें रमजान की बरकतों, अमन-चैन, आपसी भाईचारे और देश की तरक्की के लिए अल्लाह से रहमत की दरख्वास्त की गई।

इस दौरान मस्जिद कमेटी और स्थानीय लोगों की ओर से हाफिज मोहम्मद अकरम को कुरआन मुकम्मल करने पर उपहार एवं नजराना भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। मौलाना ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और नेकी का पैगाम देता है और तरावीह में कुरआन सुनना बहुत बड़ी सआदत की बात है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नमाजी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने हाफिज मोहम्मद अकरम को मुबारकबाद दी और उनके लिए दुआएं भी कीं। इस मौके पर इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां, बिलाल खान, सपा नेता असलम अंसारी, कासिम वारसी, साजिद, फुरकान अंसारी, वाहिद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक की बैटरी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर । थाना कलान पुलिस ने ट्रक चोरी से संबंधित अभियोग में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को ट्रक की बैटरी समेत गिरफ्तार किया है।बीती 09 सितम्बर 2025 को थाना कलान क्षेत्र के मोहल्ला रामलीला ग्राउन्ड निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीघर निवासी रमेश राजपूत पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रदीप कुमार का आरोप था कि रमेश राजपूत ने उसके ट्रक को क्रेन से बांधकर चोरी कर लिया है। इसी क्रम में पुलिस ने उक्त चोरी किए गए ट्रक को अलीगढ़ के अकबराबाद में पुल के नीचे से बरामद कर वाहन स्वामी को सुपुर्द कर दिया था। इस मामले में जिला बागपत के थाना सिंघावली के ग्राम हिसावाद निवासी अभिषेक चैधरी और मेरठ के थाना ब्रहमपुरी के माधवपुरम निवासी सुमित यादव का नाम प्रकाश में आया। इसी क्रम में थाना कलान पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आए अभियुक्त अभिषेक चैधरी को चोरी गए ट्रक से संबंधित एक बैट्री के साथ ग्राम नानकपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

# जिला जज की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण

❐ मोटर दुर्घटना मामलों में पीड़ितों को मिला करीब 7 करोड़ मुआवजा, बैंकों में 10.45 करोड़ के समझौते

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। न्याय को त्वरित और सुलभ बनाने की दिशा में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद ने निस्तारण का नया रिकॉर्ड बना दिया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शिव कुमार सिंह की अध्यक्षता में लगी इस लोक अदालत में एक ही दिन में 80 हजार से अधिक वादों का निस्तारण कर न्याय की राह आसान कर दी गई।

जिले के विभिन्न न्यायालयों में चले विशेष सत्र के दौरान 8146 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) में 126 मामलों में पीड़ितों को 6 करोड़ 92 लाख 638 रुपये का मुआवजा दिलाया गया, जिससे कई परिवारों को बड़ी राहत मिली। परिवार न्यायालय में भी समझौते की सकारात्मक तस्वीर देखने को मिली। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने 126 पारिवारिक वादों का निस्तारण कर टूटते रिश्तों को सुलह की डोर से जोड़ने का प्रयास किया।लोक अदालत में बैंकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। 1339 बैंक मामलों में 10 करोड़ 45 लाख रुपये की समझौता राशि जमा कराकर वादों का निपटारा कराया गया। सबसे अधिक निस्तारण राजस्व न्यायालयों में हुआ, जहां 71,847 वादों का समाधान कर रिकॉर्ड संख्या में मामलों को समाप्त किया गया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 के दृष्टिगत डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज जनपद के आर0एम0पी0 इंटर कॉलेज सीतापुर, पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्नाकोत्तर महाविद्यालय खैराबाद एवं राजा बहादुर डॉक्टर सूर्य बक्स सिंह इंटर कॉलेज कमलापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी, स्ट्रांग रूम, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की चेकिंग, शौचालय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एल्पिस ग्लोबल स्कूल का प्रतिष्ठापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे के प्रतिष्ठित एल्पिस ग्लोबल स्कूल में आज विद्यालय का प्रतिष्ठापना दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सफल 16 वर्ष पूर्ण होने पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का विद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया तथा सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर आज के दिन पंजीकरण और विद्यालय में प्रवेश को लेकर अभिभावकों का हुजूम उमड़ पड़ा एवं सभी विद्यार्थी एवं अभिभावक उत्साहित एवं प्रसन्नचित दिखे। विद्यालय प्रबंधन के श्री मुदित सिंघल, श्री उमंग राजवंशी, श्री अनुज सिंघल तथा श्री निशीथ गोयल ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा रूपी जो पौधा वर्षों पहले रोपित किया गया था, आज वह एक सशक्त वृक्ष बन चुका है, जिसकी शाखाएँ देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। विद्यालय के पूर्व छात्र आज चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा एवं वाणिज्य जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने कार्यक्रम में पधारे सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनकी समर्पित सेवा और लगन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं की सराहना की।

## खुशियां बनी मातम शादी में जा रहे चाचा भतीजे की सड़क हादसे में मौत




**सांडा, बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना बिसवां क्षेत्र में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। साली के विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे चाचा-भतीजे की पिकअप वाहन से हुई टक्कर में मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार गुड्डू पुत्र रामकुमार (30 वर्ष) निवासी दुदगड थाना सकरन जनपद सीतापुर अपने घर से ससुराल बद्दुपूर, जनपद बाराबंकी में साली के विवाह में शामिल होने जा रहा था। उसके साथ उसका भतीजा आदेश पुत्र वीरेंद्र गिरी (15 वर्ष) भी था, जो अपने परिवार का इकलौता पुत्र बताया जा रहा है।बताया जाता है कि जब ये लोग सांडाऽबिसवां मार्ग पर सरैया ब्रजवासिन पुरवा के निकट पहुंचे, तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गुड्डू और आदेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में चल रहे ललित गिरी पुत्र नरेंद्र गिरी (32 वर्ष) निवासी बद्दुपूर, बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घायल ललित गिरी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया गया।इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही गांव और परिवार तक पहुंची, वहां कोहराम मच गया। जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां मातम छा गया। खासकर इकलौते बेटे आदेश की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा हादसे की जांच शुरू कर दी है।इस सम्बन्ध में जब एस आई फूलचंद्र सरोज से बात की गई तो बताया गया कि दुर्घटना के समस्त बिंदुओं पर जाँच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही कि जाएगी।

## विद्यालय परिसर में महिला शिक्षामित्र से अभद्रता, दबंगों पर मारपीट व धमकी का आरोप

**सकरन, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र सकरन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलवा बसहिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात एक महिला शिक्षामित्र के साथ दबंग ग्रामीणों द्वारा अभद्रता और मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाना सकरन में शिकायती पत्र देकर न्याय और सुरक्षा की मांग की है।जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय बेलवा बसहिया में तैनात शिक्षामित्र मीतू मिश्रा ने आरोप लगाया है कि गांव के ही निवासी सुशील गौड़ उर्फ रिंकू अपने नौकर महादेव गौतम के साथ विद्यालय परिसर में पहुंचे और बिना किसी कारण के अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। आरोप है कि दोनों ने महिला शिक्षामित्र के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का-मुक्की की तथा जान-माल की धमकी भी दी।विद्यालय जैसे पवित्र परिसर में हुई इस घटना से शिक्षकों व ग्रामीणों में भी आक्रोश व्याप्त है। पीड़िता का कहना है कि दबंगों के व्यवहार से वह भयभीत है और भविष्य में किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। इसी को लेकर उसने थाना सकरन पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि विद्यालय में सुरक्षित माहौल बना रहे और शिक्षकों का मनोबल न टूटे।

## पंचायत भवन में चोरी

कमलापुर। थाना क्षेत्र कमलापुर के अंतर्गत विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत बम्हैरा में बने पंचायत भवन को बुधवार रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। ग्राम प्रधान के अनुसार पंचायत भवन के अंदर से 19 कुर्सी दो मेज एवं दो अलमारी चोर उठा ले गए। गुरुवार को सुबह लगभग 9:00 बजे पंचायत सहायक द्वारा हमें सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर प्रधान प्रतिनिधि रिंकू ने पहुंच कर देखा गया तो पंचायत भवन के अंदर रखा सामान गायब था। प्रधान द्वारा घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। प्रधान प्रतिनिधि रिंकू ने बताया एक माह के अंदर दो बार पंचायत भवन में चोरी हो चुकी है। पूर्व में भी दिनांक 17/ 2 /2026 को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर इनवर्टर बैट्रा पैनल आदि सामान चुरा ले गए थे। जिनकी तहरीर थाने पर दी गई थी। पुनः लगभग 25 दिन बाद फिर से पंचायत भवन को ही चोरों द्वारा निशाना बना लिया गया। अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई। खंड विकास अधिकारी कसमंडा द्वारा बताया गया। चोरी की घटना की जानकारी हुई थी। संबंधित सचिव को तहरीर देने के लिए निर्देशित किया गया है।

# गैस की जमाखोरी-कालाबाजारी पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्त चेतावनी

❐ डीएम बोलीं, जिले में गैस की कोई कमी नहीं, नियमों से होगा सिलेंडर वितरण फर्स्ट कम-फर्स्ट सर्व आधार पर वितरण

❐ सीसीटीवी निगरानी और सोशल मीडिया अफवाहों पर कड़ी नजर : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों, पेट्रोल पंप मालिकों और रेस्टोरेंट कारोबारियों के साथ बैठक कर व्यवस्था को पारदर्शी रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए।

बैठक का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। जिले में गैस, डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि तय बुकिंग सिस्टम का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं।उन्होंने कहा कि सभी एजेंसियां अपने प्रतिष्ठान और गोदाम पर स्पष्ट नोटिस चस्पा करें, जिसमें लिखा हो कि हमारे पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी। हेल्पलाइन नंबर हर समय सक्रिय रखें और आने वाली कॉल्स को अटेंड कर उपभोक्ताओं को जरूरी जानकारी व सहायता उपलब्ध कराएं। साथ ही एजेंसियों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन हो रहा है।डीएम ने कहा कि गैस एजेंसी के कर्मचारी उपभोक्ताओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को कॉमर्सियल सिलेंडर के बजाय वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का ही उपयोग करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने स्पष्ट किया कि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। व्यवस्था में गड़बड़ी मिलने पर सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे।एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसियों के संचालकों को स्पष्ट कहा कि सिलेंडर का वितरण फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व के आधार पर ही किया जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए कि सभी वितरण केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से संचालित हों और उनकी 15 से 30 दिनों तक की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। कैमरों का व्यूइंग एंगल ऐसा हो कि वितरण केंद्र के हर महत्वपूर्ण हिस्से और गतिविधि पर स्पष्ट नजर रखी जा सके। एजेंसी संचालक अपने कर्मचारियों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखें। घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल किसी भी हाल में न हो, इस पर प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। किसी भी तरह की भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए कि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और नियमानुसार हो। उन्होंने एजेंसियों को प्रतिष्ठान व गोदामों पर नोटिस चस्पा करने और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखने के निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर जानकारी और सहायता मिल सके। डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप संचालकों को चेतावनी दी कि इंडेंट समय से जमा करें। पंप ड्राई न होने दें। उन्होंने कर्मचारियों, एजेंसी स्टाफ को उपभोक्ताओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए भी निर्देशित किया।

# जिला महिला चिकित्सालय में लगने लगा सर्वाइकल कैंसर का टीका

## सरकार की बड़ी मुहिमः 14 साल की किशोरियों को मुफ्त लगाई जाएगी एचपीवी वैक्सीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जिला महिला चिकित्सालय में सर्वाइकल कैंसर का टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भारत भूषण द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भारत भूषण ने बताया कि टीकाकरण सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत नही, बल्कि विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। अभियान में गार्डासिल नाम के क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी टीके की एक खुराक दी जायेगी। यह टीका एचपीवी के टाइप 16 एवं 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण है। यह टाइप 6 एवं 11 से भी बचाव करता है। विशेषज्ञों का कहना है, 14 साल की उम्र में एक डोज देने से मजबूत व लंबे समय तक सुरक्षा मिलती है। भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है। हर साल 80 हजार नए मामले सामने आते है और 42 हजार से अधिक महिलाओं की मौत हो जाती है। डा0 संजय गुप्ता जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह टीकाकरण पूरी तरह मुफ्त एवं स्वैच्छिक है। इसका मकसद सभी वर्गो की किशोरियों तक बराबर पहुच सुनिश्चित करना है। जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक 14 साल की आयु पूर्ण कर चुकी लेकिन 15वाँ साल पूरा न हुआ हो, किशोरियों को एच0पी0वी0 टीका मुफ्त एवं उनके अभिभावक की सहमति के उपरान्त लगाया जायेगा। टीकाकरण स्थल पर लाभार्थी का आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है के0एन0आई0सी0ई0 सुलतानपुर की छात्रा को जनपद का पहला एचपीवी का टीका लगाया गया साथ में रामकली बालिका इण्टर कालेज की छात्रा को जनपद का दूसरा एचपीवी का टीका लगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला एवं जिला पुरूष चिकित्सालय द्वारा बच्चियों को एचपीवी टीकाकरण का प्रमाण-पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला सर्विलान्स अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डी0सी0पी0एम0, डी0एम0सी0 यूनीसेफ, वी0सी0सी0एम0-यू0एन0डी0पी0, डी0सी0 जे0एस0आई0, हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर जिला चिकित्सालय सुलतानपुर, गीता देवी ए0एन0एम0, सोनी भारती स्टाफ नर्स, शालिनी कन्नौजिया स्टाफ नर्स, पूनम अग्रवाल आशा, सोनू पाण्डेय कम्प्यूटर आपरेटर उपस्थित रहे।

# कबीर आश्रम सकरसी में लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। दिन शुक्रवार को ग्राम सभा सकरसी बाजार शम्भूगंज में सुलतानपुर जनपद के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर राजीव सिंह(सूर्यांश हॉस्पिटल) एवं वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉक्टर रामजी गुप्ता (गंगा नेत्र चिकित्सालय) के संयोजन में निःशुल्क परामर्श एवं निःशुल्क औषधि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में लगभग तीन सौ मरीजों ने निःशुल्क परिक्षण शिविर का लाभ उठाया तथा निःशुल्क औषधियाँ प्राप्त की।

इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ब्लड शुगर, रक्तचाप तथा बीएमडी टेस्ट निःशुल्क किया गया। सुबह में उपस्थित लोगों को सलाह देते हुए डॉक्टर राजीव सिंह ने कहा कि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना आवश्यक होता है जिससे आम जनमानस को इसका लाभ मिलता रहता है और मरीजों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के संचालन में स्वास्थ्य सेवा कर्मी टीम इंद्रमणि यादव, पवन कुमार दुबे, बलराम यादव, जयप्रकाश पांडेय, अनिरुद्ध शुक्ला, फ़ैज़ुल खान, सत्यम सिंह, रत्नेश पांडेय एवम् आयोजक टीम की तरफ से महंत कंधईदास साहब, फागूलाल (प्रधानाध्यापक), सुरेश कुमार ( पोस्टमैन), बुद्धिराम ( पूर्व प्रधान), सिद्धार्थ, बबलू भारती, राम किशुन, राम प्रसाद, आदि गणमान लोग उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार की नीतियों के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा देश : संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में आम आदमी पार्टी के नेता एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश गंभीर संकट का सामना कर रहा है और आम लोगों को गैस समेत जरूरी चीजों के लिए लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है।

जिले मे शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले ईरान के रास्तों से भारत को कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति आसानी से होती थी, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण रिश्ते बिगड़ गए हैं।

श्री सिंह ने प्रधानमंत्री के उस पुराने बयान पर तंज कसते हुए कहा कि नाली की गैस से चाय बनाने जैसी बातें कहकर देश की जनता को भ्रमित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश को ल्लमूर्खता की आगङ्क में झोंकना बंद करना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ऐसी क्या वजह रही कि ईरान से संबंध खराब किए गए और देश को ऊर्जा संकट की स्थिति में ला दिया गया। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री से इस मुद्दे पर जवाब मांगा और विदेश नीति में सुधार की मांग की।

# स्मार्ट मीटर का साइड इफ़ेक्ट : दर्जनों घरों की बिजली अचानक गुल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं। शहर के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याएं सामने आने लगी हैं, जिससे आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बीती रात शहर के दर्जनों घरों की बिजली सप्लाई अचानक बंद हो गई, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। बिजली गुल होने से परेशान उपभोक्ता बड़ी संख्या में दरियापुर विद्युत केंद्र पहुंच गए और अधिकारियों से अपनी समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने समय पर अपना बिजली बिल जमा कर दिया है इसके बावजूद स्मार्ट मीटर में बिल माइनस में दिख रहा है और अचानक सप्लाई भी काट दी जा रही है। इस कारण कई सामान्य उपभोक्ताओं को हजारों रुपये के अतिरिक्त बिजली बिल का झटका भी झेलना पड़ रहा है। वहीं बिजली विभाग के अधिकारी भी उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुलझाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन फिलहाल उन्हें पूरी तरह से सफलता नहीं मिल पा रही है। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर को लेकर उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पहले भी विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं। अब सुल्तानपुर में भी इस समस्या के सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। परेशान नागरिकों ने बिजली विभाग की व्यवस्था और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

सम्भल ( बहजोई) कैनविज टाइम्स संवाददाता । आज जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 मार्च एवं 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाने वाली उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा की प्रथम दिवस की प्रथम पाली में सम्भल के शंकर भूषण शरण जनता इण्टर कॉलेज सम्भल तथा बृजरत्न सुंदर आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सम्भल एवं महात्मा गॉधी डिग्री कॉलेज सम्भल में निरीक्षण किया परीक्षार्थियों की उपस्थिति तथा सीसीटीवी कैमरे एवं स्ट्रांगरूम, मेडिकल कैम्प तथा परीक्षा कक्षों को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा तथा उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसपी ने कन्ट्रोल रूम सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जनपद में सम्पन्न कराई जा रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को कुशल व निर्विघन ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज, एसएन इंटर कालेज,उपाधि महाविद्यालय व राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था,कन्ट्रोल रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेट को निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेट,केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक सहायक, कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे है।

## रामानंद सागर की रामायण की तुलना आज तक किसी से नहीं हो पाई : निशा रामानंद सागर

अयोध्या। रामानंद सागर की बहू निशा रामानंद सागर शनिवार को अयोध्या पहुंचीं और उन्होंने राम मंदिर में राम लला के दर्शन किए।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि यह उनकी अयोध्या की पहली यात्रा है। दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि राम लला के दर्शन कर वह भावुक हो गईं और पुराने दिनों की याद ताजा हो गई। उन्होंने बताया कि रामायण बनाते समय कई तरह की तकनीकी और प्रशासनिक दिक्कतें आई थीं। उस समय रामानंद सागर को प्रसारण की अनुमति के लिए दूरदर्शन के कई चक्कर लगाने पड़े। शुरुआत में बने चार एपिसोड को काटकर दो एपिसोड करके प्रसारण शुरू किया गया था। बाद में उनके पति आनंद सागर ने भी रामायण से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर काम किया। उन्होंने कहा कि रामायण पर कई फिल्में और सीरियल बने, लेकिन रामानंद सागर की रामायण की तुलना आज तक किसी से नहीं हो पाई। अयोध्या के विकास की सराहना करते हुए उन्होंने नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज सनातन संस्कृति का व्यापक प्रचार हो रहा है।

## प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर खिलाड़ी सम्मानित

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद की तहसील ठाकुरद्वारा स्थित कंपोजिट विद्यालय प्रतापपुर के बच्चों की ओर से प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शनिवार को स्कूल में सम्मानित किया गया।

कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने पहले जनपद और मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्हें सात स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदक मिले थे। उसके बाद उन्होंने अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें कंपोजिट विद्यालय को प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के शिवम, अंकुर, नैतिक, नितिन, चांदनी, गुंजन, तमन्ना, कशिश सहित 20 बच्चों ने भाग लिया था। सभी बच्चों को आयोजित समारोह में पदक और प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस और संचालन नरेश कुमार चंचल ने किया। इस मौके पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह, वीर सिंह, मोनिका, सोनिया चौहान आदि मौजूद रहे।

## रोहिलखंड विश्वविद्यालय के छात्र ब्लिंकिट पर बेच रहे ऑयस्टर मशरूम

बरेली। महात्मा ज्योतिबथा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के छात्र अब पढ़ाई के साथ–साथ स्वरोजगार की दिशा में भी कदम बढ़ा रहे हैं। पादप विज्ञान विभाग और कृषि विभाग में आयोजित मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण के बाद छात्रों ने ऑयस्टर मशरूम का व्यावसायिक उत्पादन शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि छात्र अपने उत्पाद को स्थानीय बाजार के साथ–साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट पर भी बेच रहे हैं। पादप विज्ञान विभाग के मशरूम विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षक डॉ. विजय कुमार सिंहाल ने शनिवार को बताया कि कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद छात्रों ने एक्सपीरियंशियल लर्निंग ग्रुप बनाकर समूह में मशरूम उत्पादन शुरू किया है। इससे छात्रों में स्वरोजगार की भावना विकसित हो रही है। बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र अभिषेक पटेल ने बताया कि उन्होंने साथियों के साथ मिलकर करीब 3000 रुपये का निवेश कर ऑयस्टर मशरूम उत्पादन शुरू किया था। अब तक वे लगभग 7000 रुपये का मशरूम बेच चुके हैं। वहीं छात्र गौरव गोले, केशव कुमार, मुख्तियार और मोहित ने भी करीब 3500 रुपये निवेश कर उत्पादन किया और अब तक 5000 रुपये का मशरूम जीएफई समाधान एंटरप्राइजेज को बेच चुके हैं। उनका उत्पादन अभी जारी है। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस पहल से छात्रों में स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ रही हैं और भविष्य में विश्वविद्यालय स्वरोजगार उत्पादन केंद्र के रूप में भी पहचान बना सकता है।

## नमो घाट पर होने वाली गंगा आरती देखने को लोगों में बढ़ी रुचि

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नमो घाट पर होने वाली आरती देखने में लोगों की रुचि बढ़ने लगी है। इसके लिए दूरदराज से आने वाले लोग घाट पर आरती के समय तक प्रतीक्षा कर रहे हैं। घाट पर तेज धूप से बचते हुए एक बोर्ड के नीचे बैठे श्रद्धालुओं ने शनिवार को बताया कि वे सभी चंदौली से वाराणसी आए हैं। चंदौली से आते हुए सबसे पहले नमो घाट ही पड़ता है, यहां की गंगा आरती देखने के लिए वे प्रतीक्षा कर रहे हैं। गंगा आरती देखने के बाद अपने घर को लौट जाएंगे। उन्होंने बताया कि वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट पर होने वाली आरती भी उन लोगों ने बहुत पहले देखी है। उन्हें गंगा आरती देखना बेहद पसंद है।

# देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देनः त्रिपाठी

एजेंसी



अयोध्या । महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देन है। शहीदों के सम्मान में हर किसी को सदैव तत्पर रहना चाहिए। नगर निगम अयोध्या सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है। उन्हें गृह एवं जल कर से राहत दिलाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। वह कारगिल बलिदानी जगदंबा प्रसाद पांडेय की याद में बलिदान दिवस पर देवकाली बाईपास चौराहे के नामकरण के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर चौराहे का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नमामि गंगे के जिला अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद के सुपुत्र विजय पांडे 'सूरज' ने किया। इस मौके पर वीर नारी शीला पांडेय, भाजपा नेता गोकरन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी, सुनील शास्त्री, पार्षद राजकरण, पार्षद प्रतिनिधि मंसूर अहमद, पूर्व पार्षद मनोज श्रीवास्तव, सुनीता उपाध्याय, पूर्व प्रधान जगदीश चतुर्वेदी, सुबोध चतुर्वेदी, डॉ. रंजीत सिंह, प्रेमप्रकाश मिश्र, रामसजीवन पांडेय, सुधाकर त्रिपाठी, विजय कुमार सिंह, संत विपिन दास, विवेक श्रीवास्तव, पंकज पाठक, प्रीति पांडेय, ज्योति पांडेय, मनोज तिवारी, अंजनी, शिवम पांडेय, राकेश पांडेय, रिशु, आनंद दुबे, रॉकी द्विवेदी, अनिल द्विवेदी, आशीष पांडेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी, सच्चिदानंद मिश्र, अजय पांडेय, रामसुमेर पांडेय, उदय नारायण दुबे, रत्नेश दुबे, देवीचरण दुबे, राजबहादुर पांडेय, अनिल द्विवेदी, अजय पांडे व डीआर दुबे आदि की उपस्थिति रही। इस मौके पर अमर शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और अमर शहीद की मूर्ति स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया।

# मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का पहला परीक्षा परिणाम जारी

## बीबीए प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी स्थापना के बाद पहली बार आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को वर्ष 2025 की प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम जारी किया, जिससे छात्र-छात्राओं और संबद्ध महाविद्यालयों में उत्साह का माहौल है।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. शोभा गौड़ के मार्गदर्शन में परीक्षा नियंत्रक महेन्द्र कुमार ने बीबीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है जब यहां परीक्षा आयोजित कर उसका परिणाम जारी किया गया है। इस मौके पर कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने खुशी जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का पहला परीक्षा परिणाम घोषित होना अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परीक्षा संचालन में शिक्षकों, परीक्षा नियंत्रक, अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग व कड़ी मेहनत का यह सकारात्मक परिणाम है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन पारदर्शी और समयबद्ध परीक्षा प्रणाली को बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। आगे भी इसी व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को समय पर परिणाम मिल सके और उनके शैक्षणिक भविष्य को मजबूती मिल सके। कुलपति ने परीक्षा कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके समर्पण और परिश्रम की सराहना की। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अन्य पाठ्यक्रमों और विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द ही चरणबद्ध तरीके से घोषित किए जाएंगे।

# विंध्याचल धाम का तेजी से हो रहा कायाकल्प

## विश्व के बड़े धार्मिक स्थलों से भी बेहतर बनाने की तैयारी

एजेंसी

मीरजापुर। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आस्था और विकास को साथ लेकर विंध्याचल धाम का व्यापक विकास किया जा रहा है। आने वाले समय में विंध्याचल धाम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जाएगा, ताकि यह अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रमुख धार्मिक स्थलों की श्रेणी में शामिल हो सके।

शनिवार को अष्टभुजा गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में धार्मिक स्थलों का विकास ल्लविरासत के साथ विकासङ्क और ल्लआस्था के साथ व्यवस्थाङ्क की सोच के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में विंध्याचल धाम में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, पार्क, घाट, कार्यालय और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं वेटिकन सिटी रोम और यरूशलेम जैसे प्रसिद्ध धार्मिक शहरों को देखा है और विश्वास है कि विंध्याचल धाम का विकास इन स्थानों से भी बेहतर स्वरूप में सामने आएगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी, अयोध्या और विंध्याचल जैसे प्रमुख धार्मिक केंद्रों पर कॉरिडोर और आधुनिक सुविधाओं का निर्माण देश में धार्मिक पर्यटन को नई दिशा दे रहा है। विंध्याचल धाम में चल रही परियोजनाओं के पूरा होने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था, स्वच्छता और सुविधाओं का अनुभव मिलेगा।

# गैस की कालाबाजारी अतिरिक्त वसूली बर्दाश्त नहीं, सख्त होगी कार्रवाई : सांसद

एजेंसी




कानपुर । कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी ने शनिवार को कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी या उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूली किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि ऐसी कोई शिकायत सामने आती है तो संबंधित गैस एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने अपने आवास पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में घरेलू गैस की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा आमजन को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) डॉ. राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एलपीजी प्रबंधक हिमांशु कुमार, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सेल्स मैनेजर दीपांकर पारीक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के सहायक प्रोडक्ट एलपीजी बिक्री अधिकारी ललित मोहन भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद रमेश अवस्थी ने बैठक में घरेलू गैस की आपूर्ति व्यवस्था की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कानपुर के किसी भी नागरिक को घरेलू गैस की कमी का सामना नहीं करना चाहिए। गैस एजेंसियों की गतिविधियों पर प्रशासन पैनी नजर रखे और यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो। हर थाना क्षेत्र अंतर्गत गैस एजेंसी पर सब इंस्पेक्टर तैनात हो । बैठक के दौरान अधिकारियों ने सांसद को आश्वस्त किया कि घरेलू गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है और प्रशासन तथा पेट्रोलियम कंपनियों के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कानपुर के प्रत्येक घर तक घरेलू गैस की निर्बाध आपूर्ति बनी रहे।

# आईजी ने किया पुलिस परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने जिले मे पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा केंद्र पर नक ल विहीन पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा ने के उद्देश्य से द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्ट र कालेज,सरजू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉले ज श्री गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज,कस्तूरबा बा लिका इण्टर कालेज का निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं,सुरक्षा व्यव स्था,अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था,प्रश्नपत्र वित रण तथा परीक्षा की समुचित निगरानी का जायजा लिया गया।सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती पाई गई।इस दौरान संबंधित अ धिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह नकलविहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं सुव्यवस्थि त ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# आईजी अमित पाठक ने नगर कोतवाली क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई की है,नगर कोतवाली पुलिस के साथ चलाए गए चेकिं ग अभियान के दौरान 25 वाहनों पर कार्रवाई की गई,जिनमें पांच बुलेट मोटरसाइकिल और चार प हिया वाहन सीज किए गए।इसके अतिरिक्त, पंद्रह अन्य वाहनों का चालान किया गया है।यह अभिया न गोंडा शहर में अचानक चलाया गया।चेकिंग के दौरान, मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर जा रहे पांच बुलेट सवारों को रोका गया और उनकी गाड़ियां त त्काल प्रभाव से सीज कर दी गईं है।इसी तरह, गुरु नानक चौकी के पास बिना अनुमति खड़ी चार अ र्टिगा और स्विफ्ट डिजायर गाड़ियों को भी जब्त किया गया।ये वाहन सवारियां बैठाने के लिए खड़े किए गए थे। अभियान में काली फिल्म लगाकर चल रहे और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पंद्रह वाहन चालकों का भी चालान किया गया।आईजी अमित पाठक ने सभी वाहन चालकों को दोबारा नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।आईजी अमित पाठक यूपीएस आई भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने जा रहे थे, लेकिन उससे पहले उन्होंने शहर में यह चेकिंग अभियान चलाया है।उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।आईजी ने हेलमेट, सीट बेल्ट का उप योग करने और मॉडिफाइड साइलेंसर जैसे अवैध परिवर्तनों से बचने की सलाह दी ताकि यात्रा सुर क्षित हो सके।आईजी अमित पाठक ने बताया कि देवीपाटन मंडल के चारों जिलों में इसी तरह के अ भियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री चौराहा और गुरु नानक चौकी के पास आज की गई कार्र वाई निरंतर जारी रहेगी।यातायात नियमों का उल्लं घन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आपदा प्रबन्धन कार्यालय में स्थापित हुआ इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में पेट्रोलियम पदार्थो यथा-पेट्रोल, डीजल एवं एल.पी.जी. आदि की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने तथा आपूर्ति में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय, बहराइच में इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक संचालित रहेगा। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-230132 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 है। कन्ट्रोल रूम अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा। डीएम त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम के संचालन हेतु 03 शिफ्टों में कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है। प्रथम पाली प्रातः 08:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक विपणन निरीक्षक शिवम पटेल मो.न. 9643257456 व भारत गैस के अनिरूद्ध तिवारी मो.न. 9076959377, द्वितीय पाली में मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक पूर्ति निरीक्षक सै0 एजाज हुसैन मो.न. 6392566376, विपणन निरीक्षक राकेश कुमार मो.न. , 9838849105 तथा विकास गैस सर्विस पयागपुर के रवि कुमार तिवारी मो.न. 9125948326 तथा तृतीय पाली अपरान्ह 04:00 बजे से रात्रि 08:00 तक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार मो.न. 8004178934 एवं वेदान्त इण्डेन गैस के हरिओम मो.न. 8755968798 की ड्यूटी लगायी गयी है। इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों का दायित्व होगा कि एल.पी.जी., डीजल एवं पेट्रोल के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों एवं सूचना को नियत पंजिका में दर्ज करते हुए सम्बन्धित गैस एजेन्सी एवं पेट्रोल पम्प के माध्यम से नियमानुसार/गुणवत्तापूर्ण समाधान करायेंगे। कन्ट्रोल रूम में तैनात किये गये कर्मचारियो द्वारा दर्ज की गयी शिकायतों का निस्तारण 24 घण्टे के भीतर कराये जाने की समीक्षा हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट लालधर सिंह यादव मो.न. 8840885231 तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रवि कुमार सिंह मो.न. 9452180165 को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# गोली कांड में टीचर समेत चार पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । प्रॉपर्टी विवाद को लेकर कल हुई गोलीबारी के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने अध्यापक राम सिंह, उनकी बहन रुचि सिंह और दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।घटना के बीस घंटे बाद तहरीर मिलने पर यह कार्रवाई की गई मुख्य आरोपी राम सिंह को हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।गोली लगने से घा यल सुजीत सिंह का लखनऊ के ट्रामा सेंटर में इ लाज चल रहा है।बताया जा रहा है कि उन्हें दस से अधिक छर्रे लगे थे,जिनमें से कुछ निकाल लिए ग ए हैं जबकि कुछ अभी भी शरीर में हैं।घायल सुजी त सिंह के चचेरे भाई अजीत सिंह ने नगर कोतवा ली में तहरीर दी है।अजीत सिंह के अनुसार,डीएम आवास के सामने स्थित राम सिंह और लक्ष्मण सिं ह के मकान में पोस्ट ऑफिस खुला हुआ है, जहां वह नौकरी करते हैं।अजीत सिंह ने बताया कि क ल देर शाम करीब 6 बजे लक्ष्मण सिंह, उनके भाई राम सिंह और बहन रुचि सिंह के बीच मकान को लेकर विवाद हुआ था।

विवाद के दौरान राम सिंह अपनी बंदूक ले आए और उनके साथ दो अन्य व्य क्ति भी थे जिनके हाथों में हथियार थे।इसी दौरान राम सिंह ने लक्ष्मण सिंह को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और फायरिंग कर दी।अजीत सिंह के मुताबिक,जब उन्होंने गाली देने से मना कि या, तभी राम सिंह ने गोली चलाई।इस गोलीबारी में उनके बड़े पापा के लड़के सुजीत सिंह को गोली लगी।फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए, पुलि स इस पूरे घटना में राम सिंह की बहन रुचि सिंह और दो अज्ञात व्यक्तियों की भूमिका के बारे में भी विस्तार से जांच कर रही है।नगर कोतवाल बिंदेश्व री मणि त्रिपाठी ने बताया कि अजीत सिंह ने दोप हर में आकर के दो बजे के करीब तहरीर दिया है तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।घटना कल शाम साढ़े बजे के करीब हुई थी आरोपी राम सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।राम सिंह उनकी बहन रुचि सिंह और दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## लावारिस शवों का सम्मानजनक अंतिम संस्कार मानवता की सबसे बड़ी सेवा : धनीराम पैंथर

कानपुर। लावारिस शवों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए समाज कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने समाज से इस मुहिम में सहयोग की अपील की। समाज में मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखने के उद्देश्य से समिति लगातार लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर रही है। यह बातें समाज कल्याण सेवा समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहीं।

उन्होंने बताया कि समिति द्वारा वर्षों से यह सेवा कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत अब तक हजारों लावारिस शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। धनीराम पैंथर ने बताया कि 14 मार्च 2026 तक कानपुर नगर और देहात क्षेत्र में समिति की ओर से 16,700 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह कार्य समाज के सहयोग और आशीर्वाद से संभव हो पाया है। यदि इसी प्रकार समाज का सहयोग मिलता रहा तो समिति पूरे प्रदेश में इस मानवीय सेवा को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। इसी क्रम में आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मोतीझील स्थित उपवन में सर्वधर्म प्रार्थना सभा और श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर और पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद सफीक ने कहा कि किसी भी लावारिस शव का अंतिम संस्कार करना केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। समाज के हर वर्ग को ऐसे कार्यों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति का अंतिम संस्कार बिना सम्मान के न रह जाए। वहीं, युग दधीचि अंग देहदान अभियान के संस्थापक मनोज सेंगर ने कहा कि समाज में सेवा और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देहदान और अंगदान जैसे कार्यों के साथ-साथ लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करना भी समाज के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है। पास्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा किया जा रहा यह कार्य मानवता के लिए एक प्रेरणा है और ऐसे प्रयासों से समाज में आपसी भाईचारा और सेवा की भावना मजबूत होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जरूरतमंदों और असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आएं और समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें।

## फ्लाईओवर पर दर्दनाक हादसा: ट्रेलर की टक्कर से मां-बेटी की मौत, बाइक चालक गंभीर

मीरजापुर । लालगंज थाना क्षेत्र के बस्तरा फ्लाईओवर ब्रिज पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चालक और ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रेलर अनियंत्रित होकर फ्लाईओवर के दूसरे हिस्से की ओर झुककर लटक गया, जिससे कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के हरीबल्लवपुर तिवारीपुर निवासी मनोज चौधरी (38) अपनी पत्नी रीता (35) और 12 वर्षीय बेटी सौम्या के साथ बाइक से मध्य प्रदेश जा रहे थे। परिवार वहां परवल की खेती करने के उद्देश्य से जा रहा था। बताया जा रहा है कि मीरजापुर की ओर से मध्य प्रदेश की तरफ जा रहा एक ट्रक ट्रेलर जब लालगंज क्षेत्र के बस्तरा फ्लाईओवर पर पहुंचा, तभी उसने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर बाइक को करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में रीता और उनकी बेटी सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे मनोज चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में ट्रेलर चालक रोहित तिवारी (35) निवासी लटियार हनुमना, जिला मऊगंज (मध्य प्रदेश) भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मंडलीय अस्पताल मीरजापुर रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जिला कार्यावाह के घर पर तोड़फोड़ करने वाला आरोपित गिरफ्तार, गोली से घायल

बिजनौर । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्थित धामपुर में रहने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार और पड़ोसी अमित शर्मा के घर पर विशेष समुदाय ने हमला बोल दिया था। घर में तोड़फोड़ कर जेवर समेत नकदी लूट ले गये थे। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित सुएब को गिरफ्तार कर लिया। वह पुलिस की गोली से घायल है। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय प्रताप पाण्डेय ने देते हुए बताया कि शनिवार तड़के कुछ विशेष समुदाय के लोगों ने जिला कार्यवाह और पड़ोसी अमित शर्मा के घर पर धावा बोल दिया। घर में तोड़फोड़ करते हुए जेवर और नकदी लूट ले गये थे। इस मामले में अमित शर्मा की ओर से तहरीर दी गई। धामपुर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित सुएब को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल के लिए पुलिस अभियुक्त को अभिरक्षा में सीएससी धामपुर ले जा रही थी। इस दौरान उसने सिपाही पंकज चौधरी की सरकारी पिस्टल छीनकर भागने लगा। पीछा कर रही पुलिस टीम ने जब उसे रुकने को कहा तो वह फायरिंग किया। गोली पुलिस वाहन में लगी। जवाबी कार्रवाई पुलिस ने गोली चलाई, जिसमें अभियुक्त के पैर में जा लगी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में सीएससी धामपुर भेजा। उल्लेखनीय है कि शनिवार की तड़के लगभग तीन बजे शुएब ने अमित शर्मा के घर पर तमंचा लेकर हमला कर लूटपाट की थी। जिसमें संघ के जिला कार्यावाह विपिन कुमार के घर पर भी हमले की बात शहर में फैलने के बाद तनावपूर्ण स्थिति बन गई थी इस घटना की जानकारी होने पर हिन्दू वादी संगठन, भाजपा नेता, प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष, भाजपा विधायकों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया था। घटना की गम्भीरता देख पुलिस ने अमित शर्मा की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था।

## क्रिप्टन स्कूल को हराकर चैम्पियन बनीं सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम

मुरादाबाद । नेताजी सुभाषचंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को आयोजित जूनियर बालिका वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ने क्रिप्टन पब्लिक स्कूल को हराकर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया जबकि क्रिप्टन पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा।प्रतियोगिता के पहले मैच में सेंट मीरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आयंस एकेडमी को 25-10 से हराया। वहीं, प्रतियोगिता के दूसरे मैच में सोनकपर स्टेडियम ने मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज को 25-21 से हरा दिया, जबकि तीसरे मैच में धीन निडोज स्कूल ने शांति निकेतन को 25-14 से हराया।

# रेलवे स्टेशन पर मिलने वाला ‘रेल नीर’खुले बजार मे 14 रुपये की बोतल 20 में बेचने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । लगातार बढ़ती गर्मी के कारण रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की मांग तेजी से बढ़ गई है।इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए पूर्व उत्तर रे लवे के लखनऊ डिवीजन के गोंडा मे रेल नीर के थोक कॉन्टैक्टर अपने चहेतो को रेलवे के प्लेटफा र्म पर ट्रेनों में बिकने वाला पानी ओवर ब्रिज के नी चे कुछ दुकानदारों को दिया जा रहा है जो दुकान दार अवैध वेंडरो को रेल नीर पानी ऊंचे दामों में बे च रहे है,ज़ब कि प्लेटफार्म पर व ट्रेनों मे स्टॉलों पर रेल नीर पानी की बोतल निर्धारित कीमत से पर बे चा जाना चाहिए,वही लोगों नेआरोप लगाया है कि रेल नीर के ठेकेदार अधिकतर रेल नीर पानी बाहर ओवर ब्रिज के नीचे कुछ दुकानों पर ऊंचे रेट में ए मआरपी से ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं।गोंडा रेलवे स्टे शन पर एक लीटर ‘रेल नीर’ की बोतल, जिसकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) 14 रुपये निर्धारित है, यात्रियों को बीस रुपये में बेची जाती हुई देखी गई।इससे यात्रियों में नाराजगी देखी गई और कई लोगों ने इसे रेल नीर के ठेकेदार के द्वारा नियमों का खुला उल्लंघन बताया।

रेलवे नियमों के खिलाफ वसूली

रेलवे के नियमों के अनुसार अधिकृत स्टॉलों पर ही रेल नीर कि बिक्री हो सकती है,ऐसा कोई नियम न हीं है कि रेल नीर बाहर दुकानों पर बिक्री की जाय वही रेलवे के प्लेटफार्म के स्टॉल पर किसी भी पै क्ड उत्पाद को उसकी अधिकतम खुदरा कीमत से अधिक पर बेचना सख्त रूप से प्रतिबंधित है। इस के बावजूद कुछ स्टॉल संचालक कथित तौर पर प्रति बोतल करीब 6 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे हैं।

यात्रियों का कहना है कि स्टेशन पर भीड़ और ज ल्दबाजी के कारण कई लोग विवाद करने के बजा य ज्यादा कीमत देकर पानी खरीदने को मजबूर हो जाते हैं।खासकर गर्मी के मौसम में पानी की तत्काल जरूरत होने के कारण लोग अतिरिक्त पैसे देने से बच नहीं पाते।

108 रूपये के बजाय 120 रुपए में मिलता रेल नीर :सूत्र..सूत्रों के अनुसार ‘रेल नीर’ की एक बोतल स्टॉल संचालकों को करीब 9 रुपये में उपलब्ध होनी चा हिए लेकिन रेल नीर के ठेकेदार के द्वारा रेलवे स्टे शन के स्टॉल के बेंडरो को 120 रूपये में रेल नीर बेचा जा रहा है।ऐसे में ओवर ब्रिज के नीचे बिकने वाला रेल नीर एमआरपी से अधिक कीमत पर बि क्री कर कुछ संचालक अतिरिक्त मुनाफा कमा रहे हैं।यही ओवर ब्रिज के नीचे से ही ट्रेन के आने से प हले ही अवैध वेंडरो का रेल नीर और लोकल पानी लेने वालों का जमवाड़ा लगता है।ऐसे मे यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से इस मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है,ताकि भविष्य में ऐ सी घटनाओं को रोका जा सके।लेकिन रेल प्रशा सन के जिम्मेदार अधिकारियों कानों में जू नहीं रेंग है।

## दहशत का पर्याय बनी मादा गुलदार पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की श्वास

बिजनौर । लम्बे समय से मादा गुलदार की दहशत में जी रहे ग्रामीणों ने शनिवार को उस समय राहत महसूस ,की जब मादा गुलदार के पिंजरे में फंसने की सूचना मिली । इससे पूर्व गांव निवासी हितेश्वर के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिलने के बाद मादा गुलदार लगातार आसपास के खेतों में दिखाई दे रही थी। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग की टीम ने निगरानी करते हुए पिंजरा इस क्षेत्र में लगाया था। कुछ ही समय में गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थिति में वन विभाग की रेंज में ले जाया गया है ᅲ जनपद बिजनौर के नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मटौरामान में पिछले कुछ दिनों से मादा गुलदार को देखा जा रहा था। मादा गुलदार की लगातार आहट से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। किसानों ने खेतों में लगभग जाना बंद कर दिया था तथा गांव में शाम होते ही सन्नाटा छा जाता थाᅲ मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को प्रभावित खेत के पास पिंजरा लगाया था। जिसमें बड़ी मादा गुलदार पिंजरे में कैद हो गई ।

## रेडसफायर ने ब्लू ड्रैगन को नौ विकेट से हराया

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद रेलवे स्टेडियम के मैदान पर मिलेनियम ब्लू और रेड सफायर की टीमों के बीच शनिवार को खेले गए फ्रेंडली मुकाबले में रेड सफायर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लू ड्रैगन को नौ विकेट से हरा दिया। रेड सफायर के अमन नवाब को प्लेयर ऑफ द मैच और बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया, जबकि दाऊद को बेस्ट गेंदबाज का खिताब मिला। मैच में ब्लू ड्रैगन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 195 रन बनाए। ब्लू ड्रैगन टीम की ओर से जव्वाद अली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 गेंदों में 78 रन की पारी खेली। अजय कुमार ने 40 गेंदों में 48 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।इसके अलावा वसीम अहमद ने 17 गेंदों में 18 रन और कासिम सैफी ने 12 गेंदों में 13 रन का योगदान दिया। रेड सफायर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद दाऊद ने दो ओवर में 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि अर्सलान रजा ने दो ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 190387 वादों का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**राजस्व के 180004 वादों का हुआ निस्तारण**

**सेटेलमेन्ट की धनराशि रही रू. 17 करोड़ 47 लाख 670**

बहराइच । मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मा. उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 90 हज़ार 387 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार सिंह, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश सुश्री कविता निगम, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट) सुनील प्रसाद, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) अरबिंद कुमार गौतम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश विराट शिरोमणि, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी-प्रथम आनन्द शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद बहराइच के कुल 190387 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 9227 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दीप कान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 64 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 09 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1069 मामले तथा राजस्व के 180004 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटेलमेन्ट की कुल धनराशि रू. 17 करोड़ 47 लाख 670 रही। विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच अरबिन्द कुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्धान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नाराज लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर किया धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील उपशाखा द्वारा शनिवार सुबह 10:30 से कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन जारी है। लेखपाल अपनी लंबित समस्याओं के समाधान और कार्यवृत्त जारी किए जाने की मांग को लेकर तहसील परिसर में एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। संघ के तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह और तहसील मंत्री आकांक्षा राजपूत ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 को लेखपालों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी पीलीभीत को ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद 26 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी के साथ बैठक भी हुई थी। बैठक के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय के भूलेख अनुभाग से 1 जनवरी 2026 को पत्र जारी किया गया, लेकिन आज तक उसका कार्यवृत्त जारी नहीं किया गया। पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार जिला स्तरीय अधिकारियों से मिलकर कार्यवृत्त जारी करने का अनुरोध किया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिलता रहा। करीब पांच माह बीत जाने के बाद भी कार्यवृत्त न मिलने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि किन मांगों का समाधान हुआ और किनका नहीं। लेखपाल संघ का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद नियमित बैठकें नहीं कराई जा रही हैं। इसी के विरोध में लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर धरना शुरू किया है और समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# युवा नेता राहुल पांडे के नेतृत्व में वरुण गांधी का 46वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बड़ी संख्या में गांव के अन्य ग्रामवासी शामिल हुए हैं।

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र निवासी युवा नेता राहुल पांडे के नेतृत्व में वरुण गांधी का 46 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया।आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित ग्राम वासियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं है।युवा नेता राहुल पांडे ने इस अवसर पर कहा कि वरुण गांधी का संघर्ष,स्पष्ट विचार और जनता के प्रति समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है। ईश्वर उन्हें सदैव सफलता और दीर्घायु प्रदान करें। ग्राम पंचायत पिपरिया जयभद्र में साथी युवाओं के द्वारा केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया।वरुण गांधी के जन्मदिन के अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर प्रसाद भारती,शिवम यादव, आशीष पांडे, अरविंद पांडेय, राजेंद्र गिरी, राहुल राठौर, कपिल पांडे,राहुल पांडे,राजू, सानू, बृजेश पांडे,दिनेश गिरी,साहिल पांडे, हरिराम पांडे, राजीव कश्यप, रामकृपाल भारती, दिनेश शर्मा,विनोद शर्मा, सतीश पांडे सहित बड़ी संख्या में गांव के अन्य ग्रामवासी शामिल हुए हैं।

## लेखपालों का कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन

पूरनपुर।कलीनगर तहसील मे तहसील अध्यक्ष विकास कुमार मौर्या तहसील मंत्री गजेन्द्र कुमार की अगुवाई मे लेखपालों ने कार्यवृत्त जारी नहीं हुआ व लेखपालों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 8 अक्टूबर 2025 को जिलाधिकारी पीलीभीत को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया था इसके बाद प्रशासन की पहल पर 26 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक भी आयोजित की गई थी बैठक के बाद जिलाधिकारी कार्यालय के भूलेख अनुभाग से 1 जनवरी 2026 को पत्र तो जारी हुआ, लेकिन उस बैठक का आधिकारिक 'कार्यवृत्त' आज तक जारी नहीं किया गया है लेखपाल संघ का आरोप है कि करीब पांच माह बीत जाने के बावजूद कार्यवृत्त न मिलने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि प्रशासन ने किन मांगों को स्वीकार किया है और किन पर कार्रवाई की जानी है पदाधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कई बार जिला स्तरीय अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर कार्यवृत्त जारी करने का अनुरोध किया, लेकिन हर बार केवल खोखला आश्वासन ही मिला संघ ने यह भी आरोप लगाया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जनपद में लेखपालों के साथ नियमित बैठकें नहीं की जा रही हैं।

# रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में सपा यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रसोई गैस के लगातार बढ़ते दाम, सिलेंडरों की कमी और कालाबाजारी के विरोध में शनिवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने गैस के दाम कम करने और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग उठाई। यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि रसोई गैस के बढ़ते दामों से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर गैस एजेंसियां कृत्रिम कमी पैदा कर सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रही हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि एलपीजी सिलेंडर के बढ़े हुए दामों को तत्काल कम किया जाए। साथ ही गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही कालाबाजारी और अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर पर्याप्त सब्सिडी देने की मांग भी की गई। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाए और बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार ठोस नीति बनाए। इस दौरान पवन यादव, शिव मंगल तिवारी, शनि यादव, ज़रताब रजा खान, कुलदीप वर्मा, सईद अहमद, सुल्तान खान, नूर आलम शानू, सुरेश कुमार, फहीम खान, साकिम अब्बास, मनोज यादव, योगेश यादव, सलमान खान, विनय मिश्रा, महफूज खान, अर्जुन, हरीश, अनिल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फत्तेपुर में भाजपा नेता श्रीकांत मिश्र की पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर के कस्बा राजा फत्तेपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में शनिवार को भाजपा नेता स्व. श्रीकान्त मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत अन्य तमाम सम्भ्रांत नागरिकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत राजापुर के मामूली किसान परिवार में जन्मे भाजपा के नेता स्व.श्रीकान्त मिश्रा ने कम समय मे अच्छी ऊंचाइयों को छुआ ही नही बल्कि प्रदेश तक अपने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया।बताते चलें कि सर्वप्रथम राष्टीय स्वयंसेवक संघ के तहसील कार्यवाह रहे रायबरेली जनपद में भाजपा के दो बार जिला महामंत्री रहे और उनके कुशल कार्यो को देखते हुये पार्टी ने उन्हें तीन बार जिलाध्यक्ष बनाया।इसके बाद संगठन ने उनको अवध क्षेत्र का मंत्री बनाया।भाजपा के दिग्गज नेता रहे श्रीकांत मिश्र का चौदह मार्च 2007 को निधन हो गया तो उसके बाद वर्ष 2007 के विधानसभा चुनाव मे उनके ज्येष्ठ पुत्र धर्मेश कुमार मिश्रा को तिलोई क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित सम्भ्रांत नागरिकों ने कहा कि तिलोई विधानसभा क्षेत्र को आज भी उनकी कमी खल रही है वह गरीबों, पीड़ितों के साथ सदैव खड़े नजर आते थे।शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर राजाफत्तेपुर के प्रांगण में स्थापित श्री मिश्र की प्रतिमा पर ग्राम प्रधानों,क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही उनके परिजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।अपने पिता की पुण्यतिथि पर भाजपा नेता धर्मेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पिता जी के पदचिन्हों पर चलकर गरीबों की सेवा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर मुरारीलाल मिश्र, राकेश मिश्रा,विद्याकान्त मिश्र, सुजीत पाण्डेय, घनश्याम मिश्रा,मदन गोपाल मिश्रा, शिव भूषण शुक्ला, आशीष नंदन त्रिपाठी, अनुज शुक्ला,गुडडू पाठक,अनादि मिश्र, रत्नेश कुमार,अनिल बाजपेयी, विनोद मिश्रा,मुकेश कुमार,, पुष्पेश, विशम्भर दयाल त्रिवेदी, आनंद मिश्रा,रामू माली सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पुराने तालाब का 58 लाख रूपये में जीर्णोद्धार करा नमो सरोवर नाम दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। नगरीय झील तालाब पोखर संरक्षण योजना के तहत नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा वार्ड नरायनपुर के सौरमऊ स्थित पुराने तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे नमो सरोवर के रूप में विकसित किया गया। लगभग 58 लाख रुपये की लागत से बने इस सरोवर का लोकार्पण मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने विधिवत पूजन के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील त्रिपाठी तथा शैलेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। करीब 100ँ100 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित इस सरोवर में तालाब की खुदाई-सफाई, पत्थर की पिचिंग, 300 मीटर इंटरलॉकिंग पाथवे, हाईमास्ट लाइट, बैठने की व्यवस्था और पौधरोपण जैसे कार्य कराए गए हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग पर तालाब का सौन्दर्यीकरण कर इसे पार्क/उपवन के रूप में विकसित किया गया है। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह स्थल प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के पास होने के कारण पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से इस स्थल को स्वच्छ बनाए रखने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा रुद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सभासदों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एसपी ने आधा दर्जन एसआई परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को यूपी एसआई परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके के सकुशल सम्पन्न कराने के उददेश्य से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद में प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने के उददेश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा परीक्षा के प्रथम दिवस शनिवार को परीक्षा केन्द्र रणवीर इण्टर कालेज अमेठी,आरआरपीजी कॉलेज अमेठी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज अमेठी, रणन्जय इण्टर कालेज गौरीगंज व पुलिस कार्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया और द्वितीय पाली परीक्षा में राजकीय बालिका इण्टर कालेज जामो व राजकीय बालिका इण्टर कालेज मुसाफ़िरखाना का निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन तलाशी लेकर एवं एचएचएमडी (हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से स्कैन करने के बाद ही केन्द्र के अंदर प्रवेश देना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों के बाहर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियो को अनावश्यक भीड़ जमा न होने, सड़क के किनारे खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराने एवं यायाताय सुचारु रूप से संचालित कराने हेतु निर्देश दिये गये। इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में निगरानी हेतु तैनात कर्मियों को सतर्क दृष्टि रखते हुये परीक्षा केन्द्रों को बारीकी से निगरानी करते हुये निर्देशित किया गया।

# आईजीआरएस पर खेल! ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लेखपाल-कानूनगो ने बिना पैमाइश लगा दी गलत रिपोर्ट

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र की अन्नपूर्णा नगर ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि शिकायत के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल विपिन यादव और कानूनगो सत्यनारायण यादव ने बिना पैमाइश किए ही मुख्यमंत्री पोर्टल (आईजीआरएस) पर मनमाने ढंग से रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया। मामले के अनुसार एक ग्रामीण द्वारा गाटा संख्या 926 से सटी ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए तहसील प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने राजस्व टीम गठित कर मौके पर पैमाइश कराने का आदेश दिया था। लेकिन आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो द्वारा मौके पर पैमाइश किए बिना ही उसी ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 226, जो राजस्व अभिलेखों में खलिहान के रूप में दर्ज है, उसे दर्शाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड कर दी और मामले का निस्तारण कर दिया। जबकि शिकायत किसी अन्य गाटा संख्या 926 से सटी ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे निर्माण को लेकर की गई थी। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोटी रकम लेकर इस तरह के मामलों को दबा दिया जाता है और शिकायतों को कागजों में ही निपटा दिया जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल निलंबित किया जाए, ताकि ग्राम समाज की जमीनों को अवैध कब्जे से बचाया जा सके।

## परिषदीय विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वर्षिकोत्सव

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कंपोजिट विद्यालय बिलगवा में वर्षिकोत्सव और कक्षा आठ का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाद्यापिका द्वारा सरस्वती पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।बच्चों ने मनोहारी और प्रेरक गीत प्रस्तुत किए वहीं नारी शक्ति का आह्वान करते हुए कक्षा आठ की छात्राओं के द्वारा एक नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गयी, जिसको देखकर उपस्थित जनसमूह भावुक हो गया। गुरु वंदन के साथ लोकगीतों का भी प्रस्तुतिकरण किया गया। मेरा जूता है जापानी और मेड इन इंडिया जैसे गीतों पर डांस करके बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनीता तिवारी ने किया।प्रोग्राम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी बच्चों को प्रधानाध्यापिका के द्वारा आशीष वचन दिये गए और उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद भी दिया।कार्यक्रम में विभा वर्मा,शिप्रा गंगवार, नमिता गंगवार, राजीव कुमार, नगमा रसूल, रेखा अग्रवाल, राजकुमार, आरती, शकुंतला, शशिप्रभा, हिना आदि के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया है।

## बिलसंडा पुलिस ने नहीं दर्ज की चेयरमैन के खिलाफ रिपोर्ट पीड़ित ने एसपी से की शिकायत मचा हड़कंप

**पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पीलीभीत पुलिस लगातार सक्रिय रहती है। पुलिस अधीक्षक द्वारा समय-समय पर थाना प्रभारियो को पीड़ित की हर हाल में रिपोर्ट दर्ज करने के दिशा निर्देश देते रहते हैं। लेकिन जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा प्रभारी पीड़ितों को न्याय दिलाने में सक्षम नजर नहीं दिखाई दे रहे हैं। कस्बा निवासी संतोष वर्मा पुत्र विशन चंद्र वर्मा 7 मार्च को एक शिकायती प्रार्थना पत्र थाने पर दिया था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक थाना प्रभारी ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की है। मजबूर होकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को पत्र भेज कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित ने पत्र में लिखा है। कि कस्बा

बिलसंडा निवासी दिनेश कुमार गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने मोबाइल से फोन कर पीड़ित को गंदी-गंदी गालियां दी और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने मामले की शिकायत तत्काल थाना पुलिस से की थी।लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक थाना प्रभारी ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज नहीं की पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए परिवार और स्वयं को सुरक्षा देने की बात कही है।

## एचपीसीएल उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा मृतक के घर पहुंचे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बदायूं के मूसाझाग थाने के सेजनी स्थित प्लांट मे हुई उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा की हुई हत्या के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आ गया जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्र भी मृतक हर्षित मिश्रा के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी अधिकारियों ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और इस जघन्य घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी पुलिस अधीक्षक ने भी परिजनों को भरोसा दिलाया कि इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया गया है इस दौरान मृतक के परिजन बेहद गमगीन दिखाई दिए परिवार के लोगों को प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जायेगी,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और परिचित मृतक के घर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि एक होनहार अधिकारी का निधन समाज और जिले के लिए क्षति है परिवार को आश्वासन दिया किसी भी प्रकार की सुरक्षा या अन्य प्रशासनिक सहायता की आवश्यकता होगी, तो उसे प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने परिजनों को आश्वस्त किया कि वे बदायूं पुलिस के संपर्क में हैं उन्होंने बताया कि पुलिस की विभिन्न टीमें मामले की जांच कर रही हैं और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने मृतक हर्षित के घर पहुंचकर फ़ेसबुक पर लाइव आकर सरकार पर साधा निशाना

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों का उनके घर पहुंचना जारी है इसी क्रम में बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया इस दौरान अलंकार अग्निहोत्री ने फ़ेसबुक पर लाइव आकर प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं रह गया है दिनदहाड़े एक सरकारी उपक्रम के अधिकारी की हत्या होना बेहद चिंताजनक और सरकार की विफलता को दर्शाता है उन्होंने कहा कि यदि सरकार अपराध पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है तो यह जनता की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे का संकेत है अग्निहोत्री ने कहा कि सीएम ने ब्राह्मण समाज को बहुत परेशान किया है।अब जीतने के लिए ये दंगे भी करवाएंगे पर इनकी सरकार अब नहीं आने वाली लाइव आने के दौरान उन्होंने दर्ज एफआईआर पर सवाल उठाए और कहा कि यह जातिवादी सरकार है और यह सब दोषियों को बचाने की साजिश है सरकार एक जाति के लोगों को बचाने के लिए काम कर रही है जातिवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि एक जाति का मुख्यमंत्री बन चुका है और ब्राह्मण समाज के लोगों को कितना कष्ट दिया गया है खुशी दुबे से लेकर कई लोगों को परेशान किया गया है अलंकार अग्निहोत्री ने फ़ेस बुक लाइव पर तीखी बयानबाजी कर हत्याकांड को एक नया राजनीतिक मोड़ दे दिया है।

## घटिया सामग्री से बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, बैठक कर बनाई रणनीति

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर मकरंदपुर से चंदोईया कॉलोनी तक बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में बेहद हल्की और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी की ओर से बनवाई जा रही है। जब गांव के लोगों ने निर्माण कार्य देखा तो उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदार लोगों से सड़क को मानक के अनुसार बनाने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद भी कोई सुधार नहीं किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क इसी तरह बनाई गई तो कुछ ही समय में खराब हो जाएगी और सरकार के पैसे की बर्बादी होगी। इस मामले को लेकर शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गांव में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सड़क निर्माण में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## संतराम हत्याकांड में बड़ा मोड़, हाईकोर्ट ने भाजपा नेता पर कार्रवाई की रद्द

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुचर्चित संतराम अग्रहरी हत्याकांड में अब बड़ा कानूनी मोड़ सामने आया है। लखनऊ हाईकोर्ट ने मामले में भाजपा नेता अर्जुन पटेल और उनके भाई प्रदीप पटेल के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कुछ कार्रवाई को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 84 के तहत जारी उद्घोषणा को प्रक्रिया का उल्लंघन मानते हुए रद्द कर दिया। साथ ही भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत शुरू की गई कार्रवाई को भी समाप्त कर दिया गया। हालांकि हाईकोर्ट ने निचली अदालत को यह छूट दी है कि वह कानून के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई कर सकती है। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2024 को दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोसैसिंहपुर में संतराम अग्रहरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों पर इनाम भी घोषित किया था और कार्रवाई तेज की थी।

## सम्पादकीय

# सिमटते संसाधनों के बीच अक्षय ऊर्ज़ा

आज का युग तेज़ी से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और विकास की बढ़ती जरूरतों का युग है। इन सबके कारण ऊर्ज़ा की मांग लगातार बढ़ रही है। लेकिन कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे पारंपरिक ऊर्ज़ा संसाधन सीमित हैं और तेजी से समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे समय में अक्षय ऊर्ज़ा भविष्य की ऊर्ज़ा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभर रही है। वर्तमान समय में दुनिया की अधिकांश ऊर्ज़ा जरूरतें जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, तेल और गैस से पूरी होती हैं। ये संसाधन लाखों वर्षों में बनते हैं और एक बार उपयोग हो जाने के बाद जल्दी दोबारा उपलब्ध नहीं होते। इसके अलावा इन ईंधनों के उपयोग से वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। इसलिए ऊर्ज़ा के ऐसे स्रोतों की आवश्यकता महसूस की जा रही है जो स्वच्छ भी हों और लंबे समय तक उपलब्ध भी रहें। अक्षय ऊर्ज़ा ऐसे ऊर्ज़ा स्रोतों को कहा जाता है जो प्रकृति में लगातार उपलब्ध रहते हैं और समाप्त नहीं होते। जैसे सौर ऊर्ज़ा, पवन ऊर्ज़ा, जलविद्युत और बायोमास ऊर्ज़ा। इन स्रोतों का उपयोग करने से पर्यावरण पर कम नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और ऊर्ज़ा उत्पादन भी स्थायी तरीके से किया जा सकता है। भारत भौगोलिक दृष्टि से अक्षय ऊर्ज़ा के लिए अत्यंत उपयुक्त देश है। यहाँ वर्ष भर पर्याप्त धूप मिलती है, जिससे सौर ऊर्ज़ा उत्पादन की बड़ी संभावनाएँ हैं। कई राज्यों में पवन ऊर्ज़ा के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ भी मौजूद हैं। सरकार ने भी अक्षय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं, जैसे राष्ट्रीय सौर मिशन , जिसके माध्यम से सौर ऊर्ज़ा उत्पादन को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। अक्षय ऊर्ज़ा का उपयोग केवल ऊर्ज़ा संकट का समाधान ही नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वच्छ ऊर्ज़ा स्रोतों के उपयोग से प्रदूषण कम होता है और पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके साथ ही अक्षय ऊर्ज़ा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर सकती है, जैसे सौर ऊर्ज़ा संयंत्रों की स्थापना और रखरखाव। हालाँकि अक्षय ऊर्ज़ा के कई लाभ हैं, लेकिन इसके सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं, जैसे प्रारंभिक लागत, तकनीकी ढांचा और ऊर्ज़ा भंडारण की समस्या। लेकिन वैज्ञानिक शोध और नई तकनीकों के विकास के साथ इन चुनौतियों का समाधान धीरे-धीरे संभव हो रहा है। सिमटते प्राकृतिक संसाधनों और बढ़ती ऊर्ज़ा मांग के इस दौर में अक्षय ऊर्ज़ा ही भविष्य की राह दिखाती है। यह न केवल ऊर्ज़ा की स्थायी आपूर्ति सुनिश्चित करती है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा भी करती है। इसलिए आवश्यक है कि सरकार, उद्योग और आम नागरिक मिलकर अक्षय ऊर्ज़ा को अपनाएँ। तभी विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाते हुए एक सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

> कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे पारंपरिक ऊर्ज़ा संसाधन सीमित हैं और तेजी से समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे समय में अक्षय ऊर्ज़ा भविष्य की ऊर्ज़ा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण विकल्प बनकर उभर रही है। वर्तमान समय में दुनिया की अधिकांश ऊर्ज़ा जरूरतें जीवाश्म ईंधन जैसे कोयला, तेल और गैस से पूरी होती हैं।

# नेपाल में वाद का बोझ घटा है, समस्याओं का नहीं

> चुनाव घोषणा होते ही हर बड़े दल में उठापटक हुई और कई टूट-फूट तथा विलय भी देखने में आये। कई दलों ने अपने अराध्य का नाम लेना पाप समझा तो नेपाली कांग्रेस ने नेपाल के जेन जी आंदोलन और मुख्य ताकत बनाकर उभर रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को देखते हुए नया नेता चुना। तब भी पार्टी चारों खाने चित हुई। हर दल नौजवानों को आगे करने का प्रयास जरूर किया लेकिन स्थापित पुराना नेतृत्व नतीजों के पहले मैदान छोड़ने को तैयार न था। न था कहना शायद गलती है इसे नहीं है कहना चाहिए। जिस समानुपातिक प्रणाली से नेपाल संसद का एक बड़ा हिस्सा भरने की विलक्षण व्यवस्था की गई है उसके लिए पार्टियों के नामांकन की सूची चुनाव उम्मीदवार चुनने से पहले बनी। और उसे बनाने के क्रम में ही असली झगड़े हुए और आप पाएंगे कि इतने साफ जनादेश के बावजूद जब इस व्यवस्था वाले सांसद आएंगे तो काफी पिटे पिटाए चेहरे दिखने में आएंगे। नेपाल कांग्रेस की आंतरिक लड़ाई पार्ट दो शुरू होगी और संभव है बुरी तरह पिटकर कम्युनिष्ट पार्टियां भी एकजुट होने की कोशिश करें। लेकिन नेपाल के लोगों ने जितना साफ जनादेश दिया है उसे समझने की जरूरत है और वह पूरी पुरानी राजनीति को लगभग सीधे नकारने जैसा है। कौन-कौन पूर्व प्रधानमंत्री चुनाव में हारा और किसने चुनाव लड़ने की हिम्मत न की यह सूची पर्याप्त बड़ी है। लेकिन इतना कहने में हर्ज नहीं है कि नेपाली मतदाता ने सारे वादों अर्थात विचारधारा का नाम लेकर राजनैतिक नौटंकी करने वालों को ठुकराया है। इसमें कम्युनिष्ट खेमे के की दल तो हैं ही, दक्षिणपंथी और राजा समर्थक दल भी हैं। एक पार्टी तो सीधे राजतन्त्र की वापसी के नाम पर इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में हिस्सा ले रही थी। एक सीधे चीन समर्थक पार्टी थी। ज्यादा दिलचस्प मामला मधेश और पहाड़ या किसी जाति और क्षेत्र का नाम लेकर राजनीति करने वालों की दुर्गति भी रही। खुद बालन शाह के मैथिली बयान या मधेशी होने का सवाल भी उठाया गया लेकिन लगता नहीं कि मतदाता इन बातों से किसी भी तरह प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को दो तिहाई बहुमत का मतलब बहुत बड़ा है और वह नए कानून बनाने से लेकर इस पर्वतीय राष्ट्र की किस्मत बनाने- बिगाड़ने के लिए कोई भी कदम उठा सकती है। पर उसकी अपनी राजनीति भी है और प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेंदु उर्फ बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रबी लामछिने के बीच भी दोस्ती चुनाव के पहले ही हुई है। लामछिने के खिलाफ कई गंभीर आरोप भी हैं।

नेपाल चुनाव और उसके नतीजों की व्याख्या कई तरह से की जा रही है। यह स्वाभाविक है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया के दौरान वहां जो कुछ दिखा उसकी चर्चा कम हुई। चुनाव घोषणा होते ही हर बड़े दल में उठापटक हुई और कई टूट-फूट तथा विलय भी देखने में आये। कई दलों ने अपने अराध्य का नाम लेना पाप समझा तो नेपाली कंाग्रेस ने नेपाल के जेन जी आंदोलन और मुख्य ताकत बनाकर उभर रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को देखते हुए नया नेता चुना। तब भी पार्टी चारों खाने चित्त हुई। हर दल नौजवानों को आगे करने का प्रयास जरूर किया लेकिन स्थापित पुराना नेतृत्व नतीजों के पहले मैदान छोड़ने को तैयार न था। न था कहना शायद गलती है इसे नहीं है कहना चाहिए। जिस समानुपातिक प्रणाली से नेपाल संसद का एक बड़ा हिस्सा भरने की विलक्षण व्यवस्था की गई है उसके लिए पार्टियों के नामांकन की सूची चुनाव उम्मीदवार चुनने से पहले बनी। और उसे बनाने के क्रम में ही असली झगड़े हुए और आप पाएंगे कि इतने साफ जनादेश के बावजूद जब इस व्यवस्था वाले सांसद आएंगे तो काफी पिटे पिटाए चेहरे दिखने में आएंगे। नेपाल कंाग्रेस की आंतरिक लड़ाई पार्ट दो शुरू होगी और संभव है बुरी तरह पिटकर कम्युनिष्ट पार्टियां भी एकजुट होने की कोशिश करें। लेकिन नेपाल के लोगों ने जितना साफ जनादेश दिया है उसे समझने की जरूरत है और वह पूरी पुरानी राजनीति को लगभग सीधे नकारने जैसा है। कौन-कौन पूर्व प्रधानमंत्री चुनाव में हारा और किसने चुनाव लड़ने की हिम्मत न की यह सूची पर्याप्त बड़ी है। लेकिन इतना कहने में हर्ज नहीं है कि नेपाली मतदाता ने सारे वादों अर्थात विचारधारा का नाम लेकर राजनैतिक नौटंकी करने वालों को ठुकराया है। इसमें कम्युनिष्ट खेमे के की दल तो हैं ही, दक्षिणपंथी और राजा समर्थक दल भी हैं। एक पार्टी तो सीधे राजतन्त्र की वापसी के नाम पर इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में हिस्सा ले रही थी। एक सीधे चीन समर्थक पार्टी थी। ज्यादा दिलचस्प मामला मधेश और पहाड़ या किसी जाति और क्षेत्र का नाम लेकर राजनीति करने वालों की दुर्गति भी रही। खुद बालन शाह के मैथिली बयान या मधेशी होने का सवाल भी उठाया गया लेकिन लगता नहीं कि मतदाता इन बातों से किसी भी तरह प्रभावित हुआ। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को दो तिहाई बहुमत का मतलब बहुत बड़ा है और वह नए कानून बनाने से लेकर इस पर्वतीय राष्ट्र की किस्मत बनाने- बिगाड़ने के लिए कोई भी कदम उठा सकती है। पर उसकी अपनी राजनीति भी है और प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेंदु उर्फ बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रबी लामछिने के बीच भी दोस्ती चुनाव के पहले ही हुई है। लामछिने के खिलाफ कई गंभीर आरोप भी हैं। 35 साल के बालेंदु शाह ने अभी तक पर्याप्त समझदारी दिखाई है लेकिन काठमांडू शहर के शासन और नेपाल के शासन में फरक है। उम्मीद करनी चाहिए कि उनका उत्साह और नई ऊर्ज़ा इस जवाबदेही को बहुत बढ़िया ढंग से पूरा करने में मदद देगी। चुनावी वायदों का पिटारा काफी बड़ा यही लेकिन आंख से दिखती मुश्किलों का पहाड़ वास्तविक पहाड़ों से कम ऊंचा नहीं है। बालेंदु शाह के साथ किसी वाद का तमगा नहीं है ना ही उन्होंने इस तरह के श्फार्मूलेश वाले ज्यादा वायदे किए हैं। लेकिन वे विचारधारा से मुक्त होंगे और स्वतंत्र पार्टी का मतलब किसी किस्म की मूल्यगत निष्ठा से स्वतंत्र होना नहीं है। बेरोगजारी, गरीबी, प्राकृतिक संसाधनों का कुप्रबंध या लूट, भारत और चीन जैसे दो बड़े पड़ोसी देशों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ने की चुनौती और लोकतान्त्रिक व्यवस्था में ही दिखी कमजोरियों को दुरुस्त करने का काम इतना बड़ा है कि इन पड़ोसियों से किसी किस्म की होड़ लेने या दांव-पेंच दिखाने की फुरसत नहीं होगी। अभी तक लोकतान्त्रिक व्यवस्था से चुने गए अधिकांश सरकारों ने नेपाल की खास भौगोलिक अवस्थिति का लाभ अपने स्वार्थ साधने में किया। इस बार नेपाली राजनीति के तीन सूरमा, के पी ओली, शेर बहादुर देउबा और प्रचंड एकदम हाशिये पर आ गए हैं-देउबा जी को तो उनकी पार्टी नेपाली कंाग्रेस के नए नेताओं ने ही घर बैठा दिया तो ओली की बुरी तरह पराजय हुई है। प्रचंड जरूर चुनाव जीते हैं लेकिन उनकी पार्टी दूसरे स्थान पर भी नहीं रह पाई। यह जगह गिरते-पड़ते नेपाल कंाग्रेस को ही मिली है। फिर बाबूराम भट्टराई जैसे पूर्व सहयोगी के अलग दल बनाने से भी प्रचंड की पार्टी कमजोर हुई है। संभव है सारी कम्युनिस्ट पार्टियां फिर से एकजुटता का स्वर बुलंद करें लेकिन दुनिया में साम्यवाद की हालत और नेपाल में कम्युनिस्ट नेताओं द्वारा सत्ता संभालने का बुरा अनुभव लोगों को उन पर फिर विश्वास का मौका देगा यह कहना जल्दबाजी होगी। गगन थापा और शेर बहादुर देउबा की लड़ाई से नेपाल कंाग्रेस बंटी पड़ी है लेकिन जब समानुपातिक प्रणाली से सीटें भरने का अवसर आएगा तब देउबा फिर ताकतवर होंगे क्योंकि चुनाव आयोग को नाम भेजने का काम उनके समय ही हुआ है। अब चुनावी धुलाई के बाद जल्दी से राजशाही समर्थक पार्टी या अनेक नामधारी लेकिन अलग-अलग जातीय प्रभाव वाले मधेशी दलों में भी कितना टिक पाएंगे यह देखने की चीज होगी। ऐसे बड़े और साफ जनादेश के बाद बालेंदु शाह के लिए तात्कालिक राजनैतिक चुनौतियां तो कम होंगी लेकिन उनको वापस लौटने में देर नहीं लगती। जिस तरह लोगों ने पुरानी राजनीति को ठुकराया है वैसा ही बदलाव एक अन्य मामले में दिखता है। के पी ओली और उनकी पार्टी की हार उनकी मौकापरस्त राजनीति के साथ नेपाल की राजनीति में चीनी दखल की कूटनीति को नकारना भी है। सौभाग्य से इस बार भारत की तरफ से या किसी भारतीय दल की तरफ से कोई ज्यादा नुकसानदेह बयानबाजी या बकवास नहीं किया गया। बालन शाह का एकाध भारत विरोधी बयान चलाने की कोशिश हुई तो यह तथ्य आने में देर नहीं हुई कि वह किसी और चीजध्गलती की प्रतिक्रिया थी। नए आदमी के लिए राजनयन भी कोरे पन्ने के साथ शुरू हो तो अच्छा रहता है। लेकिन मुख्य मसला देसी ही रहने वाला है क्योंकि नेपाल के पास अपनी समस्याओं की कमी नहीं है और समस्याओं में असली समस्या नेताओं और जिम्मेवार लोगों का भ्रष्टाचार या भाई भतीजावाद की रही है। लोकतंत्र आने के बाद से गिनती के नेताओं का आचरण ही शक-शुबहे से ऊपर रहा है और उनकी चलने नहीं दी गई। इस बार जनता ने ऐसे सारे झमेले किनारे कर के बालेंदु शाह को सत्ता सौंपी है। सितंबर में हुई बगावत अपनी समस्याओं के साथ नेताओं के आचरण के खिलाफ थी, इस बात को शाह से बढ़िया कौन जानता है? **–अरविन्द मोहन**

# लड़ी जा रही है एक बेमतलब की जंग

**विजय विद्रोही**

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प और इसराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को लगा था कि ईरान को 4 दिनों में घुटनों पर ला दिया जाएगा। अयातुल्ला खामेनेई, उनके दामाद, बेटी, नाती, रक्षा मंत्री, सेना के सर्वोच्च कमांडर आदि को मार कर ऐसी संभावनाएं जग भी गई थीं लेकिन अब ट्रम्प खुद कह रहे हैं कि 4 दिन की जगह 4 हफ्ते लग सकते हैं। चार हफ्ते भी कम से कम। उधर ईरान चाहता है कि लड़ाई 4 महीने चले। दुनिया, खासतौर से खाड़ी देशों, यूरोपियन यूनियन और भारत के दिन इसी इंतजार में कट रहे हैं कि अब होगा युद्ध विराम, अब जंग खत्म होगी और बातचीत शुरू होगी। ट्रम्प कह चुके हैं और कह कर मुकर चुके हैं कि ईरान बात करना चाहता है लेकिन अमरीका ने कह दिया है कि बहुत देर कर दी। उधर ईरान ने पहले कहा कि वह अपनी तरफ से बातचीत की पहल नहीं करेगा। उसके बाद कहा कि पहले जंग खत्म हो फिर बात होगी। यानी साफ है कि दोनों देश कोई बीच का रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन नाक की लड़ाई का भी ख्याल रख रहे हैं। जब तक सूरत नजर नहीं आती तब तक कच्चे तेल और गैस के दाम बढ़ते रहेंगे, शेयर बाजार हिचकोले खाता रहेगा, महंगाई बढने की आशंका परेशान करती रहेगी, बहुत से देशों का बजट गड़बड़ाता रहेगा और आथ्र्थक मंदी का साया मंडराता रहेगा। ईरान शायद चाहता भी यही है। लेकिन ट्रम्प क्या चाहते हैं, नेतन्याहू के दिल में क्या है साफ नहीं है। खामेनेई की मौत ने पूरे ईरान को एक कर दिया है। उनकी जगह लेने वाले, उनके बेटे को और भी ज्यादा कट्टर होना ही पड़ेगा। वह बातचीत के लिए तैयार हुआ तो विरोध का सामना करना पड़ेगा। ट्रम्प का कहना कि 4 मकसद थे। एक, ईरान की नेवी का खात्मा करना। दो, ईरान के परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना, तीन, ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी हद तक सीमित करना और चार, सत्ता परिवर्तन करना। जानकारों का कहना है कि सत्ता परिवर्तन को छोड़ कर बाकी में वह काफी हद तक कामयाब हो चुका है। आई.ए.ई.ए. (अंतर्राष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजैंसी) कह ही चुका है कि ईरान परमाणु बम नहीं बना रहा। ईरान साफ कर चुका है कि अयातुल्ला खामेनेई का दिया ऐसे बम नहीं बनाने का फतवा उनकी मौत के बाद भी अमल में रहेगा। ऐसे में ट्रम्प कभी भी ऐलान कर सकते हैं कि ईरान का मिसाइल सिस्टम, नेवी और परमाणु ठिकाने बर्बाद किए जा चुके हैं और विश्व शांति के लिए युद्ध में जाने का उसका मकसद पूरा हो गया है (पूरी दुनिया इस पर राहत की सांस लेगी, शायद ही कोई उनके दावों को चुनौती देगा)। इसराईल चाहता है कि ईरान को कमजोर कर दिया जाए। इतना कमजोर कि खाड़ी देशों में उसकी कोई पूछ नहीं रहे और नेतन्याहू खाड़ी देशों के थानेदार बन जाएं। दोनों देशों की लगातार बमबारी ने पहले से कमजोर ईरान को और ज्यादा कमजोर किया है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। नेतन्याहू अपनी इस जीत के बल पर अक्तूबर के चुनावों में उतर सकते हैं या फिर जल्द चुनाव करवा कर फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रम्प को चूंकि अगला चुनाव लडना नहीं है, लिहाजा वह भी चाहेंगे कि सैनिकों के ताबूतों की संख्या बढने से पहले वह पतली गली पकड़ लें। उधर ईरान 5 तरह की मिसाइलों और सस्ते ड्रोन से अमरीका और इसराईल को हैरान-परेशान किए हुए है। ईरान का सस्ता ड्रोन सिर्फ 20,000 डालर (करीब 17 लाख रुपए) का पड़ता है, जबकि इस ड्रोन को हवा में ही मारने के लिए जो मिसाइल इंटरसैप्टर अमरीका दागता है, उसकी कीमत 4 मिलियन डालर (करीब 8 करोड़ रुपए) बैठती है। अब ईरान के पास तो हजारों की संख्या में ऐसी मिसाइल और ड्रोन हैं, उसके दोस्त हमास के पास 30 से 40 हजार पुरानी मिसाइलें हैं लेकिन अमरीका के पास इंटरसैप्टर का टोटा है। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने खुद स्वीकारा है कि ईरान हर महीने 100 मिसाइल बनाने की क्षमता रखता है, जबकि अमरीका में एक महीने में सिर्फ 6 इंटरसैप्टर बनाने की क्षमता है। ईरान ने पिछले साल जुलाई के 12 दिन के युद्ध से सबक सीखा और पूरे देश में 33 से ज्यादा ठिकानों पर मिसाइल लांचर तैनात कर दिए। इनमें से कुछ तो जमीन के अंदर भी हैं। ईरान इन्हीं के भरोसे 4 महीनों तक लड़ाई जारी रखना चाहता है, ताकि तब तक यूरोपीय देशों, खाड़ी के देशों और भारत जैसे देशों में त्राहि-त्राहि मच जाए और यही देश अमरीका पर सीजफायर के लिए दबाव डालने लगें। अमरीका और इसराईल इसे समझ रहे हैं और ईरान की मिसाइल कमांड पर हमले दर हमले कर रहे हैं। उधर ईरान खाड़ी देशों में स्थापित अमरीकी सैन्य ठिकानों पर लगे राडार नष्ट करने में लगा है जो ईरानी मिसाइल का पता लगाते हैं।

## सेहत मंत्र

# औषधीय गुणों से भरपूर–मेथी

मेथी का सेवन प्रायः हर घर में किया जाता है। इसका प्रयोग सब्जी के रूप, में परांठे व पकौड़े बनाने में किया जाता है। सर्दियों में तो मेथी उपलब्ध होती है पर गर्मियों में भी जब इसका मौसम नहीं होता, तब भी बाजार में यह अपने सूखे रूप में उपलब्ध होती है। मेथी भोजन के स्वाद को तो बढ़ाती ही है पर अपने औषधीय गुणों में भी यह सर्वोपरि है। सांस संबंधी बीमारियों जैसे ब्रोंकाइटिस, इन्फ्लुएंजा, साइनस, सर्दी लगना, जुकाम व खांसी में मेथी फायदेमंद है। ज्वर होने पर भी इसका सेवन फायदेमंद है। जो लोग आयरन का सेवन इस कारण नहीं कर पाते कि उसको पचाना आसान नहीं, वे भी मेथी के सेवन से आयरन जैसे स्रोत को पा सकते हैं क्योंकि मेथी आयरन का प्राकृतिक व आसानी से पचने वाला स्रोत है। यही नहीं, दर्दों में भी मेथी का सेवन लाभ पहुंचाता है। बच्चे के जन्म के उपरांत भी महिला को मेथी के लडडू आदि का सेवन कराया जाता है ताकि उसे पीठ दर्द आदि न हो। मेथी के पत्तों का सेवन कई प्रकार की एलर्जी से भी मुक्ति दिलाता है। सौंदर्य बढ़ाने में भी मेथी अपने गुणों में भरपूर है। डैंड्रफ या रूसी से छुटकारा पाने के लिए मेथी के दानों के पेस्ट का प्रयोग किया जाता है। 2 चम्मच मेथी दाने को थोड़े से पानी में रात भर भिगोएं और सुबह इसका पेस्ट बना लें। इन पेस्ट को खोपड़ी पर लगाएं और आधे घंटे पश्चात सिर धो लें। सप्ताह में 1-2 बार ऐसा करें। कुछ ही समय में रूसी से छुटकारा पा लेंगे। मेथी का पेस्ट चेहरे पर लगाने से मुंहासों व ब्लैकहैड्स से भी छुटकारा मिलता है साथ ही कांप्लेक्शन में भी सुधार आता है। जावा में तो इसका प्रयोग कई सौंदर्य प्रसाधनों व कास्मेटिक्स को बनाने में किया जाता है। मधुमेह में रोगियों को भी मेथी के सेवन में लाभ मिलता है। नवीनतम शोधों के अनुसार प्रतिदिन मेथी के दानों की 25 ग्राम मात्रा मधुमेह नियंत्राण में लाभ देती है पर साथ ही विशेषज्ञों का मानना है कि मेथी के सेवन का यह अर्थ नहीं कि रोगी अपनी डाइट पर नियंत्रण न रखे और केवल मेथी के सेवन से ही वह अपने रोग पर नियंत्रण पा लेगा। मेथी के सेवन से आपको एसिडिटी हो रही है तो मेथी के पत्तों को पानी से अच्छी तरह से साफ करके इसमें थोड़ा सा नमक मिला 15 मिनट रख दें और फिर पानी निचोड़ने के बाद इसे सामान्य तरीके से पकाएं।

## धर्म मंत्र

# सोमवार को शिव जी की पूजा से होता है सर्वोत्म लाभ

कामाख्या मंदिर में हर मनोकामना होती है

असम के गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में भक्त दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। माना जाता है कि भक्त यहां आकर जो भी कामना करते हैं, वह जरूर पूरी होती है। इसलिए कामाख्या मंदिर में जब भी आप दर्शन करने के लिए आएं, तो पूजा के साथ मंत्र जाप भी करना चाहिए। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब भोलेनाथ अपनी पत्नी सती के शव को लेकर ब्रह्मांड में विलाप करते हुए घूम रहे थे। तब श्रीहरि विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े कर दिए थे। जहां-जहां पर मां सती के अंग गिरे, वहां-वहां पर शक्तिपीठों की स्थापना हुई। माना जाता है कि कामाख्या पर्वत पर देवी सती का योनिभाग गिरा था। इसी वजह से मंदिर शक्ति और सृजन का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि कामदेव ने इस मंदिर का निर्माण विश्वकर्मा की मदद से करवाया था। यह मंदिर अभी की तुलना में काफी बड़ा हुआ करता था। कहा जाता है कि इस मंदिर की वास्तुकला इतनी ज्यादा खूबसूरत थी कि इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। कामाख्या मंदिर का इतिहास कई किवदंतियों से मिला-जुला है। ऐसा भी कहा जाता है कि कामाख्या मंदिर का निर्माण आर्यों से पहले हुआ था। फिर जैसे-जैसे शैव अनुयायियों की संख्या बढ़ी, कामाख्या मंदिर का महत्व कम होता गया। इस मंदिर की महत्ता राजा नरका के राज में दोबारा स्थापित हुई। लेकिन 16वीं शताब्दी से पहले

पर्यटन



# राजस्थान के जवाई में देखें तेंदुए और मगरमच्छ, अनुभव होगा अद्भुत

जंगल सफारी करने का एक अलग ही आनंद होता है। अगर आपको भी जंगली जानवर देखने का शौक हैं, लेकिन जब नेशनल पार्क में जाते हैं तो सिर्फ हिरन और बंदर को देखकर आ जाते हैं। हालांकि, शेर, चीता और बाघ न मिले तो मजा नहीं आता है। हर किसी का बजट साउथ अफ्रीका और केन्या जाने का तो होता नहीं। जहां पर मसाई मारा जैसे नेशनल पार्क में जा पाएं और जंगली जानवर देख पाएं। लेकिन आपको ज्यादा दूर जाने की जरुरत नहीं है। आप राजस्थान के जवाई नेशनल पार्क में, जहां पर तेंदुआ, मगरमच्छ जैसे जंगली जीव खुले घूमते दिख जाएंगे और आपको यहां पर सैर करके काफी सुंदर नजारे दिखेंगे। जवाई नेशनल पार्क राजस्थान के पाली जिले में मौजूद है। यह एक तेंदुआ सरंक्षण रिजर्व सेंटर है। इस पार्क में आपको तेंदुआ की काफी आबादी देखने को मिल जाएगी। यहां पर जवाई बांध भी है। बता दें कि, 60 किलोमीटर एरिया में फैले इस नेशनल पार्क में 16 गांव बसे हैं। जहां पर तेंदुआ और ग्रामीण लोग साथ में रहते है। तेंदुआ और दूसरे जंगली जानवरों को देखने आप यहां जरुर जाएं। ट्रिप आपकी रोमांच से भर जाएगी। यहां पर तेंदुआ की अलग-अलग प्रजाति के अलावा जंगली बिल्ली, भेड़िया, सियार और धारीदार लकड़बग्घे भी रहते हैं। आपको 100 से ज्यादा वैराइटी के प्रवासी और लोकल पक्षी भी देखने को मिल जाएंगे। ग्रेनाइट की पहाड़ियों के लिए सुंदर नजारों के बीच वाइल्ड लाइफ का करीब से दीदार होगा। जवाई जाने के लिए बाय रोड भी जा सकते हैं। उदयपुर या जयपुर एयरपोर्ट से यहां प्राइवेट साधन के जरिए जा सकते हैं। नजदीकी एयरपोर्ट उदयपुर है जो करीब 150 किमी दूर है। इसके अलावा, सिर्फ 4 किमी की दूरी पर मोरी बेरा रेलवे स्टेन है। जो जयपुर, दिल्ली, मुंबई से जुड़ा हुआ है। सर्दियों के मौसम में यहां पर जाना अच्छा माना जाता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.76 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण, 34.79 करोड़ रुपये जमा

## विवाद नहीं, समाधान हमारा लक्ष्य हो, टकराव नहीं समन्वय हमारा मार्ग जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी, । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद बाराबंकी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। इस दौरान मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

लोक अदालत को संबोधित करते हुए जिला जज श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि संवाद, संवेदनशीलता और सहमति ही लोक अदालत की आत्मा है। उन्होंने कहा कि ‘विवाद नहीं, समाधान हमारा लक्ष्य हो और टकराव नहीं, समन्वय हमारा मार्ग हो।’ उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय की उस अवधारणा को साकार करती है, जहां न्याय शीघ्र, सुलभ और सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होता है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 1,76,663 मामलों का निस्तारण करते हुए 34,79,40,015 रुपये अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में जमा कराए गए। उन्होंने बताया कि सिविल कोर्ट बाराबंकी के विभिन्न न्यायालयों में 34,670 मामलों का निस्तारण कर 11,84,46,775 रुपये वसूल किए गए। वहीं प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक, राजस्व, बैंक तथा अन्य विभागों से जुड़े 1,41,993 मामलों का निस्तारण करते हुए 22,94,93,239 रुपये की वसूली हुई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय में 143 मामलों का निस्तारण कर 9,06,72,076 रुपये प्रतिकर दिया गया। सभी मजिस्ट्रेट न्यायालयों ने 32,467 मुकदमों का निस्तारण कर 37,30,570 रुपये अर्थदण्ड वसूला। इसमें सीजेएम बाराबंकी श्रीमती सुधा सिंह ने सर्वाधिक 10,619 मामलों का निस्तारण किया। वहीं दीवानी न्यायालयों में 147 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 67 उत्तराधिकार मामलों में 2,39,97,630 रुपये प्रदान किए गए। राजस्व न्यायालयों में 75,206 मामलों का निस्तारण किया गया। बैंकों द्वारा 2,737 एनपीए खातों का निस्तारण करते हुए 19,60,17,662 रुपये की वसूली की गई, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया ने सर्वाधिक 1,144 मामलों का निस्तारण किया।

लोक अदालत के दौरान पारिवारिक न्यायालय द्वारा 48 दंपतियों का आपसी समझौते से पुनर्मिलन कराया गया। उन्हें माला पहनाकर विदा किया गया और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में आए लोगों के लिए हेल्प डेस्क, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पेयजल एवं जलपान की भी व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया सौरभ मौर्य सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, कर्मचारी और पत्रकार उपस्थित रहे।

# पानी टंकी निर्माण, जानलेवा हुई सड़क पर निर्माण सामग्री



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहसंड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की अनदेखी जान जोखिम बनीहै ।

निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली डस्ट और अन्य सामग्री कस्बा टिकैतगंज-बाबागंज मुख्य मार्ग पर ही डाल दी गई है। सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर डस्ट का ढेर लगा होने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे आने-जाने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है, जिस पर दिनभर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही रहती है। सड़क पर इस तरह निर्माण सामग्री डाल देने से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर रात के समय वाहन चालकों को अधिक दिक्कत हो सकती है।

यदि सड़क पर डाली गई निर्माण सामग्री को तुरंत हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया, तो कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

### खेलकूद प्रतियोगिता मेला आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिरौली में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन की मंशा के अनुरूप उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।इसमें छात्र–छात्राओं ने विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। उपस्थित शिक्षकों ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ’ विषय पर नाटिका और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की दौड़ में विपिन और सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की दौड़ में अनिल और महिमा विजेता रहे।प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर कक्षा 5 की छात्रा सुनैना और जूनियर स्तर पर प्रिया गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, राहुल, राहुल गुप्ता, दुर्गेश वर्मा, सुमन सिंह, विजय सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार, सौरभ वर्मा, अनुदेशक कुलदीप सिंह त्यागी और शिक्षामित्र विनोद कुमार उपस्थित रहे।

### डायल 112 की तत्परता से महिला अभ्यर्थी समय पर पहुँची परीक्षा केन्द्र

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप–निरीक्षक भर्ती परीक्षा–2025 में सम्मिलित होने आई एक महिला अभ्यर्थी, जिसका परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा, थाना सतरिख निर्धारित था, गलती से कोतवाली नगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज पहुंच गई। समय कम होने के कारण महिला अभ्यर्थी ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी 6520 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला अभ्यर्थी को समय रहते उसके निर्धारित परीक्षा केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज बरौली जाटा पहुंचा दिया, जिससे वह परीक्षा शुरू होने से पूर्व ही केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकी। महिला अभ्यर्थी ने समय पर सहायता मिलने पर बाराबंकी पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता और सहयोगात्मक कार्यशैली की भूरि–भूरि प्रशंसा की

### बोलेरो की टक्कर बाइक सवार गंभीर

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील चौराहे के पास देर रात सिहाली रोड जा रहे बाइक को तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। पंचायत क्षेत्र के मो0.चक बीबीपुर निवासी सरवनकुमार पुत्र नन्हू राम(29) अपनी बाइक से जा रहे थे। तभी रामनगर की ओर से आई एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दीटक्कर इतनी जोरदार थीकि सरवन सड़क पर गिर पड़े और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो चालक मौके की स्थिति देख फरार हो गया।घटना बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पास के दुकानदार मानस गुप्ता ने तुरंत घायल सरवन को तुरन्त सीएचसी पहुंचाया।

### हत्या आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के बरौलिया गांव में सतीश वर्मा हत्याकांड के नामजद सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। बांस की नर्सरी को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने सतीश वर्मा पर हमला कर दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### फूड प्वाइजनिंग से कई गंभीर, अफरा–तफरी

**फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है, जिससे कई लोग अचानक बीमार पड़ गए। हालत बिगड़ने पर आसपास मौजूद लोगों ने सभी को निजी वाहन से फतेहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही वहां मौजूद डॉक्टर देशराज और स्वास्थ्यकर्मियों ने बिना देर किए मरीजों का उपचार शुरू कर दिया। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने बताया कि सभी मरीज फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए हैं। डॉक्टरों की टीम ने तुरंत आवश्यक दवाएं और उपचार शुरू किया, जिससे मरीजों की हालत में सुधार आने लगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार समय पर इलाज मिलने से स्थिति नियंत्रण में है और मरीजों की लगातार निगरानी की जा रही है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बासी या खराब भोजन का सेवन न करें और खाने–पीने की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

### नदी में युवक का शव बरामद

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सूरतगंज थाना क्षेत्र में भिटौली गांव निवासी एक युवक का शव शुक्रवार को सुमली नदी में उतराता हुआ मिला। रामनगर थाना क्षेत्र के भिटैली गांव निवासी लवकुश (32 वर्ष) पुत्र नटवर गुरुवार शाम करीब चार बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, मगर कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । जिलाधिकारी बाराबंकी श्री शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज तथा राजकीय महिला इंटर कॉलेज सहित अन्य केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

### भागवत कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

रामनगर बाराबंकी। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण रामपुर खरगी सुरवारी निवासी रामकुमार खरे व इंजीनियर आलोक कुमार खरे के निवास पर अयोध्या धाम से पधारे संजय कृष्ण जी महाराज व आचार्य दिलीप मधुर महाराज के द्वारा संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में प्रथम दिवस में श्री बांके बिहारी जन्मोत्सव कथा का भावपूर्ण वर्णन सुनाया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर दिखे। श्री भागवताचार्य ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म किस जगह हुआ कहां हुआ और कहां पले बढे यह सब उन्हीं की लीलाओं की वजह से हुआ उनकी लीलाएं मानव समाज के लिए एक सीख हैं। इस मौके पर राम प्रताप मिश्र सहित तमाम ग्रामीण श्रोता भक्त उपस्थित दिखे।

### थाना समाधान दिवस चार शिकायतें निस्तारित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। कोतवाली बदोसराय में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।समाधान दिवस की अध्यक्षता कोतवाली बदोसराय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने की। प्राप्त शिकायतों में राजस्व और पुलिस से जुड़े मामले शामिल थे। शेष दो शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है।इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी और बृजेश कुमार वर्मा सहित अन्य लेखपालव पुलिस विभाग से उप निरीक्षक हिमांशु पांडे, विश्वनाथ सिंह, अभिषेक तिवारी, रोहित कुमार, प्रहलाद कुमार और अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।

### वार्षिकोत्सव, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला आयोजित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिरौली में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासन की मंशा के अनुरूप उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।इसमें छात्र–छात्राओं ने विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। उपस्थित शिक्षकों ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ’ विषय पर नाटिका और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की दौड़ में विपिन और सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की दौड़ में अनिल और महिमा विजेता रहे।प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर कक्षा 5 की छात्रा सुनैना और जूनियर स्तर पर प्रिया गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, राहुल, राहुल गुप्ता, दुर्गेश वर्मा, सुमन सिंह, विजय सिंह यादव, शैलेंद्र कुमार, सौरभ वर्मा,

# सवारी भरकर थाने के सामने फर्राटा भरती ट्रैक्टर-ट्राली



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना क्षेत्र में लखनऊ महमूदाबाद सड़क पर सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी देखने को मिल रही है। मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली में दर्जनों लोग बैठकर सफर करते नजर आए, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। शनिवार को क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर बड़ी संख्या में लोग बैठे हुए दिखाई दिए। कई लोग ट्रॉली के किनारे लटक कर बैठे थे, जो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। सड़क सुरक्षा नियमों के अनुसार ट्रैक्टर ट्रॉली का उपयोग मुख्य रूप से सामान ढोने के लिए किया जाता है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग इसी में बैठकर यात्रा करते दिखाई देते हैं। तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह यात्रा करना दुर्घटना को दावत देने जैसा है। पुलिस और परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ऐसे वाहन बेखौफ होकर सड़कों पर चल रहे हैं। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो भविष्य में गंभीर हादसे हो सकते हैं। सड़क सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभाग को ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराना चाहिए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न पड़े।

# महिला शिक्षक कार्यकारिणी का विस्तार, अध्यक्ष बनी अर्चना मिश्रा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। प्राथमिक शिक्षक संघ की सिरौलीगौसपुर इकाई की बैठक सुंदर लाल इंटर कॉलेज औरेला में संपन्न हुई।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप तिवारी के नेतृत्व में महिला शिक्षक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अर्चना मिश्रा को अध्यक्ष अपर्णा श्रीवास्तव को ब्लॉक मंत्री तथा नाजली परवीन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नामित किया गया।साथ ही कंचन सिंह ब्रेंज़िल प्रकाश रुबी वर्मा गुंजन वर्मा व संतोष सेनी को उपाध्यक्ष तथा नेहा शुक्ला व सुप्रिया चौधरी को संगठन मंत्री बनाया गया।इसके अतिरिक्त संगठन की ब्लॉक कार्यकारिणी में कई पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

# शिक्षकों की हुँकार, शिक्षक की पाती’ एक सप्ताह का विस्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में जिला पंचायत कार्यालय, बाराबंकी में महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ‘शिक्षक की पाती’ कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अभियान को पूरे प्रदेश में एक सप्ताह और आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेशीय संयोजक अरुणेंद्र वर्मा ''मुन्ना'' ने कहा कि आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट लागू किए जाने से शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। इसी के विरोध में शिक्षक विभिन्न विकासखंडों में टेट मुक्ति मोर्चा के अंतर्गत अभियान चला रहे हैं। कार्यक्रम के तहत शिक्षक माननीय मुख्य न्यायाधीश, माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय नेता प्रतिपक्ष को पत्र भेजकर अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं और टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। बैठक में प्रदेश संयोजक अरुणेंद्र कुमार वर्मा, जनपद संयोजक धर्मेंद्र कुमार वर्मा, अटेवा जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, डॉ राकेश सिंह ,मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी, श्याम किशोर बाजपेई, ओंमकार , ललित, अभिजीत श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। बैठक में शिक्षकों ने एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।





# नमन पुरस्कार समारोह में टी20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

एजेंसी

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है। इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं।




बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा। बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था। पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

# सबालेंका और रयबाकिना में होगा इंडियन वेल्स का खिताबी मुकाबला

एजेंसी

इंडियन वेल्स। दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना से होगा। रयबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रयबाकिना से मिली थी। सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी।





सबालेंका ने कहा, ''मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे। सबालेंका ने शुक्रवार को जीत हासिल करके 2026 में अपना रिकॉर्ड 12-1 कर लिया। उन्होंने लगातार छठी बार किसी डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले उन्हें आखिरी हार पिछले साल अगस्त में सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टरफाइनल में रयबाकिना से ही मिली थी।

# भांबरी और गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

एजेंसी

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5-7, 7-6(7), 5-10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया। लेकिन निर्णायक टाईब्रेकर में रिंडरकनेच और वाचेरोट ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल कर ली। इस मैच में हार के बावजूद इस टूर्नामेंट में 33 वर्षीय भारतीय



खिलाड़ी ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वह पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में अलेक्जेंडर एर्लर और एंड्रिया वावास्सोरि को 6-3, 7-6(7) से हराया था। यह दो साल के बाद पहला अवसर था जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे पहले रोहन बोपन्ना ने 2024 में मियामी ओपन में मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।

# धोनी का आईपीएल में यह अंतिम सत्र हो सकता है: इरफान पठान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभा सकते हैं। इरफान ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है।



उन्होंने कहा, ''आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और कप्तान रितुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली टीम के साथ अभ्यास कर रहा है। पठान ने कहा कि धोनी की भूमिका टीम का मार्गदर्शन करने और अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की हो सकती है। उन्होंने कहा, ''इस सत्र में धोनी सबको एकजुट करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे नहीं पता कि वो कितने मैच खेलेंगे। लेकिन ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिलेगी। पठान ने कहा, ''इससे संजू को फायदा होगा क्योंकि वह भी नेतृत्व समूह का हिस्सा होंगे। रितुराज गायकवाड़ कप्तान हैं। लेकिन इसके लिए दो या तीन खिलाड़ियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। यहीं पर धोनी की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे उम्मीद है कि वह कुछ अंतर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा, ''उनकी फिटनेस, बल्लेबाजी क्रम और क्या वे सभी मैच खेलेंगे, जैसे सवाल अब भी उठते रहेंगे। सीएसके का टीम प्रबंधन चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। वे निश्चित रूप से छठी आईपीएल ट्रॉफी जीतकर उन्हें शानदार विदाई देने की कोशिश करेंगे। धोनी ने आईपीएल में अब तक 278 मैच खेले हैं और 5,439 रन बनाए हैं। पिछले सत्र में उन्हें केवल डेथ ओवरों में ही बल्लेबाजी करते हुए देखा गया था। उन्होंने तब 13 पारियों में 196 रन बनाए थे। सीएसके ने रविंद्र जडेजा को राजस्थान रॉयल्स को देकर उनकी जगह संजू सैमसन को अपनी टीम से जोड़ा था। राजस्थान रॉयल्स की टीम में जोस बटलर भी नहीं हैं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच संजय बांगड़ का मानना है कि दो स्थापित बल्लेबाजों के जाने के बाद राजस्थान के युवा खिलाड़ियों को अब जिम्मेदारी संभालनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस को डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए 350 करोड़ रुपये का अनुबंध मिला

**मुंबई।** उद्यम प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा प्रदाता ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस ने दक्षिण भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए एक ऑपरेटर से करीब 350 करोड़ रुपये का अनुबंध हासिल किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि इस अनुबंध के तहत एक एआई के लिए तैयार और पर्यावरण के अनुकूल डेटा सेंटर बनाया जाएगा। ऑरियनप्रो ने कहा कि इस अनुबंध में डेटा सेंटर का पूरा डिजाइन बनाना, जरूरी तकनीकी काम करना और मशीन, बिजली तथा पाइपलाइन से जुड़े सभी काम पूरे करना शामिल है। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि परियोजना इस महीने शुरू हो चुकी है और अगली छह से सात तिमाहियों में पूरा होने की उम्मीद है। ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष राय ने कहा, ्रडेटा सेंटर की मांग पहले से ही उपलब्ध क्षमता से अधिक है। इसलिए हम इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण और लगातार वृद्धि का अवसर देख रहे हैं।

### एमटीएनएल ने सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड का ब्याज एस्क्रो खाते में जमा नहीं कराया

**नयी दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल इस साल 24 मार्च को देय 'सॉवरेन गारंटी बॉन्ड' पर ब्याज की राशि एस्क्रो खाते में जमा कराने में नाकाम रही है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) की भुगतान व्यवस्था के मुताबिक, दूरसंचार कंपनी को देय तिथि से 10 दिन पहले बैंक ऑफ इंडिया में खोले गए एस्क्रो खाते में ब्याज की राशि जमा करनी होती है। इस मामले में ब्याज भुगतान की देय तिथि 24 मार्च, 2026 है। सार्वजनिक क्षेत्र की एमटीएनएल ने कहा, त्रिपक्षीय समझौते के उपरोक्त प्रावधानों को देखते हुए सूचित किया जाता है कि पर्याप्त धन के अभाव में एमटीएनएल बैंक ऑफ इंडिया के एस्क्रो खाते में जरूरी राशि जमा नहीं कर सकी। एमटीएनएल ने स्पष्ट किया कि उसके द्वारा जारी किए गए सभी बॉन्ड को केंद्र सरकार ने अपनी गारंटी दी हुई है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

**कोलंबो।** श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा, 'लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं। रघु ने कहा, 'स्थिति पूरी तरह से सुखद नहीं है, लेकिन मैं निश्चित रूप से आश्वस्त करता हूं कि आप सभी सुरक्षित हैं। कंपनियां और सरकार अपनी पूरी कोशिश कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एलआईओसी श्रीलंका की प्रगति के लिए ईंधन प्रदान करना जारी रखेगी।

### एआई से चिन्हित स्पैम नंबरों पर शिकायत के बगैर भी कार्रवाई का प्रस्ताव: ट्राई

**नयी दिल्ली।** परेशान करने या धोखाधड़ी करने के इरादे से फोन करने या संदेश भेजने वाली संस्थाओं के फोन कनेक्शन अब काटे जा सकते हैं। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को जारी एक मसौदा प्रस्ताव में यह बात कही। ट्राई ने कहा कि अगर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित स्पैम चेतावनी सेवा किसी नंबर को चिन्हित करती है, तो ग्राहकों की शिकायत के बिना भी उस पर कार्रवाई की जाएगी। दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता (तीसरा संशोधन) विनियम, 2026? के मसौदे में उल्लंघनकर्ता से जुड़े सभी फोन कनेक्शनों को काटने का प्रस्ताव है, भले ही उन सभी का उपयोग स्पैम कॉल या संदेशों के लिए न किया गया हो। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने विभिन्न हितधारकों से मिले सुझावों के आधार पर ये बदलाव प्रस्तावित किए हैं। ट्राई ने कहा कि जिस दूरसंचार परिचालक के नेटवर्क पर संदिग्ध स्पैम कॉल आती है, उसे दो घंटे के भीतर उस कॉलर का विवरण साझा करना होगा। इसके लिए स्पैम मैपिंग के लिए लागू ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग किया जाएगा।

# वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छी, प्रारूप में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए: साइना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है। बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, ''बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा, ''स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं। साइना ने कहा, ''यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा, ''बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामेंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं।

साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे।

# मन्नेपल्ली हारे, स्विस ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

एजेंसी

बासेल। भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग पिछले साल पीठ की समस्या से परेशान रहे थे और वह इस चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी करते हुए स्कोर 11-11 से बराबर कर दिया, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 16-12 की बढ़त बनाई और फिर चार गेम प्वाइंट हासिल किए। मन्नेपल्ली ने तीन गेम प्वाइंट बचाए लेकिन



इंडोनेशिया का खिलाड़ी पहला गेम जीतने में सफल रहा। दूसरे गेम में मन्नेपल्ली ने 6-6 की बराबरी से आगे निकलते हुए पहले 11-7 और फिर 19-13 की बढ़त हासिल कर ली। गिंटिंग ने इसके बाद शानदार वापसी की और लगातार छह अंक हासिल कर 19-19 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और मैच को निर्णायक गेम तक खींच दिया। तीसरे गेम में गिंटिंग ने मन्नेपल्ली को बहुत कम मौके दिए। उन्होंने शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी और मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# आरबीआई ने मनाप्पुरम फाइनेंस पर लगाया 2.70 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मनाप्पुरम फाइनेंस पर 2.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कुछ नियामकीय नियमों का पालन न करने की




कमियों के लिए ये कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि निर्देशों का पालन न करने और उससे जुड़े पत्राचार की जांच के नतीजों के आधार पर कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कंपनी से पूछा गया कि उसने निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया और इस असफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। नोटिस पर कंपनी के जवाब और मौखिक दलीलों पर विचार करने के बाद रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने पाया कि मनाप्पुरम फाइनेंस ने कुछ प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों को पूरा वेरिएबल वेतन बिना किसी देरी के पहले ही दे दिया था। हालांकि आरबीआई ने यह भी कहा कि यह जुर्माना नियामकीय नियमों के पालन में कमियों के आधार पर लगाया गया है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेन-देन या समझौते की वैधता पर कोई फैसला देना नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि मौद्रिक जुर्माना लगाने का मतलब यह नहीं है कि रिजर्व बैंक कंपनी के खिलाफ कोई अन्य कार्रवाई नहीं कर सकता।

# एक महीने में लागू हो सकता है भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता: गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) इस साल मध्य अप्रैल से लागू होने की संभावना है। भारत और ब्रिटेन ने पिछले साल 24 जुलाई को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर ब्रिटिश बाजार में कोई शुल्क नहीं लगेगा, जबकि ब्रिटेन के कुछ उत्पादों जैसे कार और व्हिस्की पर भारत में लागू शुल्क कम कर दिए जाएंगे। इस समझौते को लागू करने से पहले ब्रिटेन की संसद की मंजूरी लेनी जरूरी है। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल ऐसे समझौतों को मंजूरी देता है। ब्रिटिश संसद से मंजूरी मिलने के बाद इसे आपसी सहमति वाली तारीख पर लागू किया जाएगा। गोयल ने कहा कि यह



एफटीए ब्रिटेन की संसद में सबसे तेजी से मंजूरी पाने वाला समझौता होगा। उन्होंने एसोचैम द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सामान्य तौर पर ऐसे समझौते को लागू होने में डेढ़ साल का समय लगता है। लेकिन इस समझौते पर जुलाई 2025 में हस्ताक्षर हुए थे और इसे अगले एक महीने में लागू किया जाएगा।

# सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार ने किसानों से फसल की लागत के साथ ही 50 प्रतिशत और देने का वादा किया था लेकिन इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है और ऐसा लगता है मोदी सरकार वादे को निभाना नहीं चाहती है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा, ''लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया फसल की लागत के साथ 50 फीसदी कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ। सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एएसपी नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला, जिसे बिना किसी तर्क के 'राष्ट्रीय प्राथमिकताओं' के नाम पर सही ठहराया गया। उनका कहना था कि इसके साथ ही एक और गंभीर सवाल है अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में 'गैर-टैरिफ बाधाएँ' घटाने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है। सरकार इस सवाल से भी बच रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार किसानों से किया वादा तो निभाना नहीं चाहती, अपने स्वार्थ के लिए वो भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है। उन्होने कहा कि वह किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज़ उठाते रहेंगे।

# विकसित भारत के निर्माण में छात्रों, युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राधाकृष्णन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वतंत्रता शताब्दी 2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र में बदलने के लिए आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी उन्नति, पर्यावरण स्थिरता और नैतिक नेतृत्व की आवश्यकता होगी और इस विजन को साकार करने में छात्र और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी।

श्री राधाकृष्णन ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के विज़न में देश के युवाओं की भूमिका अहम है। उनका कहना था कि विकसित भारत का विज़न समानता और समावेशी विकास पर आधारित होना चाहिए, जिसमें किसी राज्य तथा समाज के किसी भी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जाएगा।



हिमाचल को देवभूमि और वीरभूमि बताते हुए उपराष्ट्रपति ने राज्य की समृद्ध आतिथ्य सत्कार, जीवंत संस्कृति और चिरस्थायी परंपराओं की भी प्रशंसा की और कहा कि राज्य ने देश की सशस्त्र सेनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत की समृद्ध शैक्षणिक विरासत का जिक्र करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय और तक्षशिला जैसे महान प्राचीन शिक्षा केंद्र अपने शिक्षकों के ज्ञान, विद्वता और निरंतर बौद्धिक विकास के कारण फले-फूले थे। उनका कहना था कि तब इन संस्थानों के गुरु और आचार्य जीवन भर सीखते रहते थे और उन्होंने वाद-विवाद, संवाद और शोध के माध्यम से अपने ज्ञान को निखारा और ऐसा वातावरण बनाया जहां विचारों का विकास हुआ और सभ्यताएं आगे बढ़ीं। उनका कहना था कि इसी भावना को आधुनिक विश्वविद्यालयों तथा संकाय विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए और शिक्षण में नवाचार, अंतःविषयक अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंपराओं से संबंधित विषयों को शामिल कर रहा है, जिससे एक नए दृष्टिकोण के साथ शिक्षा की एक नई संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा कई रचनाओं का डोगरी में अनुवाद करने और हिंदी साहित्य का पंजाबी में अनुवाद करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी चिंतन और भारतीय शोध पद्धतियों पर इसका जोर भारत की बौद्धिक परंपराओं में नए सिरे से विश्वास को दर्शाता है। केंद्र और राज्य सरकारों के उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त अनुसंधान, साझा संकाय विशेषज्ञता, डिजिटल संसाधनों और अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से ऐसी साझेदारियां एक व्यापक शिक्षण समुदाय का निर्माण कर सकती हैं, जिससे छात्रों और विद्वानों दोनों को लाभ होगा और एक विकसित भारत के लिए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में योगदान मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने युवा नवप्रवर्तकों के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। उन्होंने युवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने और विश्वविद्यालय की 'कम्युनिटी लैब' पहल की सराहना की, जिसके जरिये छात्र और संकाय सदस्य आस-पास के समुदायों के साथ जुड़ते हैं, पहुंच को मजबूत करते हैं और छात्रों को ग्रामीण भारत की वास्तविकताओं को समझने में मदद करते हैं।

# आजादी के बाद 60-65 वर्षों में संस्कृति को सबसे अधिक हुआ नुकसान : शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि हजारों वर्षों तक चले विदेशी आक्रमणों और करीब दो सौ वर्ष की अंग्रेजी गुलामी के दौरान जितना नुकसान भारत की संस्कृति और परंपराओं को नहीं हुआ, उससे कहीं अधिक क्षति आजादी के बाद के 60-65 वर्षों में हुई। श्री शेखावत निवार को जोधपुर स्थित जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में आयोजित 'भारत की विश्व विरासतः राजस्थान' प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हालांकि अब देश एक नये सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर में प्रवेश कर रहा है और अदम्य जिजीविषा के बल पर भारत एक बार फिर मजबूती से खड़ा होने के लिए तैयार है। भारत अब अपनी सांस्कृतिक पहचान और विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस दौर में राष्ट्रीय अभिलेखागार और सांस्कृतिक धरोहरों से जुड़े आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। श्री शेखावत ने कहा कि देश के अभिलेखागारों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और अन्य उच्च पदों के बीच हुए सरकारी पत्राचार के साथ-साथ निजी पत्रों के भी करोड़ों पृष्ठ सुरक्षित हैं। इन दस्तावेजों को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर सरकार ने इन दस्तावेजों के संरक्षण के लिए व्यापक डिजिटलीकरण कार्यक्रम शुरू किया है। उनके अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटलीकरण अभियान है, जिसके तहत प्रतिदिन लाखों पृष्ठों को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा रहा है। इससे न केवल सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित हो रही है, बल्कि बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। उन्होंने भारत की प्राचीन पांडुलिपि परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में हजारों वर्षों से विद्वानों ने ताड़पत्र, भोजपत्र, पेड़ों की छाल और रेशमी कपड़ों पर ज्ञान को लिपिबद्ध किया। ये पांडुलिपियां विभिन्न भाषाओं और लिपियों में लिखी गयी हैं और भारत की बौद्धिक विरासत की अनमोल निधि हैं।

उन्होंने कहा कि इस धरोहर को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सरकार ने ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत पांडुलिपियों और दस्तावेजों को कंप्यूटर-रीडेबल बनाया जा रहा है, ताकि भारत का ज्ञान विश्व समुदाय के लिए सुलभ हो सके। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता ली जा रही है, जिसके माध्यम से 22 भारतीय भाषाओं में सामग्री को पढ़ने और अनुवाद करने की सुविधा विकसित की जा रही है। उन्होंने हाल में नयी दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत के लिए गर्व का विषय था। उन्होंने बिना नाम लिए विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग अपने विरोध का प्रदर्शन करने में लगे थे, लेकिन लाखों लोगों ने एआई समिट में पहुंचकर भारत की तकनीकी और सांस्कृतिक क्षमता को देखा। श्री शेखावत ने कहा कि सम्मेलन के दौरान जब विश्व के लगभग 20 राष्ट्राध्यक्षों को इंडिया पवेलियन दिखाया जा रहा था।

# पंजाब को नशा मुक्त करेंगे, धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए लाएंगे विधेयक : शाह

एजेंसी

मोगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा के लिए चुनावी बिगुल फूंकते हुए शनिवार को कहा कि साल 2027 में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर राज्य को दो साल के भीतर नशा मुक्त कर दिया जाएगा।

जिले के गांव किल्ली चाहलां में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि राज्य में बढ़ रहे धर्मपरिवर्तन को रोकने के लिए सरकार के पहले दो महीनों में ही धर्मपरिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आज हम मोगा की पवित्र धरती पर पंजाब में 2027 में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेने आए हैं। मैं यहाँ उपस्थित सभी नेताओं और विशेषकर युवा मित्रों को प्रणाम करता हूँ। आज नानकशाही



कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरुआत है, जिसकी आप सभी को बधाई। उन्होने कहा, ''मैं उन महान गुरुओं को नमन करता हूँ जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया। गुरु तेग बहादुर जी का 350वाँ शहीदी पर्व चल रहा है; उन्होंने मुगलों के आतंक से कश्मीरी पंडितों और धर्म की रक्षा के लिए अपना शीश कटा दिया। अगर वे न होते, तो आज भारत का स्वरूप कुछ और होता। मैं बाबा दीप सिंह जी, शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को भी नमन करता हूँ। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब आज नशे, भ्रष्टाचार, गैंगस्टरवाद और जबरन धर्म परिवर्तन की समस्याओं से जूझ रहा है। वर्तमान सरकार केवल दिल्ली के लिए एक 'एटीएम' बनकर रह गई है और विज्ञापनों पर करोड़ों खर्च कर रही है, जबकि कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। मोदी सरकार ने किसानों के लिए एमएसपी बढ़ाई, बजट बढ़ाया और करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनवाया। उन्होंने कहा '' हम वादा करते हैं कि अगर पंजाब में भाजपा की सरकार बनी, तो हम दो साल में नशा खत्म करेंगे और धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए कड़ा कानून लाएंगे। आइए, पंजाब के सम्मान के लिए कमल खिलाएं।

# पेज एक का शेष

## अभिषेक प्रकाश...

था। उनके द्वारा निकांत जैन पर आरोप भी लगाए गए थे। इसके आधार पर अभिषेक को निलंबित कर दिया गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पिछले फरवरी माह में निकांत जैन के खिलाफ अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े पूरे आपराधिक मामले को रद कर दिया था। इसके बाद से ही माना जा रहा था कि आईएएस अभिषेक प्रकाश के बहाली हो जाएगी।

## पहले दिन 33...

रिजल्ट पैनल प्राइवेट लिमिटेड, यूपी एसआई एक्जाम पेपर एक्जाम लीक, सीबीएसई वाला, यूपीएसआई एक्जाम 2026 एडमिन पंकज सर नाम से ग्रुप व चैनल बनाकर भ्रामक संदेश चलाने वालों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की गई है। एक्स पर @isinghniharika द्वारा भर्ती बोर्ड के एक्स अकाउंट पर प्रतिउत्तर कर 'लखनऊ में चेक कीजिए ठीक से पेपर लीक हो रहा है। बलिया, बनारस सेंटर पर भी पेपर आउट हो रहा है' की गई पोस्ट पर भी एफआईआर दर्ज कराई गई है। यू-ट्यूब चैनल @VIRATVISIONK व्हाट्सएप पर परीक्षा से पहले फर्जी पेपर का वीडियो वायरल करने के मामले में भी उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024, आईटी एक्ट व अन्य धाराओं में मुकदमे पंजीकृत कराए गए हैं। भ्रमित न हो अभ्यर्थीपुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष एसबी शिरडकर का कहना है कि परीक्षा को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जा रही है। अभ्यर्थी ऐसे भ्रामक संदेशों से सावधान रहें व परीक्षा की तैयारी पूर्ण मनोयोग से करें।

## 92 हजार टन एलपीजी...

पास न जायें। सुश्री शर्मा ने कहा कि 29 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी। यह काम राज्य सरकारों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए निरंतर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश भर में एक हजार से अधिक जगहों पर छापे मारे गये हैं और अचानक जांच की गयी है । लगभग 20 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है और कई सारे लोगों को हिरासत में लिया गया है और 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक महीने के लिए वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल की भी अनुमति दी गयी है। जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटे में इनसे संबंधित कोई अवांछित सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि होर्मुल जलडमरू मध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले जो 24 जहाज थे उनमें से दो शिवालिक और नंदा देवी करीब 92700 टन एनपीजी एलपीजी लेकर आ रहे हैं और इनके 16 और 17 मार्च को बुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अभी वहां जो 22 जहाज हैं उनमें से छह में एलपीजी के , एक में एलएजी , चार में कच्चा तेल , एक में रसायनिक उत्पाद, तीन कंटेनरशिप और तीन ड्राई डॉक में हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस संघर्ष की शुरुआत के बाद से, तनाव कम करने और सभी मुद्दों को संवाद के माध्यम से हल करने की अपील करने के अलावा, भारत लगातार इस बात पर भी जोर देता रहा है कि उसकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक वस्तुओं और ऊर्जा की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा ,'' हमने क्षेत्र में नागरिक बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाने से बचने का भी आह्वान किया है। हमारा मानना है कि ये प्राथमिकताएं वैश्विक समुदाय के बड़े हिस्से की भी हैं, क्योंकि इस संघर्ष का प्रभाव दुनिया भर में महसूस किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन ने कहा कि विदेश मंत्रालय पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न हो रही स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। इस पूरे क्षेत्र में भारतीय समुदाय की सुरक्षा, कल्याण और संरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 1,72,000 यात्री इस क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं और भारत के विभिन्न हवाई अड्डों के लिए और अधिक उड़ानों के जुड़ने के साथ हवाई संपर्क धीरे-धीरे बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से उड़ानें संचालित की जा रही हैं। बहरीन, कुवैत और इराक में मौजूद भारतीयों के लिए–जहां से सीधी उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं–हम उन्हें सऊदी अरब के रास्ते भारत आने के लिए वीजा विस्तार और ट्रांजिट वीजा की व्यवस्था में सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## 'निर्मम सरकार...

से ही दिखाई दे रहा है। हर तरफ से यह मांग उठ रही है कि भाजपा सरकार बनाए और राज्य में उस 'जंगल राज' को खत्म करे, जिसे लोग अब बर्दाश्त नहीं करना चाहते। प्रधानमंत्री ने सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि 2011 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद पार्टी ने कई ऐसे लोगों को अपने साथ मिला लिया, जिनका आपराधिक इतिहास था और जो पहले वाम मोर्चा की सरकार में शामिल थे। उन्होंने कहा कि इसका नतीजा यह हुआ कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गयी। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक व्यवस्था में ऐसे तत्वों की मौजूदगी के कारण भ्रष्टाचार, हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। श्री मोदी ने कहा, ''लोगों ने बड़ी उम्मीदों के साथ वाम मोर्चा को सत्ता से बेदखल किया था और तृणमूल कांग्रेस को शासन करने का मौका दिया था, लेकिन उस भरोसे को तोड़ दिया गया।'' उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध की कई घटनाओं में कथित तौर पर सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोग शामिल पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और शासन पूरी तरह से कानून के राज पर आधारित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''बंगाल के लोगों को जल्द ही ज़ुल्म से आज़ादी मिलेगी। जैसे ही भाजपा सरकार बनाएगी, कानून का राज होगा और राजनीतिक दखल खत्म हो जाएगा। जो लोग आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं, उन्हें इसके नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने इस दौरान अवैध घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया और आरोप लगाया कि इसने राज्य के कई ज़िलों की आबादी के स्वरूप को काफी हद तक बदल दिया है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी घुसपैठ से स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। उनके मुताबिक, सत्ताधारी पार्टी चुनावी फ़ायदे के लिए ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देती रहती है। श्री मोदी ने कहा, ये घुसपैठिए तृणमूल कांग्रेस के लिए एक पक्का वोट बैंक बन गए हैं, इसीलिए पार्टी एक पारदर्शी मतदाता सूची बनाने की कोशिशों का विरोध करती है। उन्होंने राज्य सरकार पर केंद्र द्वारा शुरू की गई कई जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में रुकावट डालने का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल के लोगों के विकास को सुनिश्चित करने के बजाय भाजपा को राजनीतिक ज़मीन हासिल करने से रोकने पर ज़्यादा ध्यान दे रही है। बंगाल के लोग तरक्की और सुशासन के हकदार हैं, लेकिन राज्य सरकार बार-बार जन कल्याण के लिए शुरू की गई केंद्र की योजनाओं में रुकावट डालती है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी कि विकास योजनाएं बिना किसी राजनीतिक रुकावट के लोगों तक पहुंचें।

## हताश कांग्रेस ने...

संबोधित करते हुए कहा कंग्रेस विपक्षी एक जिम्मेदार राजनीतिक संगठन की भूमिका निभाने में फिर विफल हुयी है और जनता में भय पैदा करने में लगा है । श्री मोदी ने विधान सभा के आम चुनाव की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे राज्य के दौरे के पहले दिन गुवाहाटी में एक कार्यक्रम में कंग्रेस पर रसोई गैस को लेकर जनता में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया था। प्रधानमंत्री ने सभा से पहले एक कार्यक्रम में 23,550 करोड़ रुपये की विकास और कल्याण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करते हुए कहा कि इस समय दुनिया में चारों तरफ और भारत के अड़ोस-पड़ोस में भयानक युद्ध के हालात हैं। उन्होंने कहा, '' हमारा प्रयास है कि देश के नागरिकों पर युद्ध का कम से कम प्रभाव पड़े। इस समय कंग्रेस से उम्मीद थी कि वो एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभाए, लेकिन कंग्रेस देश हित के इस महत्वपूर्ण काम में भी फिर एक बार फ़ेल हो गई। कंग्रेस पूरी कोशिश कर रही है कि देश में पैनिक क्रिएट (डर उत्पन्न) हो, देश मुश्किल में फंस जाए। और उसके बाद कंग्रेस भर-भर कर मोदी को गाली दे। प्रधानमंत्री ने पहले दिन कोकराझार और गुवाहाटी में दो सभाओं को संबोधित किया था और 24,250 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। कोकराझार की सभा को उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा से संबोधित किया था क्यों की मौसम खराब होने के कारण वह वहां नहीं पहुंच सके थे। प्रधानमंत्री के साथ सिलचर में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल तथा राज्य के कई मंत्री और पार्टी के नेता उपस्थित थे। श्री मोदी ने सभा में कहा कि कंग्रेस को देश और असम की कोई परवाह नहीं है इसलिए उसके लोगों ने अफवाहों , झूठ-प्रपंच , झूठे रील बनाने का उद्योग खोल रखा है, उसी को हथियार बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में जो ताकतें भारत की तेजी से हो रही तरक्की को नहीं पचा पा रहीं हैं, कंग्रेस उनके हाथ की कठपुतली बनती जा रही है। उन्होंने इसे देश का दुर्भाग्य बताते हुए असम के हर नागरिक को, हर नौजवान को कंग्रेस से सावधान रहने को कहा। श्री मोदी ने कहा, आज मैं सिलचर (की इस सभा) से असम को सावधान-सतर्क भी करना चाहता हूं। आपने कंग्रेस को असम से बाहर किया। आज देश का हर राज्य कंग्रेस को सबक सिखा रहा है। कंग्रेस एक के बाद एक चुनाव हार रही है। अब निकट भविष्य में, कंग्रेस खुद के पराजय के इतिहास की सेंचूरी मारने वाला है। हार की हताशा से भरी कंग्रेस ने देश के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने दिल्ली में हाल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर हुए अंतराष्ट्रीय सम्मेलन में युवा कंग्रेस के लोगों के अर्धनग्न प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा , ''दिल्ली में सफलतापूर्वक विश्व की एक नई आशा पैदा करने वाला एआई सम्मेलन हुआ। दुनियाभर के नेता, दुनियाभर की टेक्नॉलॉजी कंपनियां, टेक्नॉलॉजी के बड़े-बड़े लीडर दिल्ली आए थे। कंग्रेस ने एआई सम्मेलन को बदनाम करने के लिए कपड़ा फाड़ प्रदर्शन किया। अब कंग्रेस के पास खुद के कपड़े फाड़ने के सिवा कुछ नहीं बचा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश ने कंग्रेस के इस भौंडे और भद्दे प्रदर्शन की आलोचना की लेकिन कंग्रेस का शाही परिवार इस कंड को भी अपना मेडल बता रहा है, देश को बदनाम करने वालों की वाहवाही कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी कंग्रेस, जो देश की विरोधी हो, वो किसी राज्य का भला नहीं कर सकती, वह असम के युवाओं का कभी भला नहीं सोच सकती। उन्होंने कहा कि कंग्रेस ने असम के युवाओं को सिर्फ हिंसा और आतंकवाद के कुचक्र में ही उलझाए रखा था। असम को फूट डालो और राज करो की नीति की प्रयोगशाला बना दिया था। उन्होंने अपने समय में असम के विकास के लिए की गयी पहलों का जिक्र करते हुए कहा कि आज असम के युवाओं के सामने अवसरों का खुला आसमान है। राज्य सेमीकंडक्टर सेक्टर का अहम हिस्सा बन रहा है और यहां अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी से जुड़ा पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिभाएं तैयार हो रही है। इसी संदर्भ में उन्होंने राज्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे उच्च तकनीकी शिक्षा संस्थानों , मेडिकल कॉलेज, एम्स और कैंसर अस्पतालों के नेटवर्क की स्थापना का भी जिक्र किया। अब ऐसी हर ताकत को मुंहतोड़ जवाब देना है, जो असम को पुराने दौर में धकेलने की कोशिश करती है। उन्होंने कहा कि आज असम शिक्षा और स्वास्थ्य का बहुत बड़ा हब बनकर सामने आ रहा है। उन्होंने इसके लिए हिमंता सरकार को बधाई दी। उन्होंने चाय-बागानों में करीब 200 सालों से सेवा दे रहे मजदूर परिवारों को जमीन का कानूनी अधिकार देने के राज्य के निर्णय को सराहते हुए कहा, ''अनेक पीढ़ियों के संघर्ष को मुख्यमंत्री हिमंता जी नेआज सम्मान दिया है। .. मुझे खुशी है कि जिनको पहले की सरकारों ने अपने हाल पर छोड़ दिया था, उनकी सुध भाजपा सरकार ने ली है। उन्होंने कहा कि भूमि का अधिकार मिलने के बाद लाखों परिवार, केंद्र और राज्य सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं से भी तेज़ी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि असम के विकास में बराक घाटी के किसानों और यहां के चाय-बागानों में काम करने वाले श्रमिकों का असम के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। श्री मोदी ने कल गुवाहाटी से ही पीएम किसान सम्मान निधि की एक किस्त जारी की थी। इस योजना में अकेले असम के किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा मिला है। उन्होंने कहा कि कंग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के समय प्रधानमंत्री असम से चुनकर के गए थे, उसके बावजूद यहां के किसानों को एक फूटी कौड़ी नहीं दी गयी थी। सिलचर को बराक घाटी का प्रवेश द्वार बताते हुए कहा कि यहां इतिहास, भाषा, संस्कृति और उद्यम ने मिलकर अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। यहां बांग्ला बोली जाती है, असमिया की गूँज सुनाई देती है और अन्य जनजातीय परंपराएं भी फुलती-फलती हैं। उन्होंने कहा, ' विविधता को अपनी ताकत बनाकर आप सभी भाईचारे के साथ, सद्भाव के साथ, इस पूरे क्षेत्र का विकास कर रहे हैं। बराक घाटी के इसी महत्व को 21वीं सदी में और अधिक सशक्त करने के लिए मैं आज आपके बीच आया हूं, आपके आशीर्वाद लेने आया हूं।' उन्होंने सभा से ठीक पहले बराक घाटी और पूर्वोत्तर में संपर्क सुविधाओं से जुड़ी, हजारों करोड़ रूपये की परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का उल्लेख करते हुए कहा , ''रोड़ हो, रेल हो, एग्रीकल्चर कॉलेज हो, ऐसे हर प्रोजेक्ट्स से बराक वैली पूर्वोत्तर क्षेत्र का का एक बड़ा लॉजिस्टिक और व्यापार केंद्र बनने जा रहा है।''

## सोनम वांगचुक...

के माध्यम से रचनात्मक चर्चा द्वारा हल किया जाएगा। सरकार ने लद्दाख की सुरक्षा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई है। इससे पहले श्री वांगचुक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ' पर कहलवाया था कि हिरासत में रहने के बाद भी उन्होंने सक्रियता से दूरी नहीं बनाई है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखवाया था कि लद्दाख की सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उनका संघर्ष एकता और ईमानदारी के साथ जारी रहेगा।

## अफवाहों के जरिए...

हो गया। यूपी और देशवासियों को सुरक्षा की गारंटी मिली। सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल में महालोक, उत्तराखंड में केदारपुरी और बद्रीनाथ पुरी में भव्य धाम का निर्माण, यह तब हुआ जब उसके बारे में सोचने वाली सरकारें हैं। सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी। आजादी के बाद कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या उन्हीं लोगों ने दी, जिन्होंने तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा। जब देश में जनचेतना जागरूक हुई तो जिन लोगों ने सनातन व देश के प्रति अन्याय किया था, देशवासियों ने उन्हें अविश्वास का प्रतीक बना दिया और भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया। जनता जिस रूप में देश को लेकर चलना चाहती थी, मोदी जी के नेतृत्व में वैसा ही काम हो रहा है। विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने विश्वास खो दिया है, वे भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जता रहे हैं। कभी लोकसभा स्पीकर तो कभी न्यायपालिका या भारत निर्वाचन आयोग पर अविश्वास जताते हैं। वे जीतते हैं तो उनकी उपलब्धि और हार गए तो संवैधानिक संस्थाओं पर अंगुली उठाते हैं। कड़वा-कड़वा थू और मीठा-मीठा गप नहीं चलेगा। जो लोग सनातन विरोधी आचरण करते हुए भारत को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी। भारत की आन, बान, शान से खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं मिलेगी। सीएम ने कहा कि हमें अपनी कमियों पर भी ध्यान देना चाहिए। दुश्मन हमेशा हमारी कमजोरी देखने की फिराक में रहता है। पाकिस्तान भारत में शरारत के तहत नशे को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। सीएम ने धर्मसभा में आह्वान किया कि युवा पीढ़ी और समाज को जागरूक करें, नशे के खिलाफ अभियान चलाएं, नशा नाश का कारण है, इसलिए नशे के खिलाफ किया गया कार्य देश की सेवा है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहीपुर गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के सहीपुर गांव चौपाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन कर इसे जनता को समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह आरोग्य मंदिर क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यहां निशुल्क डॉक्टर परामर्श, आवश्यक जांच, दवाइयां, टीकाकरण और प्राथमिक उपचार, जैसी सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में शुरू किए गए 371 आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस संकल्प को मजबूत कर रहे हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं हर नागरिक तक सम्मान के साथ और उनके घर के पास पहुंचें। उल्लेखनीय है कि, इस आरोग्य मंदिरों पर मरीजों को मुफ्त डॉक्टर कंसल्टेशन (ओपीडी) और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। केंद्रों पर ही ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी जांच जैसी बुनियादी 14 तरह की जांचें और 79+ प्रकार की आउटसोर्स जांच की व्यवस्था है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), और कैंसर (मुंह, स्तन, गर्भाशय ग्रीवा) की शुरुआती जांच। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल और टीकाकरण सेवाएं। जरूरत पड़ने पर ई-संजीवनी के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए योग कक्षाएं और जीवनशैली परामर्श दिए जाते हैं।

# 90 के दशक से रैलियों का गढ़ रहा है पंजाब का मोगा

- वर्ष 1996 में पहली बार प्रकाश सिंह बादल ने किया था शक्ति प्रदर्शन
- अकाली दल, कांग्रेस व आप को यहीं से मिली थी सत्ता की सीढ़ी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब के जिला मोगा के गांव किल्ली चाहलां में पहली रैली करके पंजाब में चुनावी शंखनाद का ऐलान कर दिया। इस गांव में हालही में आम आदमी पार्टी भी रैली कर चुकी हैं। इस गांव में देश के दिग्गज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी समेत कई नेता चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। अकाली दल को वर्ष 1996 में भाजपा गठबंधन के साथ सत्ता की सीढ़ी इसी गांव से मिली थी। तब से लेकर हर पार्टी चुनाव से एक साल पहले ही यहां रैली करती है। माझा-मालवा और दोआबा के संगम मोगा में जुटने वाली भीड़ से पार्टियां अपनी हार-जीत का अनुमान लगाती हैं। किल्ली चाहलां से चुनावी रैलियों की शुरुआत करने वाले अकाली दल ने अभी तक यहां से किसी रैली का ऐलान नहीं किया है। अकाली दल ने यहां से 1997, 2007 और 2012 के चुनावों में सीएम की कुर्सी पाई। पहली बार भाजपा ने मोगा में अपने स्तर पर रैली का आयोजन किया। इस रैली में उमड़ी भीड़ को देखकर भाजपा नेता भी आश्चर्यचकित नजर आए। मोगा जिले में होने वाली किसी भी पार्टी की रैली सीधे 18 सीटों तक प्रभाव पहुंचाती है। इसमें लुधियाना जिले की 14 और मोगा जिले की 4 सीटें शामिल हैं। साल 1996 में शिरोमणि अकाली दल ने इस गांव से अपनी कट्टर छवि छोड़कर डेमोक्रेटिक रुख का परिचय दिया। इससे 1997 में पार्टी ने 117 में से 75 सीटें जीतीं। इसके बाद 2007 और 2012 के चुनावों में सत्ता बरकरार रखी। कांग्रेस ने 2019 लोकसभा चुनाव के लिए मिशन 13 भी यहीं से शुरू किया था। इसमें भी पार्टी ने पंजाब की 13 में से 8 सीटें जीतकर मोदी की लहर के बावजूद पकड़ दिखाई। 2020 में 3 खेती कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर राहुल गांधी ने मोगा के बधनी कलां से खेती बचाओ यात्रा शुरु की थी। 2022 के चुनावों से पहले अरविंद केजरीवाल ने नवंबर 2021 में मोगा से ही महिलाओं के लिए एक हजार रुपए महीना देने की अपनी तीसरी गारंटी दी थी। इसका असर सीधा महिलाओं पर हुआ। आप ने पंजाब में 117 में 92 सीटें जीत सबको हैरान कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### करण औजला के कॉन्सर्ट को लेकर मामला पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय तक पहुंचा

**मोहाली।** पंजाबी गायक करण औजला के कॉन्सर्ट को लेकर मामला पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तक पहुंच गया है। समाजसेवी पंडित धनेश्वर राव ने इस संबंध में महिला आयोग पंजाब, बाल आयोग पंजाब और मोहाली के उपायुक्त को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर एक सिविल याचिका का हवाला देते हुए मांग की गयी है कि करण औजला अपने कॉन्सर्ट के दौरान मंच पर नशे, गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले या महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक शब्दावली वाले गीत न गायें। शिकायत में चेतावनी दी गयी है कि यदि ऐसे गीत गाये गये तो इस मामले में उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की जाएगी।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे 5000 के ईनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को मोबाइल सर्विलांस की मदद से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 29 जनवरी 2026 को कमल राम निवासी बलियो चिलकहर, उत्तर प्रदेश ने थाना सिडकुल में लिखित तहरीर देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस संबंध में थाना सिडकुल में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने 2 फरवरी 2026 को अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया था। मामले की जांच में आरोपी राहुल पुत्र करण सिंह निवासी नहटोर थाना नहटोर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी हेतमपुर रोशनाबाद थाना सिडकुल, हरिद्वार का नाम प्रकाश में आया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 का इनाम घोषित किया गया था।क्षपुलिस टीम ने मोबाइल सर्विलांस की सहायता से 14 मार्च को आरोपी राहुल को महिंद्रा चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपित का नाम व पता राहुल पुत्र करण सिंह निवासी नहटोर थाना नहटोर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी हेतमपुर रोशनाबाद थाना सिडकुल, जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसका चालान कर दिया है।

### इफको नैनो क्लस्टर विलेज नगला ऐमाद में पशु चिकित्सा शिविर व कृषक गोष्ठी आयोजित

**हरिद्वार।** इफको द्वारा इफको नैनो क्लस्टर विलेज नगला ऐमाद, ब्लॉक नारसन, हरिद्वार में शनिवार को पशु चिकित्सा शिविर एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इफको हरिद्वार के क्षेत्रीय अधिकारी विनोद कुमार जोशी ने कहा कि इफको द्वारा किसानों को पशुपालन से संबंधित जानकारी देने और पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि खेती में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग न करें, क्योंकि दानेदार यूरिया और डीएपी के अधिक उपयोग से मिट्टी की सेहत खराब हो रही है, जिसका प्रभाव मानव और पशु स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। उन्होंने बताया कि इफको द्वारा इसके विकल्प के रूप में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और विभिन्न जैव उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका उपयोग कर किसान अपनी लागत कम करते हुए उत्पादन बढ़ा सकते हैं और मिट्टी की उर्वरता भी बनाए रख सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र धनौरी के प्राध्यापक (सस्य विज्ञान) डॉ. विनोद कुमार ने किसानों को गन्ना फसल की खेती में खेत की तैयारी, उर्वरक प्रबंधन, कीट व रोग नियंत्रण, खरपतवार प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। कृषि विज्ञान केंद्र धनौरी के प्राध्यापक (पशु विज्ञान) नीलकांत सारस्वत ने पशुओं के रख-रखाव, चारा प्रबंधन, प्रमुख रोगों की पहचान और उनके उपचार तथा बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम नगला ऐमाद के गजेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम में गन्ना विभाग से रीना नौलिया, शैलेंद्र सिंह, हिमांशु कुमार (एमडीई, इफको रुड़की), सुधीर कुमार (इफको विलेज कोऑर्डिनेटर) तथा प्रगतिशील किसान ओमवीर सैनी, जसपाल सिंह और कल्याण सिंह सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। इस दौरान इफको की ओर से किसानों को पशुओं से संबंधित दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं।

### अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा ग्रामीणों और पुलिस में नोकझोंक

**हरिद्वार।** बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल हॉस्पिटल में एक मरीज की मौत के बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान तीमारदारों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। हालांकि बाद में पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। जानकारी के अनुसार, कोटा मुरादनगर निवासी 40 वर्षीय लाखन सिंह पुत्र तेल्लूराम शुक्रवार सुबह बहादराबादऽबेगमपुर मार्ग पर एक स्कूल के सामने बाइक से दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। दुर्घटना में उनके सिर पर हल्की चोट आई थी। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए बहादराबाद स्थित जया मैक्सवेल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल में उपचार के दौरान लाखन सिंह की मौत हो गई। शनिवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को मौत की सूचना मिली, बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए और मामले को लेकर हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ देर के लिए पुलिस और तीमारदारों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई, लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया। बहादराबाद थाने के इंस्पेक्टर विजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन सेवाओं का शुभारंभ

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर स्थित बुनियाद केंद्र में शनिवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। समाज कल्याण विभाग के सचिव सह कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष समक्ष के समाज कल्याण विभाग के सभागार से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेवा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सीएससी के जिला समन्वयक (डीसी) नाहिद अख्तर, जिला प्रबंधक तनवीर तथा सीएससी वीएलई अभय शर्मा मौजूद रहे।

# लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देता है फूलदेई : धामी

- मुख्यमंत्री ने सपरिवार बच्चों संग मनाया फूलदेई पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार लोकपर्व फूलदेई का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे बच्चों ने घर की देहरी पर फूल और चावल (अक्षत) अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने ङ्गफूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला- उतुके सईङ्क जैसे पारंपरिक लोकगीत भी गाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखने का संदेश दिया।शासकीय आवास पर देवभूमि की समृद्ध लोकपरंपरा के प्रतीक इस पर्व पर बच्चों का आगमन हुआ। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे बच्चों ने देहरी पर फूल और अक्षत सजाकर जब मधुर स्वर में ङ्गफूलदेई, फूलदेई, छम्मा देई३ङ्क गाया, तो पूरा वातावरण बसंत की खुशबू से सराबोर हो उठा। मुख्यमंत्री ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामना भी की। मुख्यमंत्री ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए और कहा कि फूलदेई पर्व उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन के साथ मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लोकपर्व और लोकसंस्कृति हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहारों को धूमधाम से मनाने से हमारी परंपराएं आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचती हैं और संस्कृति जीवंत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और नई पीढ़ी को इन अमूल्य परंपराओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है।

## स्मार्ट सिटी फंड घोटाला 116.84 करोड़ मामले में विक्रम वाधवा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम में स्मार्ट सिटी फंड से जुड़े करीब 116.84 करोड़ रुपये के घोटाले में आर्थिक अपराध शाखा (ईओब्ल्यू) ने मुख्य आरोपी विक्रम वाधवा को गिरफ्तार कर लिया है। वाधवा की तलाश हरियाणा पुलिस भी कर रही थी, क्योंकि उस पर 590 करोड़ रुपये के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाले में शामिल होने के आरोप भी हैं।

जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस आरोपी की खोज में लगी हुई थी, लेकिन उससे पहले चंडीगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे अपने कब्जे में ले लिया। अब ईओडब्ल्यू की टीम उससे पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान इस घोटाले में शामिल अन्य अधिकारियों और बिचौलियों की भूमिका भी सामने आ सकती है।

# नवादा में एके 47 सहित हथियारों का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नवादा। नवादा में एसटीएफ और पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर हथियारों का जखीरा जब्त किया है। एक 47 समेत कई हथियारों के साथ एक गिरफ्तार हुआ। नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव अधिमान्य शनिवार को बताया कि नवादा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जंगलों में अवैध हथियार छिपाकर रखने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एके 47 राइफल सहित कई हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से एके-47 राइफल, दो .315 बोर राइफल, एके-47 के 21 कारतूस, .315 बोर के 10 कारतूस, दो मैगजीन, तीन एम्युनिशन पाउच और तीन सेट कैमोफ्लाज वर्दी बरामद की है। पुलिस मामले की जांच करते हुए अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि रजौली थाना क्षेत्र के जंगलों में कुछ असामाजिक तत्व हथियार छिपाकर रखते हैं और जंगल में काम करने वाले मजदूरों का खाना छीनकर खा जाते हैं। इस सूचना को वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजौली के नेतृत्व में थानाध्यक्ष और विशेष कार्य बल के सहयोग से एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर हुई छापेमारी : गठित टीम ने ह्यूमन इंटेलिजेंस और सटीक सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए ग्राम डेलवा से आरोपी अजीत कुमार (पिता बलेश्वर यादव) को गिरफ्तार किया. पूछताछ के दौरान अजीत की निशानदेही पर उसके घर से करीब 20 मीटर दूरी पर आम के पेड़ के पास छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए गए।

## अकेले चुनाव लडऩा भाजपा का अपना फैसला : सुखबीर बादल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से पंजाब के मोगा में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किए जाने के बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई है। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल ने इसे भाजपा का निजी फैसला करार दिया है। पंजाब में लंबे समय तक अकाली दल का भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन रहा है। दोनों दल मिलक सरकार भी बना चुके हैं। इस गठबंधन में भाजपा हमेशा छोटी भूमिका में रही है। कृषि कानूनों का विरोध करते हुए अकाली दल ने भारतीय जनता पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया था। पिछला लोकसभा चुनाव भी दोनों दलों ने अलग अलग ही लड़ा था।अमित शाह के पंजाब से रवाना होने के बाद सुखबीर बादल ने पत्रकारों से बातचीत में सुखबीर बादल ने कहा कि यह भाजपा का अपना फैसला है। अकाली दल असूली पार्टी है। अकाली दल के लिए पंजाब तथा पंजाब के लोग पहले हैं। पंजाब की मांगे पहले हैं। अकाली दल पंजाब में राज करने के लिए नहीं आता, बल्कि पंजाब के लोगों के हितों की लड़ाई के लिए आते हैं। इसके उल्ट दिल्ली की राजनीतिक पार्टियां पंजाब के लोगों के हितों की लड़ाई लडऩे की बजाए केवल राज करने के लिए आती हैं।

# मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट जिलाधिकारी और एसएसपी ने किया स्थल निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी गांव में जिला प्रशासन की टीम ने शनिवार को स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, डीडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम समेत जिले के कई वरीय पदाधिकारी काफिले के साथ बैजानी पहुंचे। अधिकारियों ने संभावित कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और वहां की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, मंच तथा अन्य सुविधाओं का बारीकी से सर्वे किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अभी तिथि निर्धारित नहीं हुई है, लेकिन संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन पहले से ही तैयारी में जुट गया है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम जगदीशपुर के बैजानी में आयोजित होता है तो यहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। साथ ही कार्यक्रम को लेकर सभी मजिस्ट्रेट की तैनाती की योजना भी तैयार कर ली गई है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि संभावित कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के हर पहलू का आकलन किया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। डीएम ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री का किसी जिले में आगमन वहां के लिए खुशी और गौरव की बात होती है। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि यदि कार्यक्रम तय होता है तो सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारु और व्यवस्थित रहें।

### नैनीताल पुलिस ने 150 सीसीटीवी की जांच कर किया 13 लाख की चोरी का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**नैनीताल।** जनपद नैनीताल के मुखानी क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर जेवरात और नगदी चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से लगभग 13 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण और नगदी बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी गौड़धड़ा निवासी हेम चंद्र लोहनी ने शिकायत दी थी कि 2 से 5 मार्च के बीच वह अपने गांव गये थे। इस दौरान उनके घर का ताला तोड़कर सोने के जेवर और नकदी चोरी कर ली गई। मामले में मुखानी थाने में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर गठित टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्ध की पहचान की। पुलिस ने 13 मार्च को हल्दीखाल मार्ग पर घेराबंदी कर गौरव कुमार निवासी दमुवादुंगा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से मंगलसूत्र, पौंची, नथ, झुमके सहित अन्य सोने के आभूषण, 2250 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063